
सुप्रभात
रांची, शनिवार
08.03.2025



धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



khabarmantra.net | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 234 | * * नगर संस्करण। पेज : 12

**रोजा का समय**
**सेहरी** (09.03.2025): 04.41 बजे
**इफ्तार** (08.03.2025): 05.56 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

### रांची के बरियातू में हुआ हमला, मेडिका में भर्ती, हालत गंभीर


# कोल ट्रांसपोर्टर बिपिन मिश्रा को अपराधियों ने मारी गोली

■ अपराधी मयंक सिंह ने ली घटना की जिम्मेवारी, दूसरों को भी चेतावनी दी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बरियातू रोड के गर्वमेंट गर्ल्स हाई स्कूल के पास के पास अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार को दिनदहाड़े कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर जानलेवा हमला कर दिया। अपराधियों ने बिपिन मिश्रा पर एक दर्जन से ज्यादा गोली चलायी। इसमें से दो गोली उन्हें लगी, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल कोयला कारोबारी को मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार उनके ड्राइवर को भी गोली लगी है। जवाब में कारोबारी के बॉडीगार्ड ने भी फायरिंग की।

**पहले से घात लगाये थे अपराधी :** गर्वमेंट गर्ल्स हाई स्कूल के पास वाली गली से जैसे ही कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा आगे बढ़े, पहले से घात लगाए अपराधियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना की जिम्मेवारी कुख्यात अपराधी मयंक सिंह ने ली है।



कार के शीशे में गोली से बनी छेद।

### आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

फायरिंग की वारदात के बाद बरियातू पुलिस मामले की जांच में कर रही है। जिस स्थान पर फायरिंग हुई है, वहां कई सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। सभी सीसीटीवी कैमरे पुलिस खंगाल रही है। बरियातू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

### पीएनएम कंपनी के मालिक हैं बिपिन मिश्रा

बिपिन मिश्रा कोयला कारोबार से जुड़े हुए हैं। उनकी कंपनी का नाम पीएनएम है। यह कंपनी कई पावर प्लाटों के लिए कोयला की ट्रांसपोर्टिंग का काम करती है। लेवी और रंगदारी की मांग को लेकर बिपिन मिश्रा को मारने की योजना पहले भी अपराधियों ने कई बार बनायी थी। लेकिन पुलिस की तत्परता के वजह से अपराधी हर बार पकड़े गए थे।

### कोयला कारोबारी पर हमले के साजिशकर्ता की हुई पहचान, खुलासा जल्द होगा : डीजीपी



**रांची।** राजधानी रांची के चान्हो स्थित एक आश्रम में डबल मर्डर की घटना के दो दिन के भीतर रांची में दिनदहाड़े कोयला कारोबारी पर जानलेवा हमले से विधि-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह मामला सदन में भी गूंजा। इस बीच डीजीपी अनुराग गुप्ता ने स्पष्ट कहा कि कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा पर हमला करने वाले की पहचान हो गयी है। जल्द ही इस मामले का खुलासा कर दिया जायेगा। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि इंटरनेशनल नंबर से मैसेज आया था। उस नंबर को ट्रेस किया जा रहा है।

## पूर्व विधायक सीता सोरेन पर पीए ने तानी पिस्टल, सुरक्षा गार्ड ने दबोचा, गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** दिशोम गुरू शिबू सोरेन की बहू और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन पर धनबाद में जान लेवा हमले का प्रयास हुआ। उनके पीए देवाशीष मनोरंजन घोष ने ही उनपर पिस्टल तान दी। गनीमत रही कि सुरक्षा गार्ड ने तुरंत उसे दबोच लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। बता दें कि सीता सोरेन कतरास में एक शादी समारोह में आयीं थीं, इसके बाद वे धनबाद के सोनोटेल होटल में विश्राम के लिए गयीं थी और यहीं उन पर हमले का प्रयास हुआ। सरायढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी ने कहा कि पूर्व विधायक सीता सोरेन की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। होटल के कमरे से दो पिस्टल बरामद किए गए हैं। देवाशीष घोष को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया।

डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम ने बताया कि पूर्व में चुनाव फंडिंग को लेकर नोक झोंक चल रही थी। देवाशीष का कहना था कि सीता सोरेन उन्हें चुनावी हार का जिम्मेदार ठहराकर लगातार डांटती थीं, जिससे परेशान होकर उसने पिस्टल मंगायी और हमले की कोशिश की।

### बाबूलाल को विपक्ष के नेता की मिली मान्यता



**रांची।** स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने शुक्रवार को भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी को विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता प्रदान की। उल्लेखनीय है कि पिछली बार झामुमो गठबंधन सरकार के दौरान बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं मिल पाया था। इस बार धनवार से विधायक बाबूलाल मरांडी को गुरुवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता चुना गया। पार्टी ने स्पीकर को इस संबंध में एक पत्र से सूचित किया।

## चार्जशीटेड भ्रष्ट लोक सेवकों के खिलाफ कोर्ट ने लिया संज्ञान

जेपीएससी-2 नियुक्ति घोटाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


**रांची।** जेपीएससी-2 सिविल सेवा नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड 60 भ्रष्ट लोक सेवकों की मुश्किलें बढ़ गयीं हैं। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने दाखिल चार्जशीट पर शुक्रवार को संज्ञान लिया। संज्ञान लेने के बाद अदालत ने आरोपियों के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी किया है। इसके लिए अदालत ने 15 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। सीबीआई ने 12 साल के बाद जांच पूरी कर अक्तूबर में जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद समेत 60 भ्रष्ट लोक सेवकों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें 28 अफसरों का नाम शामिल हैं। अदालत ने जिन लोगों पर संज्ञान लिया है उसमें ऐसे नाम भी हैं जो वर्तमान में प्रोन्नति पाकर डीएससी से एसपी बन कर जिला संभाल रहे हैं। सीबीआई ने 7 जुलाई 2012 को जेपीएससी-2 नियुक्ति घोटाले को लेकर प्राथमिकी दर्ज की थी। यह जांच हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने की है। (शेष पेज 11 पर)

### सदन में सीएम ने कहा- हम जो कहते हैं, वो कर के दिखाते हैं...

# मंईयां सम्मान योजना की राशि आज से भेजी जायेगी

■ मुख्यमंत्री ने कहा- सड़क पर हड़िया-दारू बेचना आदिवासी संस्कृति का प्रतीक नहीं, इसे रोकने के लिए उठायेंगे कदम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घोषणा की है कि मंईयां सम्मान योजना का पैसा महिला दिवस, होली और रमजान से पहले आ लाभुकों के खाते में भेजा जायेगा। यह पैसा तीन महीने से रूका हुआ था। इसकी वजह से सरकार पर काफी दबाव था। विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष के विधायक भी इस पर सवाल उठा रहे थे। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में विधायक मंगल कालिंदी के सवाल के जवाब में यह आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि हम जो कहते हैं, वह करते हैं। इधर, सदन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सड़क पर हड़िया-दारू बेचना आदिवासी संस्कृति का प्रतीक नहीं है। वे सदन में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के सवाल का जवाब दे रहे थे। बाबूलाल ने कहा कि आदिवासी समुदाय के लोग देवी देवताओं को हड़िया दारू चढ़ाते हैं, हड़िया दारू सड़क के किनारे बिकता है। इस पर अंकुश लगाया जाना चाहिये। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पर अंकुश लगाने के लिये फूलो-झानो योजना लाई गई। इस पर आगे ठोस कदम उठाये जायेंगे। इस पर मिलजुल कर काम करना होगा। इसे खत्म करने का प्रयास करेंगे।

## न्यूज डायरी

### महिलाओं के लिए पर्यटन स्थलों पर निःशुल्क प्रवेश

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड पर्यटन विभाग ने राज्य की महिलाओं के सम्मान में एक विशेष पहल की है। इसके तहत इस वर्ष, 8 मार्च को राज्य के सभी पर्यटन स्थलों, पार्कों, झरनों और पतरातू लेक पार्क में महिलाओं के लिए प्रवेश पूरी तरह से नि:शुल्क रहेगा। सीएम हेमन्त सोरेन और पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार के विजन पर पर्यटन विभाग ने यह पहल की है।

### चार महिला और सात पुरूष नक्सलियों ने किया सरेंडर

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में नक्सलियों का आत्मसमर्पण जारी है। नारायणपुर और उत्तर बस्तर के कुल 11 सक्रिय माओवादियों ने शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में 4 पुरुष और 7 महिलाएं हैं। इन सभी पर कुल 40 लाख रुपए का इनाम घोषित था। एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि समग्र विकास कार्यों, पुलिस और सुरक्षाबलों की कार्रवाई और सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर इन माओवादियों ने हथियार छोड़ने का निर्णय लिया।

## 10वीं पुण्य स्मृति



## स्व. कृष्णा यादव

न जायते म्रियते वा कदाचिन्नायं भूत्वा भाविता वा न भूयः।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणोन हन्यते हन्यमाने शरीरे।।

ईश्वर से प्रार्थना है कि आपके आदर्शों व सद्विचारों
की लौ हमारे जीवनपथ को निरंतर आलोकित करती रहे।
आप जैसे अलौकिक ज्योर्तिपुंज को हम सबका
अश्रुपूरित शत - शत नमन।

श्रद्धानवत्

उर्मिला देवीजी(पत्नी), विक्की यादव(प्रथम सुपुत्र), प्रिती यादव(बहू)
राहुल यादव (द्वितीय सुपुत्र),**जॉली यादव**(बहू)रोहित यादव (तृतीय सुपुत्र)**श्वेता यादव**(बहू)
अभिमन्यू सिंह(दामाद), रूबी सिंह (प्रथम सुपुत्री), लवली कुमारी(द्वितीय सुपुत्री)
**रुद्रिक यादव,अदविक यादव, कैरव यादव**(पोता),अनुष्का सिंह , पिहू सिंह(नतनी)
एवं समस्त यादव परिवार

मेसर्स :
कृष्णा एण्ड ग्रुप (प्रा.) लिमिटेड, रातु रोड, राँची

Development Commissioner (Handicrafts)
CCDS

## जोहार झारखंड

हस्तशिल्प सेवा केन्द्र, राँची एवं छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेन्ट सासाईटी
की प्रस्तुति

# गांधी शिल्प बाजार- 2025

## प्रदर्शनी-सह-बिक्री

मेला दिनांकः 01 मार्च से 10 मार्च 2025 तक
संपूर्ण भारतवर्ष के हस्तशिल्प का अनोखा महाकुंभ







स्थान : पुराना विधान सभा मैदान, सेक्टर-2, H.E.C. एरिया

प्रायोजक :
विकास आयुक्त (हस्तशिल्प)
वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली

आयोजक :
छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाईटी
हवाई नगर, राँची, झारखंड

Ad. Profile 2025

## भाजपा सांसदों ने मनाया जन औषधि दिवस

# मार्च 2027 तक देश भर में 25000 औषधि केंद्र हो जायेंगे : आदित्य साहू

## मोदी सरकार सस्ती स्वास्थ्य सेवा के लिए समर्पित : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के निर्देश पर शुक्रवार को भाजपा के सांसद गण ने जन औषधि केंद्रों का अवलोकन किया। लाभुकों से बात की और सस्ती दवाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी प्राप्त की। सांसद दीपक प्रकाश ने बताया कि मोदी सरकार जनता को सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिये संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जनता को जन औषधि केंद्र पर सस्ती दवायें उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री जी ने 7 मार्च को जन औषधि दिवस घोषित किया है। उन्होंने कहा कि देश भर 1 से 7 मार्च तक जन औषधि के प्रति जनता को जागरूक करने की दृष्टि से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसमें सांसद, विधायकगण, जन प्रतिनिधियों के द्वारा जन औषधि केंद्रों पर जाकर जनता को जागरूक करना एवं विस्तृत जानकारी देने का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्रों पर 2047 जेनरिक और 300 सर्जिकल उत्पाद ब्रांडेड कंपनियों की दवाओं की तुलना में 70 से 80 प्रतिशत सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं।



इधर, रिम्स परिसर स्थित जन औषधि केंद्र का अवलोकन करते हुये सांसद आदित्य साहू ने कहा कि देश भर में लगातार जन औषधि केंद्रों से दवा खरीदने के प्रति जनता जागरूक हो रही है। उन्होंने कहा कि यहां शुगर, बीपी, हृदय रोग, किडनी आदि की दवा सस्ते दामों में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि देश भर में प्रतिवर्ष जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ रही है। फरवरी 2025 तक देश भर में 15 हजार जन औषधि केंद्र खुले हैं। इसकी संख्या मार्च 2027 तक 25000 हो जायेगी। उन्होंने कहा कि जन औषधि केंद्रों ने पिछले दस वर्षों में देश का 10 हजार करोड़ रुपया बचाया है।

# कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा के खिलाफ राज्य सेवा के अफसरों ने खोला मोर्चा

## विधानसभा स्पीकर से मिलकर जताई नराजगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा के अफसरों ने कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सुरेश कुमार बैठा के द्वारा राज्य सेवा के सदस्यों के लिए अमर्यादित एवं असंसदीय भाषा का प्रयोग किए जाने को लेकर राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की अध्यक्ष और महासचिव ने विधानसभा में स्पीकर रविंद्र नाथ महतो से मुलाकात कर इस मसले से अवगत कराया। साथ ही नाराजगी जाहिर करते हुए अग्रतर कार्रवाई की मांग की।



### क्या है मामला

राज्य सेवा संघ के अफसरों का कहना है कि एक मार्च को विधायक सुरेश कुमार बैठा के साथ बातचीत के दौरान पदाधिकारियों के लिए अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया है। वीडियो क्लिप (संलग्न) में स्पष्ट दिख रहा है कि माननीय सदस्य द्वारा असंसदीय शब्द के साथ के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी के लिए उठाकर पटक देने की बात कही गई है। माननीय सदस्य द्वारा ऐसी भाषा का उपयोग किए जाने से झारखण्ड प्रशासनिक सेवा के सभी सदस्य आहत हैं।

### मनोबल तोड़ने का काम

संघ ने कहा कि कार्य के प्रति तन, मन, समर्पण भाव से गांव, प्रखण्ड एवं अंचल स्तर पर विकास के सभी कार्य एवं सरकार के सभी योजनाओं का क्रियान्वयन बीडीओ और सीओ के द्वारा ही किया जाता है। पदाधिकारियों की तत्परता मईंयां सम्मान योजना के सफल क्रियान्वन से स्पष्ट परिलक्षित होती है।

### स्पीकर से संज्ञान लेने की मांग

संघ ने स्पीकर से कहा है कि हमलोग यह आशा करते हैं कि इस मामले का संज्ञान लेने की कृपा करेंगे। सदस्यों को सम्मान देने में पदाधिकारी कोई कमी नहीं करते हैं। अत यह अपेक्षा करना गलत नहीं है कि माननीय सदस्य भी पदाधिकारियों के विरुद्ध अमर्यादित भाषा का प्रयोग ना करें एवं उनकी मर्यादा का ख्याल अवश्य रखें।

## स्पीकर ने बाबूलाल मरांडी को विस में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता दी

- बजट सत्र में स्पीकर ने सदन में की घोषणा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने शुक्रवार को भाजपा विधायक बाबूलाल मरांडी को विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता प्रदान की। उल्लेखनीय है कि पिछली बार झामुमो गठबंधन सरकार के दौरान बाबूलाल मरांडी को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं मिल पाया था। बाद में, भाजपा ने अमर कुमार बाउरी को विधानसभा में विधायक दल का नेता चुना और उन्हें प्रतिपक्ष के नेता के रूप में मान्यता मिली थी। इस बार के विधानसभा चुनाव में अमर कुमार बाउरी चुनाव हार गये। इसलिए भाजपा को विधायक दल का नया नेता चुनना पड़ा। धनवार से विधायक बाबूलाल मरांडी पूर्व मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्हें गुरुवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता चुना गया। पार्टी ने स्पीकर को इस संबंध में एक पत्र से सूचित किया। स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने शुक्रवार को सदन में कहा कि उनसे पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवींद्र कुमार राय ने बाबूलाल मरांडी को विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया था।



### शत प्रतिशत राशि खर्च होने पर ही गांव होंगे सशक्त : जयराम महतो

**रांची।** विधायक जयराम महतो ने सदन में कहा कि बजट की राशि खर्च कर पाये तो बड़ी उपलब्धि होगी। शत प्रतिशत राशि खर्च होने पर ही गांव सशक्त होंगे। आज भी प्रति व्यक्ति आय के मामले में झारखंड 26 वें स्थान पर है। पंचायती राज व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों को उचित अधिकार नहीं मिल पाता है। 29 विषयों पर अधिकार मिलना चाहिये। उन्होंने जादूगोड़ा में प्रदूषण की समस्या पर भी अपनी बात रखी। एक रिर्पोट का हवाला देते हुये कहा कि जादूगोड़ा की 47 फीसदी महिलायें रेडिएशन के कारण मां नहीं बन सकती है। 30 फीसदी महिलाओं का गर्भपात हो जाता है। इस समस्या का निराकरण होना चाहिये। श्वेता सिंह ने कहा कि ब्लॉक और ग्राम पंचायत को सुदृढ़ करने की जरूरत है। विपक्ष पर तंज कसते हुये कहा कि यहां अपनी बातें रखते हैं और इलजाम लगाकर चले जाते हैं। विधायक निर्मल महतो ने कहा कि हजारीबाग रामगढ़ में लोगों ने अपना अपना खदान बना लिया है। पेड़ों को बचाने के लिये आगे आना होगा। लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि जनहित का ख्याल रखते हुये चतरा इलाके में सड़कों का निर्माण होना चाहिये। विधायक अनंत प्रताप देव ने गढ़वा के नौ प्रखंडों में बीडीओ सीओ की बहाली की मांग की। उन्होंने कहा कि इन प्रखंडों में एक अफसर के पास दो से तीन प्रखंडों का प्रभार है।

## महिला विधायकों ने सीएम से की मुलाकात



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** महिला विधायकों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधानसभा में मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि उनकी उपस्थिति नारी शक्ति को बल देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी की भागीदारी से ही देश, राज्य और समाज का विकास संभव है। सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि झारखंड की महिलाओं ने कई क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल कर राज्य का मान बढ़ाया है। सरकार हर कदम पर उनका सहयोग करने को तैयार है। इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की, कल्पना सोरेन, डॉ नीरा यादव, लुइस मरांडी, सविता महतो, रागिनी सिंह, ममता देवी, पूर्णिमा दास साहू, श्वेता सिंह और मंजू कुमारी मौजूद थीं।

# साल का पहला राष्ट्रीय लोक अदालत आज

- उद्घाटन कार्यक्रम में हाईकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद होंगे मुख्य अतिथि
- झालसा की ओर से लगभग 300 बेंचों का किया गया गठन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के दिशा-निर्देश पर पूरे राज्य में सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा एवं झारखंड हाई कोर्ट विधिक सेवा समिति की ओर से 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। झालसा द्वारा उद्घाटन कार्यक्रम सुबह 10.30 बजे व्यवहार न्यायालय, रांची के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस सह कार्यकारी अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में झालसा द्वारा लगभग 300 बेंचों का गठन किया गया है एवं लाखों की संख्या में विवाद पूर्व एवं लंबित मामलों के निस्तारण की संभावना है।



यहां बता दें कि जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के निर्देश पर इस राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन की तैयारी विगत कई सप्ताह से चल रही है। इसमें सभी प्रकार के विवाद-पूर्व एवं आपराधिक सुलहनीय मामले, चेक बाउंस के मामले, बिजली चोरी के मामले, उत्पाद, वन, मापतौल के मामले, वैवाहिक प्रकृति के मामले तथा विभिन्न दीवानी मामलों का निष्पादन किया जायेगा। नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी (नालसा) के कैलंडर के अनुसार वर्ष 2025 का यह पहला राष्ट्रीय लोक अदालत है। इस अवसर पर झालसा के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी मनाया जाएगा। साथ ही साथ कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।


सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इनस्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी ईकाई)
गोंदवाना प्लेस, कॉंके रोड, राँची–834008, झारखंड, भारत

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा**
(समाहरणालय परिसर लोहरदगा,
ई–मेल– dfojhar2021loh@gmail.com

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 268 दिनांक 11.02.2025 के अलोक में आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना के अन्तर्गत लोहरदगा जिले में मेजर कार्प मत्स्य स्पॉन की आपूर्ति हेतु हैचरी संचालक, मत्स्य स्पॉन उत्पादक सह आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबन्द निविदा 22.03.2025 के 10.30 बजे पूर्वाह्न तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में स्वीकार किया जाएगा। आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए निर्गत राज्यादेश के आलोक में किया गया संशोधन मान्य होगा।

आवश्यक शर्तें :–

(1) स्पॉन आपूर्तिकर्त्ता के पास मत्स्य हैचरी एवं हैचरी का सरकारी निबंधन प्रमाण पत्र देना अनिवार्य है।
(2) स्पॉन आपूर्तिकर्त्ता को अपने मत्स्य हैचरी का विवरण एवं ब्रुडर का ऑकड़ा देना अनिवार्य है।
(3) स्पॉन आपूर्तिकर्त्ता को मत्स्य हैचरी का प्रति चरण स्पॉन उत्पदान के क्षमता से अवगत कराना अनिवार्य होगा।
(4) आपूर्ति किए जाने वाले स्पॉन में कम–से–कम 40 प्रतिशत कतला होना अनिवार्य होगा।
(5) स्पॉन की आपूर्ति प्रति ऑक्सीजन बैग पैकिंग में जिला मुख्यालय या अधोहस्ताक्षरी द्वारा विभिन्न प्रखण्डो में निर्धारित कलस्टर स्थल तक जीवित एवं स्वस्थ अवस्था में पहुँचा कर देना होगा।
(6) प्रति आक्सीजन बैग में आपूर्ति किए जाने वाले स्पॉन की संख्या हैचरी से वितरण स्थल तक की दूरी के अनुसार होगी, जिससे स्पॉन की उत्तरजीविता बनी रहे। प्रति ऑक्सीजन बैग में न्यूनतम 30,000 तथा अधिकतम 50,000 स्पॉन की पैकिंग स्वीकार की जायगी। स्पॉन आपूर्ति हेतु सफल निविदादाता को कार्यादेश निर्गत किया जाएगा।
(7) निविदादाता द्वारा निविदा के साथ प्रतिभूति राशि के रूप में मो 80000.00 / –रू0 मात्र का ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से लोहरदगा में भुगतेय होगा, संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(8) समान मूल्य दर पर स्थानीय हैचरी संचालकों को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसके लिए लोहरदगा जिला को छोड़कर झारखण्ड के अन्य जिलों के स्थानीय हैचरी संचालकों को अपने–अपने जिला के जिला मत्स्य पदाधिकारी से हैचरी का विवरण एवं उपलब्ध ब्रुडर का सत्यापन करा कर देने पर प्राथमिकता दी जाएगी।
(9) निविदादाता को पैन नम्बर एवं वाणिज्यकर विभाग द्वारा पंजीयन (GST) की छायाप्रति एवं विगत तीन वर्ष 2022–23, से 2024–25 तक का आयकर रिर्टन संलग्न करना अनिवार्य होगा।
(10) पूर्व में सरकारी क्षेत्र में स्पॉन आपूर्ति का कम से कम तीन वर्ष अनुभव एवं ब्यौरा निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।
(11) स्पॉन की आपूर्ति हैचिंग के वैज्ञानिक मानकों एवं गुणवत्ता आधरित मानकों के अनुरूप तय समय सीमा के अन्दर जीवित एवं स्वस्थ अवस्था में की जाएगी। संबंधित का कार्यादेश को रद्द करते हुए प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जायगी।
(12) निविदादाता द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के आधार पर मत्स्य हैचरी की क्षमता का एवं उपलब्ध ब्रुडर का आंकड़ा असत्य पाये जाने पर सफल निविदादाता की प्रति भूति राशि जब्त कर ली जाएगी तथा उक्त दर पर द्वितीय सफल निविदादाता को मौका दिया जाएगा।
(13) इस संबंध में किसी भी न्यायालय में किसी प्रकार का वाद का दावा नहीं किया जा सकेगा एवं बिना कारण बताए अधोहस्ताक्षरी को निविदा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
(14) सरकारी / गैर सरकारी हैचरी अधिकतम 550 / रू0 प्रति लाख स्पॉन की दर विभाग द्वारा प्रस्तावित है, जिसमें से आपूर्ति किये जानेवाले स्पॉन के मूल्य का 90 प्रतिशत व्यय का वहन सरकार द्वारा तथा 10 प्रतिशत मत्स्य बीज उत्पादक द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।
(15) निविदादाता चाहे तो स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति निविदा खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।
(16) विभाग हित में निविदा की शर्तों में बिना कारण बताए, किसी भी समय बगैर पूर्व सुचना के स्वीकृत करने अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

नोट:–

(1) विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
(2) निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 22.03.2025 को 10.30 बजे पूर्वाह्न तक।
(3) निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 22.03.2025 एवं 11.30 बजे पूर्वाह्न
(4) निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
(5) दिनांक 22.03.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे उपायुक्त महोदय, लोहरदगा द्वारा गठित समिति के समक्ष सभागार, जिला परिषद लोहरदगा में निविदा खोली जाएगी।
(6) निविदा की विस्तृत शर्तें कार्यालय के सूचनापट्ट पर कार्यालय अवधि / एवं Lohardaga.nic.in में देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 348021 (Lohardaga)24-25*D


# विधानसभा में सिरम टोली स्थित सरना स्थल का मामला गूंजा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के नौवें दिन आज सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक डॉ रामेश्वर उरांव ने सूचना के तहत आदिवासी समाज द्वारा रांची में मानव श्रृंखला बनाये जाने का मामला उठाया। इस पर संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कमेटी बनाकर सिरम टोली स्थित सरना स्थल का निरीक्षण करने की बात कही। बाद में स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने भी अपनी सहमति व्यक्त करते हुये इस मामले को दिखवाने का निर्देश दिया। इससे पहले शुक्रवार को चुटिया के सिरमटोली सरना स्थल के सामने बनाये गये फ्लाई ओवर रैम्प को लेकर आदिवासी संगठनों ने हरमू रोड से लेकर विधानसभा तक मानव श्रृंखला बनाकर विरोध दर्ज कराया। लोगों ने कहा कि सिरमटोली सरना स्थल आदिवासियों का पवित्र स्थान है। यहां हर साल लाखों लोग सरहुल शोभायात्रा में शामिल होते हैं। लेकिन, सरना स्थल के ठीक सामने राजेन्द्र चौक से सिरमटोली तक फ्लाईओवर बनाई गई है। सिरमटोली सरना स्थल के सामने वाहनों के आने.जाने के लिये रैम्प तैयार किया जा रहा है।आदिवासी मूलवासी मंच के अध्यक्ष सूरज टोप्पो ने कहा कि सिरमटोली सरना स्थल के सामने बन रही रैम्प को हटाने की मांग हम पिछले दो महीने से कर रहे हैं। लेकिन, सरकार आदिवासियों की बात नहीं सुन रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों के धार्मिक स्थल के सामने से रैम्प को हटाने के बजाय ओवरब्रिज को आगे बढ़ा दिया जाये। ताकि आदिवासियों की सरहुल शोभायात्रा में कोई परेशानी न हो।

### स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2016 के रिजल्ट को लेकर विवाद मामले में हाई कोर्ट में अंतिम सुनवाई 7 अप्रैल को

रांची। झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के विज्ञापन संख्या 21/ 2016 से संबंधित मीना कुमारी एवं अन्य की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने मामले की अंतिम सुनवाई के लिए 7 अप्रैल की तिथि निर्धारित की। जेएसएससी के वरीय अधिवक्ता राजीव रंजन, अधिवक्ता संजय पिपरवाल, प्रिंस कुमार ने पक्ष रखा। दरअसल, पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से कोर्ट को दिखाया गया था कि कई अभ्यर्थियों जिनका अंतिम चयनित अभ्यर्थियों से कम नंबर है उनकी भी नियुक्ति की गई है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश को आदेश का सही तरीके से पालन नहीं किया है जिसके कारण मेरिट लिस्ट में काफी गड़बड़ियां हैं। गड़बड़ियों को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कोर्ट से आग्रह किया गया था कि प्रार्थियों की संख्या हजारों में है ऐसे में एक सदस्य वाली न्यायिक कमीशन का गठन किया जाए जो जेएसएससी के मेरिट लिस्ट और अभ्यर्थियों के व्यक्तिगत शिकायत पर जांच करेगी और फैसला लेगी। प्रार्थियों की ओर से कोर्ट को यह भी बताया गया कि 3704 पद रिक्त हैं उसे सरकार द्वारा सरेंडर करना गलत है, इस संदर्भ में प्रार्थियों की ओर से सुप्रीम कोर्ट के कई जजमेंट को भी दर्शाया गया था। कोर्ट से अनुरोध किया गया था कि बचे हुए रिक्त पदों पर प्रार्थियों की नियुक्ति की जाए। सुनवाई के दौरान जेएसएससी की ओर कोर्ट को बताया गया था कि स्टेट वाइज मेरिट लिस्ट के अनुसार जेएसएससी के द्वारा नियुक्ति के अनुशंसा की गई है। प्रार्थियों का यह कथन गलत है कि प्रार्थी का प्राप्तांक स्टेट वाइज मेरिट लिस्ट में अंतिम चयनित अभ्यर्थी से कम है। सभी प्रार्थी का प्राप्तांक स्टेट वाइज मेरिट लिस्ट के चयनित अंतिम अभ्यर्थी से कम है इसलिए इनकी नियुक्ति नहीं की गई है। दरअसल, मीना कुमारी एवं अन्य की ओर से हाइकोर्ट में याचिकाएं दाखिल की गई थीं। इसमें कहा गया है कि वर्ष 2016 में जो हाई स्कूल शिक्षक की नियुक्ति का विज्ञापन निकला था उसके आलोक में उनकी भी नियुक्ति होने चाहिए। क्योंकि कट ऑफ से ज्यादा मार्क्स उन्होंने लाया है, अगर हाई स्कूल शिक्षकों की रिक्तियां बची हैं तो उनकी भी नियुक्ति होनी चाहिए।

### टेरर फंडिंग मामला : पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप के सहयोगी अरुण गोप को हाई कोर्ट से मिली जमानत

**रांची।** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में सह अभियुक्त अरुण गोप की जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने अरुण गोप को राहत प्रदान करते हुए जमानत प्रदान कर दी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता निरंजन कुमार ने पैरवी की। दरअसल, एनआईए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में मामले में ट्रायल चल रही है। अरुण गोप करीब 7 वर्षों से जेल में है। मामले में एनआईए कोर्ट में ट्रायल के दौरान 120 गवाहों को प्रस्तुत किया जा चुका है।

**क्या है मामला** : नोटबंदी के बाद बेड़ो पुलिस ने दिनेश गोप के 25 .38 लाख रुपए बरामद किए थे। इस मामले में बेड़ो थाना में 10 नवंबर 2016 को कांड संख्या 67/2106 दर्ज की गई थी। 19 जनवरी 2018 को इस केस को एनआईए ने टेकओवर किया और आरसी 2/2018 दर्ज किया था। बता दें कि इस मामले में दिनेश गोप, उसकी दोनों पत्नी हीरा देवी, शकुंतला कुमारी समेत अन्य आरोपी ट्रायल फेस कर रहे हैं।

### रिश्वत लेने के आरोप में जेल में बंद रोहित कुमार राठौड़ की जमानत याचिका खारिज

रांची। रिश्वत लेने के आरोप में जेल में बंद कानपुर के राजेंद्र नगर निवासी रोहित कुमार राठौड़ की जमानत याचिका सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा ने सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। सीबीआई ने आरोपी को 3000 रुपए रिश्वत लेते 4 फरवरी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। उस पर शिकायतकर्ता अमरेंद्र कुमार से मेडिकल फिटनेस से संबंधित प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में 3000 हजार रुपये रिश्वत ले रहा था। शिकायतकर्ता चेत्तर रेलवे स्टेशन पर टीएम 4 के पद पर तैनात है। पीलिया से पीड़ित होने के कारण छुट्टी पर चला गया था। अपनी बीमारी की छुट्टी लेने टोरी हेल्थ यूनिट गया तो मदद करने के नाम पर रिश्वत की मांग की थी। इसकी शिकायत सीबीआई से की और आरोपी रंगे हाथ पकड़ा गया।

# बजट सत्र : पेसा नियमावली को दिया जा रहा अंतिम रूप

- द्विपीय पाली में सदन से भाजपा का वॉकआउट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि पेसा नियमावली के लिये 145 सुझाव व मंतव्य को शामिल किया गया है। नियमावली को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंत्री शुक्रवार को द्वितीय पाली में अनुदान मांग पर अपनी बात रख रही थी। उन्होंने विधायकों के फंड पर कहा कि पिछले साल की तुलना में इस बार उससे कम फंड नहीं मिलेगा।

इस बीच भाजपा ने सदन ने वॉक आउट किया। उन्होंने कहा कि हर साल केंद्र मनरेगा के बजट में कटौती कर रहा है। इसमें करप्शन दिखाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन, मनरेगा ने पलायन रोकने का काम किया है। सदन को चार महीने के बाद नेता प्रतिपक्ष मिला है। उन्होंने विपक्ष से कहा कि धीर से बैठिये विकास का पहिया तेजी से दौड़ेगा।



### टेंडर पर जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव आयेगा

काम की गुणवत्ता को लेकर टेंडर पर उठे सवाल पर कहा कि इस पर जल्द ही कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जायेगा। पक्ष और विपक्ष के सुझावों पर अमल किया जायेगा। सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। पीएम आवास योजना के तहत एक लाख 20 हजार रुपए का ही प्रावधान किया गया है। लेकिन, अबुआ आवास योजना के लिये दो लाख रुपए का प्रावधान है। भाजपा शासित राज्यों के मंत्री भी इसे बेहतर मान रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र ग्रामसभा को कमजोर कर रहा है। कॉरपोरेट सेक्टर को खनिज सौंपने का प्रयास हो रहा है। मोदी सरकार ने देश के प्रवासियों को हथकड़ी लगाकर लाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा में 12 करोड़ मानव दिवस सृजन करने का लक्ष्य है। इसे 15 करोड़ तक लेने जाने का प्रयास होगा। केंद्र ने बकाया नहीं दिया। इस कारण बजट में कमी हुई है। पंचायत सचिवालय को सुदृढ़ किया जायेगा। मनरेगा में करप्शन दूर करने के लिये विभाग प्रयासरत है। अबुआ आवास में जियो टैग लगाने का निर्णय लिया गया। 90 हजार ग्रामीण युवाओं को रोजगार के लिए ट्रेंड किया गया है। रिक्त पदों को भरने का काम आने वाले साल में करेंगे। पलाश ब्रांड से महिलाओं ने 47 करोड़ रुपये अर्जित किये हैं। प्रखंडों तक पलाश मार्ट को पहुंचाया जायेगा।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
विशेष

# महिलाओं के सम्मान हेतु अनवरत कार्य कर रही अबुआ सरकार...

घर, परिवार, समाज की धुरी महिला को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने का सीधा अर्थ है देश और राज्य का स्वत: सुदृढ़ हो जाना। झारखण्ड के परिप्रेक्ष में देखें तो झारखण्ड सरकार ने इस गणित को समझा और कई सफल योजनायें बनाकर चरणबद्ध तरीके से आधी आबादी को आर्थिक स्वावलंबन देने का प्रयास कर रही है। महिलाएं अगर आर्थिक रूप से स्वावलंबी हो, तो वह अपने घर, समाज, प्रदेश को उन्नति के रास्ते पर ले जा सकतीं हैं। झारखण्ड की ग्रामीण आदिवासी महिलाएं आदिकाल से बहुत मेहनती रही हैं और लंबे समय से आर्थिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती रहीं हैं। हेमन्त सरकार ने झारखण्ड की महिलाओं के इस कार्यशैली को और बेहतर करने का फैसला लिया और पिछले 5 सालों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कई सफ़ल योजनाओं को धरातल पर उतारा है। सरकार की ओर से राज्य और राज्य के बाहर व्यापार में भागीदारी को सुनिश्चित करने, बालिका शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने, महिलाओं को पेंशन के जरिए आर्थिक मजबूती देने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। अभी सरकार द्वारा चलायी जा रही आधा दर्जन योजनाएं सिर्फ और सिर्फ महिलाओं की समृद्धि पर केंद्रित है।

## बेटियों को मिल रही सपनों की उड़ान



**किशोरियों की आर्थिक** जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से हेमन्त सरकार द्वारा प्रारंभ की गयी सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र में हो रहा है। ग्रामीण परिवेश की किशोरियों का स्कूल ड्राप आउट कई बार छोटी-छोटी आर्थिक जरूरत के पूरी ना होने की वजह से हो जाती थी। हेमन्त सरकार ने इस मामले को समझा और किशोरियों की आर्थिक जरूरत के लिए सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का उपहार दिया। महिला प्रोत्साहन और उनकी शिक्षा में बेहतरी के प्रयास के रूप में इस योजना को देखा जा रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से 10 लाख किशोरियों को जोड़ा गया है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सरकार की ओर से कुल 5 बार में ₹40000 तक आर्थिक सहायता दी जाती है। यह सहायता वर्ग आठ से प्रारम्भ हो कर उनके 12वीं तक पहुंचने तक मिलती रहती है। इस योजना के तहत सरकारी स्कूल में वर्ग 8 से 12वीं तक की प्रत्येक स्कूली छात्रा को कक्षा आठ में 2,500, नौवीं में 2,500, 10वीं में 5,000, ग्यारहवीं में 5,000 और बारहवीं में 5,000 रुपये की सहायता उनके बैंक खाते में दी जाती है। जब किशोरी की उम्र 18 होने और उसका मतदाता पहचान पत्र बन जाये तो उसे एकमुश्त 20,000 रुपये दिया जाता है, ताकि छात्राएं उन रुपयों से आगे की पढ़ाई या कोई प्रशिक्षण ले कर स्वावलंबी बन सकें।

## महिलाओं को मिल रहा सम्मान

**झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान** योजना (JMMSY) हेमन्त सरकार का आधी आबादी के आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है जिसमें 18 से 50 वर्ष की महिलाओं को उनके रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए ₹2500 प्रतिमाह की आर्थिक सम्मान राशी दी जा रही है। योजना ने ग्रामीण इलाके के वित्तीय ढांचे को खूब मजबूती दी है। सरकार के इस सम्मान राशि का उपयोग ग्रामीण परिवेश के छोटे व्यवसाय के लेनदेन में खूब हो रहा है। इस योजना के लिए अगस्त 2024 में पूरे राज्य में कैम्प लगाकर आवेदन लेने का कार्य किया गया था। आवेदन फॉर्म और प्रक्रिया नि:शुल्क थी। योजना से राज्य की बहन-बेटियाँ स्वावलंबी और सशक्त बन रहीं हैं। झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयाँ सम्मान योजना के लिए 2025-26 में ₹13 हजार 363 करोड़ 35 लाख का बजट रखा गया है।

> यह सुखद अनुभव है कि मेरी लाखों बहनों को मंईयां सम्मान योजना का सम्मान मिल रहा है। इस सम्मान के लिए यह भाई हमेशा आपके साथ है।






## महिलाओं के लिए स्वरोजगार के द्वार खुले

**स्वयं सहायता समूहों** को पलाश ब्रांड से जोड़कर उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं की ब्रांडिंग ने ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार के द्वार खोल दिये हैं। कोविड काल में विश्वव्यापी आर्थिक संकट का असर झारखण्ड पर भी पड़ा था लेकिन अब हालात सुधर रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण पलाश ब्रांड है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के दिशा निर्देश पर क्रियान्वित किये जा रहे सफल प्रयास पलाश ब्रांडिंग एवं विपणन रणनीति के माध्यम से अब तक 50 विभिन प्रकार के उत्पादों को खुले बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है। लगभग चार वर्ष से कम अवधी में लगभग 40 करोड़ से अधिक रुपए की सकल बिक्री की जा चुकी है। पलाश ब्रांड में अपने कृषि उत्पादों की आपूर्ति तथा अन्य प्रसंस्करण, पैकजिंग एवं बिक्री के कार्यों से अब तक राज्य के स्वयं सहायता समूहों की दो लाख से अधिक ग्रामीण महिलाएं जुड़ कर अपने आय में वृद्धि कर रहीं हैं तथा ग्रामीण अर्थवयवस्था को गति प्रदान करते हुए इसे मुख्यधारा से जोड़ रहीं हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों की पहचान बन चुकी पलाश ब्रांड को विशुद्ध व्यवसायिक परिचालन हेतु 'पलाश इंटरप्राइजेज कंपनी' का गठन किया जा रहा है। इस पूरी योजना का मूल ग्रामीण अर्थवयवस्था में तेजी लाने का लक्ष्य है। इन योजनाओं से झारखण्ड की लाखों महिलाओं को लाभ मिल रहा है पिछले 5 सालों में कोरोना काल के बावजूद महिलाएं आर्थिक मामलों में काफी समृद्ध हुई है।

**2019 से अब तक ₹10,111 करोड़ का क्रेडिट लिंकेज। अब तक 2.59 लाख सखी मंडलों को बैंक क्रेडिट लिंकेज से जोड़ा गया**

## महिला सशक्तिकरण को दिया जा रहा नया आयाम

### 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में

ग्रामीण महिलाओं के उत्थान और उनके आर्थिक स्वावलंबन के प्रति संवेदनशील मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के विजनरी सोच का परिणाम है कि 2019 से पूर्व 09 वर्ष में सखी मंडल को जितना क्रेडिट लिंकेज दिया गया, उसका 10 गुना क्रेडिट लिंकेज विगत साढ़े चार वर्ष में मिला। यही नहीं सखी मंडल की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वर्ष 2013 से 2019 तक एसएचजी को क्रेडिट लिंकेज के तहत 1,114 करोड़ की राशि दी गई, जबकि 2019 के बाद 30 जून 2024 तक 10,111 करोड़ की राशि सखी मंडल की महिलाओं को उनके सशक्तिकरण हेतु दी गई। वहीं 2013 से 2019 तक 2.45 लाख सखी मंडल की संख्या बढ़कर 30 जून 2024 तक 2.88 लाख हो गई।

ग्रामीण महिलाएं और अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित झारखण्ड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 31,861 किसानों को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है। इस परियोजना के तहत 30 हजार महिला किसानों को जोड़ने का लक्ष्य है।

### फूलो झानो आशीर्वाद अभियान

फूलो झानो आशीर्वाद अभियान की शुरुआत वर्ष 2020 में की गई है, इस अभियान का उद्देश्य महिलाएं जो मजबूरीवश दारु -हड़िया की बिक्री और निर्माण कार्य से जुड़ी थीं, उन्हें आजीविका के सम्मानजनक साधनों से जोड़ना था। इस कार्य में राज्य सरकार को सफलता मिली। इस अभियान से जुड़कर महिलओ ने सम्मान जनक आजीविका को अपनाया।

अभियान से 36 हजार से अधिक महिलाएँ वैकल्पिक आजीविका से अपना जीवन यापन कर रहीं हैं। हमारी सरकार महिलाओं को वैकल्पिक रोजगार के लिए 50 हजार रुपए तक का ब्याजमुक्त ऋण उपलब्ध करा रही है।



**भारत सरकार द्वारा समाज कल्याण मंत्रालय को 1.18% का बजट आबंटित किया गया**

झारखण्ड **महिला एवं बाल विकास** के लिए कुल बजट का व्यय करेगा **14%**

एवं अन्य राज्यों का आबंटित बजट

| उड़ीसा | बिहार | पश्चिम बंगाल | छत्तीसगढ़ |
|---|---|---|---|
| 6.20% | 2.77% | 2.31% | 1.06% |

### झारखण्ड ने बजट में आधी आबादी का रखा ध्यान

- झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना **₹13,363 करोड़**
- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना/मुख्यमंत्री कन्यादान योजना **₹310 करोड़**
- मातृ किट वितरण योजना **₹60 करोड़**
- गर्भवती महिला की देखभाल के लिए **₹60 करोड़**
- पलाश मार्ट **₹30 करोड़**

PRNO 348113 (IPRD) 24-25

सुप्रभात

शनिवार 08.03.2025

धनबाद, वर्ष 01, अंक 316

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ


## स्पीड न्यूज

### जंगल में मजदूर का शव मिलने से सनसनी

महुदा। जामडीहा जंगल में एक 45 वर्षीय मजदूर का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव पेड़ से रस्सी के सहारे झूलता मिला, जिसकी पहचान गौतम बाउरी (45) के रूप में हुई। मृतक की पत्नी शांतना देवी के अनुसार, वह गुरुवार रात घर आया था लेकिन पारिवारिक विवाद के बाद घर से बाहर चला गया। रातभर उसकी तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सुबह ग्रामीणों ने जंगल में शव मिलने की सूचना दी। मौके पर पहुंची महुदा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था और महुदा मोड़ के किराए के मकान में रहता था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### झरिया विधायक ने उठाई आरएसपी कॉलेज भवन निर्माण की मांग

रांची। झरिया विधायक रागिनी सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा में आरएसपी कॉलेज के नए भवन निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का मामला उठाया। उन्होंने सदन में अपनी बात रखते हुए कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार में पूर्व विधायक संजीव सिंह के प्रयासों से कॉलेज के नए भवन निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी थी, लेकिन अब तक इसका कार्य धरातल पर नजर नहीं आ रहा है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कॉलेज भवन निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सरकार से निविदा प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य को शीघ्र आरंभ कराने की मांग की, ताकि छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### बैंक कर्मियों का प्रदर्शन, भर्ती और सुरक्षा को लेकर उठाई आवाज

धनबाद। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (वत्र्ह्श) के बैनर तले भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा, धनबाद के सामने बैंक कर्मियों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। बैंक कर्मचारियों ने बैंक में पर्याप्त भर्ती, पांच दिवसीय कार्य सप्ताह और बैंककर्मियों की सुरक्षा जैसी प्रमुख मांगों को लेकर विरोध जताया। उन्होंने कहा कि लगातार कम स्टाफ के कारण बैंकिंग सेवाओं पर असर पड़ रहा है, जिससे ग्राहकों और कर्मचारियों दोनों को परेशानी हो रही है। वहीं, बैंक कर्मियों की सुरक्षा को लेकर भी उन्होंने चिंता व्यक्त की और सुरक्षा उपायों को सख्त करने की मांग की। यह प्रदर्शन आगामी 27 और 28 मार्च को होने वाली हड़ताल का हिस्सा था। भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ, धनबाद अंचल के सचिव सत्यम आनंद ने प्रदर्शन के दौरान इन मांगों पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी गईं तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में शक्ति दास, प्रभात कुमार सिंह, संतोष कुमार, किशोर कुमार, रंजीत जायसवाल, श्रुतसुतोष कुमार, अजीत प्रजापति और राजीव कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में बैंककर्मी शामिल हुए। उन्होंने अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### राजगंज डिग्री कॉलेज में फर्जी सीएलसी घोटाला, प्रोफेसर पर गिरी गाज

राजगंज। बीबीएमकेयू से संबद्ध राजगंज डिग्री कॉलेज में फर्जी सीएलसी (कॉलेज लिविंग सर्टिफिकेट) जारी करने का बड़ा मामला सामने आया है। आरोप है कि भूगोल विभाग के प्रोफेसर एसएन सिन्हा द्वारा पश्चिम बंगाल के छात्रों का नामांकन करवाकर उन्हें फर्जी सीएलसी उपलब्ध कराई जाती थी। चौंकाने वाली बात यह है कि इस फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर विश्वविद्यालय से माइग्रेशन सर्टिफिकेट भी निर्गत कर दिया जाता था। मामला तब उजागर हुआ जब एक छात्रा सत्यापन के लिए अपने सभी अंक पत्रों के साथ कॉलेज पहुंची। जांच के दौरान उसका सीएलसी फर्जी पाया गया, जिसकी निर्गत तिथि 16 नवंबर 2022 दर्ज थी। इसी फर्जी सीएलसी के आधार पर 9 जनवरी 2023 को बीबीएमकेयू धनबाद से माइग्रेशन प्रमाण पत्र भी निर्गत कर दिया गया।

# धनबाद में सुरक्षा होगी सख्त: सभी प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी अनिवार्य

**पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए एसएसपी ह्दीप पी जनार्दनन के निर्देश पर शुक्रवार को जिला पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कपील चौधरी ने की, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के सभी अंचल निरीक्षक, थाना प्रभारी और ओपी प्रभारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान थानों में लंबित मामलों की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। इसके अलावा, साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए एसपी ने अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने और जनता के बीच जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि लोग ऑनलाइन ठगी और डिजिटल अपराधों से बच सकें।



इस समीक्षा बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी निरसा रजत मणिक बाखला, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाघमारा पुरुषोत्तम कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक (विधि व्यवस्था) नौशाद आलम, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय-2) धीरेन्द्र नारायण बंका, पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) संजीव कुमार समेत कई थाना प्रभारी और ओपी प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक में लिए गए निर्णयों से स्पष्ट है कि धनबाद पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सीसीटीवी कैमरों की अनिवार्यता, पुलिस गश्त बढ़ाने और अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जैसे फैसलों से जिले में कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीसीटीवी अनिवार्य

बैठक में एसएसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त करने के लिए सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने का आदेश दिया। इसके साथ ही, उन्होंने जिले के पेट्रोल पंप, बैंक, आवासीय परिसर, व्यापारिक प्रतिष्ठान, स्कूल-कॉलेज, अस्पताल और नर्सिंग होम में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सीसीटीवी कैमरों की निगरानी से अपराधियों की पहचान और गतिविधियों पर नजर रखना आसान होगा, जिससे जिले में अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

### अवैध खनन व परिवहन पर होगी त्वरित कार्रवाई

बैठक के दौरान खनिज संपदा के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की शिकायतों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। एसपी ने अधिकारियों से कहा कि अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए और जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह नियंत्रण रखा जाए।

### होली और रमजान को लेकर विशेष सतर्कता

एसपी ने आगामी होली और रमजान के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन त्योहारों के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल को तैनात किया जाएगा। साथ ही, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा गया, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछनीय घटना को रोका जा सके।

# सीता सोरेन पर पिस्टल तानने का आरोपी पीए देवाशीष गया जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी व भाजपा नेत्री सीता सोरेन पर पिस्टल तानने के आरोप में उनके निजी सहायक (पीए) देवाशीष मनोरंजन घोष को पुलिस ने गिरफ्तार कर

अदालत में पेश किया, जहां मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला की अदालत ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। घटना धनाद के सरायढेला थाना क्षेत्र के एक होटल की है, जहां कमरा नांर 618 में सीता सोरेन अपने सहयोगियों के साथ विधानसभा चुनाव 2024 से जुड़े मामशें पर चर्चा कर रही थीं। उसी दौरान देवाशीष ने गुस्से में आकर उन पर पिस्टल तान दी। फौरन सीआरपीएफ जवानों ने उसे काू में कर लिया और पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर पहुंची सरायढेला थाना पुलिस ने देवाशीष के पास से एक देसी पिस्टल, एक मैगजीन, सात जिंदा कारतूस, एक आईफोन और एक सैमसंग फोन जत किया। सीता सोरेन की शिकायत पर 7 मार्च को प्राथमिकी दर्ज की गई थी।



पुलिस पूछताछ में देवाशीष ने स्वीकार किया कि वह लो समय से मानसिक तनाव में था। उसका कहना था कि सीता सोरेन उन्हें चुनावी हार का जिम्मेदार ठहराकर लगातार डांटती-फटकारती थीं, जिससे परेशान होकर उसने मुंगेर से पिस्टल मंगाई और उनके साथ धनाद आ गया। जा होटल में चुनावी हार का पूरा दोष उस पर मढ़ा गया, तो वह आपा खो ैठा और गुस्से में पिस्टल निकाल ली।

पुलिस इस मामले की विस्तृत जांच कर रही है कि देवाशीष ने पिस्टल कहां से और क्यों मंगाई थी और उसके इरादे क्या थे। घटना ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है, वहीं सीता सोरेन की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

## खरखरी कांड: अशोक यादव गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**कतरास।** धमाबांध में गोलीबारी और खरखरी में पुलिस बल पर हमले से जुड़े मामलों में पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया है। इसी कड़ी में मधुबन पुलिस ने फुलारीटांड़ खटाल से अशोक यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हालांकि, पुलिस की लगातार छापेमारी के बावजूद कई नामजद आरोपी अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भय और नाराजगी देखी जा रही है। दूसरी ओर, पुलिस घटना स्थल से बरामद मोटरसाइकिल और जले हुए दोपहिया वाहनों के मालिकों की पहचान में जुटी हुई है। पुलिस ने वाहन मालिकों को नोटिस भेजना



शुरू कर दिया है, ताकि मामले की गहराई से जांच की जा सके। गौरतलब है कि खरखरी कोलियरी के बाबूडीह इलाके में आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा जंगल में बाउंड्री निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस झड़प के बाद हालात और बिगड़ गए जब खरखरी स्थित सांसद कार्यालय में आगजनी की घटना हुई और एसडीपीओ पर जानलेवा हमला किया गया। इस मामले में पुलिस लगातार आरोपियों की धरपकड़ कर रही है और जल्द ही अन्य फरार अपराधियों को भी गिरफ्तार किए जाने की संभावना है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उपायुक्त का संदेश

## अपनी शक्ति पहचानें, सफलता मिलेगी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्रवार को केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सिम्फर) में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, धनबाद की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने महिलाओं को अपनी शक्ति पहचानने और हर क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का समान अवसर मिलना चाहिए और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि लाखों महिलाओं ने कड़ी मेहनत और लगन से बुलंदियों को छुआ है, लेकिन



समाज में अभी भी कई महिलाएं समानता के लिए संघर्ष कर रही हैं। इस संघर्ष को समाप्त करने के लिए बेटियों की शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

अपने संबोधन में उन्होंने अपनी मां को अपने जीवन का सबसे बड़ा और मजबूत स्तंभ बताया, जबकि पिता को अपनी प्रेरणा का स्रोत कहा। उन्होंने सभी महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को हर संभव सहयोग दें ताकि वे अपने लक्ष्य तक पहुंच सकें और जीवन में नई ऊंचाइयों को छू सकें।

इस अवसर पर सिम्फर के निदेशक प्रो. अरविंद कुमार मिश्रा, मुख्य वैज्ञानिक डॉ जे.के. पांडेय, डॉ वी. अंगुसेलवी, डॉ सीमा टोपनो सहित कई वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने भी महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किए। समारोह में संस्थान के अन्य महिला और पुरुष वैज्ञानिक भी उपस्थित रहे।

## आईआईटी आईएसएम छात्र की मौत, शव लेने पहुंचे परिजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम के छात्र तनमय प्रजापति की मौत के बाद उनका परिवार गहरे सदमे में है। मृतक छात्र के मामा पवन और चाचा धनबाद पहुंचे, जहां वे सीधे जालान अस्पताल गए। अस्पताल के मर्चरी में रखे तनमय के शव को देखते ही परिजन फूट-फूट कर रो पड़े। शव को वहां से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा गया।

गुरुवार सुबह आईआईटी आईएसएम के एक्वा मरीन हॉस्टल की 13वीं मंजिल के बाथरूम में



तनमय का शव मिलने से संस्थान में सनसनी फैल गई थी। शुरूआती जांच में पता चला है कि छात्र ने जहर खाकर आत्महत्या की, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी।

घटना का खुलासा तब हुआ जब हॉस्टल के सफाई कर्मचारी रोजाना की तरह बाथरूम की सफाई करने पहुंचे। तनमय प्रजापति मूल रूप से इंदौर, मध्य प्रदेश के रहने वाले थे और आईआईटी आईएसएम में बीटेक तृतीय वर्ष के छात्र थे। उनके मामा पवन इस घटना से स्तब्ध हैं और समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर तनमय ने ऐसा कदम क्यों उठाया।

पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद छात्र के शव को उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस घटना ने आईआईटी आईएसएम परिसर में गमगीन माहौल पैदा कर दिया है, जहां छात्र और शिक्षक स्तब्ध हैं और इस दुखद घटना को लेकर शोक व्यक्त कर रहे हैं।

## दुल्हन ने लाल जोड़े में दी बोर्ड परीक्षा

**पुटकी।** शुक्रवार को पुटकी हाई स्कूल में एक अनोखा नजारा देखने को मिला जब एक दुल्हन शादी के लहंगे में परीक्षा देने पहुंची। 10वीं की छात्रा नेहा कुमारी, जो नेपाल रवानी हाई स्कूल में पढ़ती है, अपनी शादी के अगले ही दिन हिंदी विषय की परीक्षा देने परीक्षा केंद्र पहुंची। मटकुरिया निवासी बबलू राय की बेटी नेहा की शादी गुरुवार रात बलियापुर निवासी नितेश चौबे से हुई थी। शुक्रवार सुबह जब उसे ससुराल विदा होना था, तब उसके पति और परिवार ने उसकी शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए उसे परीक्षा देने भेजा। लाल जोड़े में परीक्षा केंद्र पहुंची नेहा को देखकर शिक्षक और छात्र हैरान रह गए। नेहा ने खुशी जताते हुए बताया कि उसके पति और परिवार ने पढ़ाई जारी रखने का पूरा समर्थन किया है। परीक्षा के बाद वह पहले अपने मायके गई और फिर ससुराल वालों के साथ बलियापुर विदा हुई।



# हाड़ी जाति समाज सुधार समिति की बैठक संपन्न, पदाधिकारियों का हुआ चयन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जोड़ापोखर।** हीरापुर पुलिस लाइन के समीप हाड़ी जाति समाज सुधार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। इस बैठक में धनबाद जिला हाड़ी जाति समाज सुधार समिति के नए पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया।

बैठक में किशोर हाड़ी को जिला अध्यक्ष, कार्तिक हाड़ी को जिला कार्यकारी अध्यक्ष, पुनीत हाड़ी को जिला प्रवक्ता, चतुर हाड़ी को संगठन सचिव, विनोद हाड़ी को युवा अध्यक्ष, अमित किशोर को संरक्षक और शिबू हाड़ी को संरक्षक सह मीडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बैठक में मौजूद सदस्यों ने बधाई दी और उनके नेतृत्व में समाज सुधार के लिए नए कदम उठाने की उम्मीद जताई।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष किशोर हाड़ी ने सभी सदस्यों को भरोसा दिलाया कि समिति को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए वे पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने समाज के उत्थान और एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि आने वाले समय में समिति समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करेगी।



बैठक में उपाध्यक्ष बच्चन हाड़ी, सागर हाड़ी, महासचिव बुच्चू हाड़ी, रक्षा मंत्री भोला हाड़ी, सूचना मंत्री रंजीत हाड़ी, उप-संगठन सचिव संजय हाड़ी और बादल हाड़ी, महासचिव अजय हाड़ी, उपाध्यक्ष मनोज हाड़ी, सचिव दिनेश हाड़ी, संगठन सचिव भरत हाड़ी, सूचना मंत्री श्रवण हाड़ी, कार्यकारिणी सदस्य संतोष हाड़ी, किशोर हाड़ी, विकास हाड़ी, झरिया प्रखंड उपाध्यक्ष रमन हाड़ी और कोषाध्यक्ष शिबू हाड़ी समेत अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे।

समिति के सदस्यों ने समाज में जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लड़ने की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## एक नजर में

### मथुरा महतो ने उठाई उत्पाद सिपाही नियुक्ति की मांग



**पूर्वी टुंडी।** टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने शुक्रवार को सदन में उत्पाद सिपाही की नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि गत वर्ष दौड़ प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद अब तक आगे की नियुक्ति प्रक्रिया लंबित पड़ी है, जिससे अभ्यर्थियों और युवाओं में निराशा बढ़ रही है। विधायक ने कहा कि जिला पुलिस की बहाली भी कई वर्षों से नहीं हुई है, जिससे बड़ी संख्या में युवा वर्ग प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से अपील की कि युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उत्पाद सिपाही और जिला पुलिस की नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया जाए। महतो ने जोर देते हुए कहा कि सरकार को इस विषय पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें और उनकी हताशा दूर हो। उनकी इस मांग से अभ्यर्थियों को उम्मीद जगी है कि जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

### गौशाला सबस्टेशन में आज लगेगा सोलर ऊर्जा योजना का शिविर

सिंदरी। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के सिंदरी क्षेत्र के एसडीओ गोविंद जायसवाल ने जानकारी दी कि शनिवार को गौशाला विद्युत सबस्टेशन में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में घरों की छत पर सोलर ऊर्जा प्रणाली लगाने और इससे होने वाले लाभों की जानकारी दी जाएगी। एसडीओ ने बताया कि इस योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता की सौर ऊर्जा प्रणाली पर 30 हजार रुपये, 2 किलोवाट पर 60 हजार रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक पर 78 हजार रुपये की केंद्रीय वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 300 यूनिट तक की बिजली बचत का लाभ मिलेगा। शिविर में लोगों को विस्तृत जानकारी दी जाएगी और आवेदन की प्रक्रिया समझाई जाएगी ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें।

### मारांग बुरु को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए आदिवासी समाज का समाहरणालय गेट पर धरना

**धनबाद।** पारसनाथ पहाड़ (मारांग बुरु) को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को सोनोत संथाल समाज के बैनर तले आदिवासी समाज ने समाहरणालय गेट पर धरना प्रदर्शन किया। समाज के केंद्रीय सचिव अनिल कुमार टुडू ने कहा कि जैन समुदाय को मात्र 86 डिसमिल जमीन पर पूजा-पाठ का अधिकार दिया गया है, लेकिन पूरे मारांग बुरु के शिखर पर पेड़-पौधों को काटकर कंक्रीट का जंगल बनाया जा रहा है, जो इको सेंसिटिव जोन के नियमों का उल्लंघन है। संथाल समाज के नेताओं ने मारांग बुरु को आदिवासियों का पवित्र स्थल बताते हुए इसके संरक्षण की मांग की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज इस अतिक्रमण का पुरजोर विरोध करता है और इसके खिलाफ 12 मार्च को लाखों की संख्या में एकत्र होकर महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेगा। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में समाज के युवा, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल हुईं। इस मौके पर रमेश टुडू, गुरुचरण बास्के, राजेंद्र किस्कू, लखींद्र हांसदा, प्रवीण हांसदा, बिरजू सोरेन, अरुण हेम्ब्रम, श्रीकांत मुर्मू, नाजीर टुडू, सोनेलाल मरांडी सहित कई लोग उपस्थित रहे।



### झारखंड विधानसभा में माटीकला बोर्ड पुनर्गठन और चौकीदार बहाली पर जोर

**सिंदरी/बलियापुर:** झारखंड विधानसभा के सत्र में कुम्हार समाज के उत्थान के लिए गठित माटीकला बोर्ड के पुनर्गठन और धनबाद जिले में चौकीदार बहाली की दूसरी सूची जारी करने का मामला जोर-शोर से उठाया गया। निरसा विधायक अरुप चटर्जी ने सदन में कहा कि झारखंड में कुम्हार समाज आदिकाल से उपेक्षित रहा है। उनकी आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति के लिए माटीकला बोर्ड का गठन किया गया था, लेकिन कार्यकाल समाप्त होने के बाद से इसका पुनर्गठन लंबित है। उन्होंने सरकार से मांग की कि बोर्ड का पुनर्गठन शीघ्र किया जाए, जिससे कुम्हार समाज के विकास को गति मिले। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने सदन में धनबाद में चौकीदार बहाली की दूसरी सूची जारी करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि झारखंड में 330 पदों में से मात्र 247 अभ्यर्थियों का चयन हुआ है, जबकि अन्य जिलों में दूसरी सूची जारी कर रिक्त पदों को भरा जा रहा है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो से अनुरोध किया कि धनबाद जिले के लिए भी दूसरी सूची जारी की जाए, जिससे अभ्यर्थियों को रोजगार और जिला प्रशासन को आवश्यक बल मिल सके। सदन में उठाए गए इन मुद्दों को लेकर संबंधित विभागों की प्रतिक्रिया का इंतजार है, जबकि प्रभावित वर्गों में उम्मीद जगी है कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा।

### झरिया के मजदूरों और युवाओं को मिलेगा सरकार का समर्थन

**झरिया।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने श्रम मंत्री संजय कुमार यादव से मुलाकात की। बातचीत के दौरान उन्होंने झरिया के निबंधित मजदूरों को शीघ्र ई-श्रम कार्ड उपलब्ध कराने, औजार कीट योजना का लाभ देने और बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के विशेष अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने झरिया में विशेष कैंप आयोजित कर बेरोजगार युवक-युवतियों को ऑन-स्पॉट ऑफर लेटर देकर नौकरी दिलाने का प्रस्ताव रखा। श्रम मंत्री ने इस प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए आश्वासन दिया कि विधानसभा सत्र समाप्त होते ही झरिया में इस संबंध में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### फुसरो के मस्जिदों में रमजान के पहले जुमे की नमाज रोजेदारों ने अदा की

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सभी मस्जिदों में शुक्रवार को रमजान के पहले जुमे की नमाज रोजेदारों ने अदा की। जोहर की आजना के बाद नमाज पढ़ने के लिए मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। बड़े-बुजुर्गों के साथ युवाओं व बच्चों ने भी जमात के साथ नमाज अदा किया। फुसरो नगर के पुराना बीडीओ आफिस, रहिमगंज, भेड़मुक्का, राजबेड़ा, ढोरी स्टाफ क्वार्टर, घुटियाटांड़, पिछरी आदि मस्जिदों में नमाज अदा किया गया। पुराना बीडीओ ऑफिस स्थित जमा मस्जिद में हाफिज कारी सादिक हुसैन ने जुमे की नमाज पढ़ाया। इससे पूर्व उन्होंने रमजान की फजीलत ब्यान करते हुए कहा कि रमजानुल मुबारक का महीना मुसलमानों के लिए सबसे अफजल महीना माना गया है। यह महीना भाईचारे और इंसानियत का पैगाम भी देता है। कहा कि जबरदस्त उमस और धूप में भी रोजेदार रोजा रख रहे हैं। इससे बेशक अल्लाह तआला अपने बदों से राजी होगा। कहा कि इस माह में अल्लाह एक नेक काम के बदले अपने बंदों को 70 नेकी का सवाब देता है। कहा कि रमजान का रोजा हर बालिक औरत, मर्द व युवाओं पर फर्ज है। कहा कि मुसलमान फितर व जकात भी अदा करें। कहा कि रोजे की हालत में मांगी गई दुआ कभी खाली नही जाता है।

### 8 मार्च को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो के निदेर्शानुसार शनिवार 8 मार्च को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया जाएगा। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल निष्पादन के लिए 3 बेंच का गठन किया गया है। इसकी पहले बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी एवं अधिवक्ता बिनोद कुमार गुप्ता, दूसरे बेंच पर एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल एवं अधिवक्ता प्रशांत पाल तथा तीसरे बेंच पर मुंसिफ शिवराज मिश्रा एवं अधिवक्ता गिरिवर कुमार महतो मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा पदाधिकारी समिति के सचिव सह तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी। एसडीजेएम अग्रवाल ने बताया कि यहां आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अब तक कई मामलों का निष्पादन किया गया है।

### महिला दिवस पर महिला कन्वेंशन आज

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल की महिला मोर्चा महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की केंद्रीय स्तर के चुनिंदे महिलाओं को लेकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च 2025 को दिन के 11 बजे से गुमला में महिला कन्वेंशन आयोजित की जाएगी। कन्वेंशन में महिला उत्पीड़न, डायन बिसाही के आरोप में हिंसा, पलायन व मानव तस्करी के खिलाफ तथा नशाबंदी, रोजगार, महिला मंडल को दिया गया सभी तरह की लोन माफ करने, स्वरोजगार व व्यवसाय के लिए अनुदान व पूंजी देने जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विचार विमर्श की जाएगी। कन्वेंशन में राज्य स्तरीय कार्यक्रम तथा सांगठनिक विस्तार व मजबूती के अलावे आगामी भावी रणनीति भी तय की जाएगी। कन्वेंशन में मुख्य रूप से झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह भाग लेंगे।

### भंडरिया में किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन

**भंडरिया।** पंचायत भवन प्रांगण में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मेला में विभिन्न गांव के किसान अपना उत्पाद लेकर स्टॉल में पहुंचे थे। प्रदर्शनी में शामिल पदाधिकारी ने स्टॉल में लगे किसानों की उत्पाद का निरीक्षण किया। जिसके बाद चयनित किसानों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर परियोजना निदेशक आत्मा योगेन्द्र सिंह ने कहा कि किसान अच्छे बीज लगाकर अपना उत्पादन बढ़ाने का काम करें। अच्छा उर्वरक का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि अच्छी किस्म के बीज लगाने से उनका उपज बढ़ेगी।

### नेतृत्व क्षमता विकसित करने हेतु प्रशिक्षण आयोजित

**बोकारो/कसमार।** लड़कियों का नेतृत्व क्षमता विकास के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण का आयोजन सहयोगिनी द्वारा कसमार के खैराचातर पंचायत भवन में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत के मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि लड़कियों को सरकारी योजना से जोड़ना हम सभी स्टेकहोल्डर की जिम्मेदारी है। किशोरियों के पास जानकारी का अभाव होने के कारण जीवन में आगे नहीं बढ़ पा रही है। सहयोगिनी द्वारा दिया जा रहा लाइफ स्किल प्रशिक्षण से उन्हें जीने के तरीको की जानकारी मिल रही है। प्रशिक्षक प्रेम कुमार महतो ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से लड़कियां भविष्य में सफलता प्राप्त कर सकती है। सहयोगिनी समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि कसमार प्रखंड के 7 पंचायत के 30 गांव में किशोरी क्लब बनाकर उनके नेतृत्व क्षमता विकसित करने का कार्य किया जा रहा है।

## झारखंड-बिहार से एकमात्र डीपीएस बोकारो का

# आयुष आईएनएमओ में सफल

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में 10वीं कक्षा के मेधावी छात्र आयुष लच्छीरामका ने होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन द्वारा नेशनल बोर्ड ऑफ हायर मैथमेटिक्स के तत्वावधान में आयोजित इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। साथ ही चास-बोकारो के प्रसिद्ध चार्टर्ड एकाउंटेंट दंपति अमोल लच्छीरामका और रूबी लच्छीरामका का होनहार पुत्र आयुष आगामी 08-31 मई 2025 को चेन्नई में होने वाले आईएमओटीसी के लिए भी क्वालीफाई कर चुका है। उसे 11 मार्च 2025 को आयोजित एपीएमओ के लिए भी चयनित किया गया है। पूरे झारखंड-बिहार से यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करनेवाला आयुष एकमात्र विद्यार्थी है। आईएमओटीसी के लिए पूरे भारतवर्ष से 69 तथा एपीएमओ के लिए कुल 67 छात्र-छात्राएं चयनित किए हैं। उसकी इस कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उसे बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय छात्र की मेहनत शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन तथा विद्यालय के बेहतर शैक्षणिक वातावरण को दिया है। आयुष ने भी प्राचार्य एवं शिक्षकों सहित पूरे विद्यालय परिवार के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। आईएनएमओ में ए कैटेगरी और जूनियर बैच के प्रतिभागी आयुष लच्छीरामका ने अपने कट ऑफ मार्क्स 31 से भी अधिक कुल 41 अंक प्राप्त किए हैं।

### दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में एथिक्स एंड इंटीग्रिटी विषय पर दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। इस विषय का मुख्य उद्देश्य था नैतिकता के प्रयोग द्वारा विद्यालय के छात्रों को एक-दूसरे के साथ अच्छा व्यवहार द्वारा मदद करना तथा विशिष्ट तरीके से एकजुट करना। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सह रिसोर्स पर्सन सूरज शर्मा शिव शंकर यादव प्राचार्य-बीआईएसएसएस सेक्टर-11 डी सह रिसोर्स पर्सन एवं उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार ने किया। कार्यक्रम में कुल 52 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की प्रस्तुति रिसोर्स पर्सन प्राचार्य सूरज शर्मा एवं प्राचार्य शिव शंकर यादव के द्वारा की गई। मौके पर प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते है- हम अपने व्यवहार और कार्यशैली से उनके जीवन पर अमिट छाप छोड़ते हैं।

## एसडीपीओ ने थाना प्रभारी के साथ बैठक कर दिए दिशा निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी ने अपने कार्यालय में गोड्डा अनुमंडल अंतर्गत सभी थानों के थाना प्रभारियों और पुलिस निरीक्षकों के साथ की मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं अन्य कई मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर वार्ता की एवं सभी थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### मदरसा दावतुल कुरआन में दावते इफ्तार का आयोजन

**बेरमो।** बेरमो प्रखण्ड के कुरपनिया पानी टंकी एरिया स्थित मदरसा दावतुल कुरआन मे रमजान के पहले जुमे के दिन सामुहिक रुप से भव्य दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। बताता चलूं कि इस आयोजन की तैयारी सुबहे से ही चल रही थी और इस आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय युवाओ के अलावे कमेटी के लोग और मदरसा के मोदरीस खास भूमिका मे नजर आये। ऐसे मोहक दृश्य रमजान जैसे मौके पर ही देखने को मिलते हैं। वहीं अभी रमजान लगभग 24 दिनों तक और चलनी है ऐसे में इस तरह के नजारे अनेको बार देखने को मिलते रहेगे।

### चैनपुर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी के नेतृत्व में प्रेमनगर और बस स्टैंड के समीप एक विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करना और यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करना था। अभियान के दौरान पुलिस ने छह वाहनों के चालकों का चालान काटा। इन चालकों में से कई बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे, जबकि कुछ ड्रिंक एंड ड्राइव के मामले में पकड़े गए। थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी ने बताया कि यह अभियान पुलिस अधीक्षक गुमला शंभू कुमार सिंह के निर्देश पर चलाया गया। अभियान के दौरान कई चालकों ने चेकिंग टीम को देखकर वहां से भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने सख्ती से नियमों का पालन कराने का निर्णय लिया। कुन्दन चौधरी ने बताया कि ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे ताकि सड़क पर सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके।

## जागरूकता शिविर संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र के अस्पताल प्रबंधन द्वारा महिलाओं को कैंसर से बचाव के लिए आयोजित जागरूकता शिविर संपन्न हो गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या के अवसर पर शिविर में वरिष्ठ महाप्रबंधक अविजीत घोष ने कहा कि महिलाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पुरुष को चलना चाहिए। उनकी सफलता में ही पुरुषों व समाज और देश की सफलता निहित है। उन्होंने कहा कि आदिकाल में भी समाज कल्याण में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। वर्तमान समय में भी हम महिलाओं से अलग हटकर समाज का निर्माण के बारे में सोच भी नहीं सकते। श्री घोष ने कहा कि महिलाएं हमेशा पूजनीय रही है इसलिए हम सभी का दायित्व बनता है कि हम सभी मिलकर उनका आदर करें।

मौके पर अशर्फी अस्पताल के डॉ विप्लव मिश्रा और डॉ रमेश कुमार ने महिलाओं को होने वाले स्तन कैंसर सहित अन्य तरह के कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से अवगत कराया और कहा कि हर महिलाओं को 45 साल से अधिक उम्र होने पर कैंसर संबंधित बीमारी की जांच कराते रहना चाहिए। इस अवसर पर डॉ पीके घोष विनोद कुमार राय कंचन स्मिता टोप्पो डॉ अंजनी तिग्गा आदि ने भी समारोह को संबोधित किया।

## अवैध निर्माण सहित कई आवास कराए गए कब्जामुक्त



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** सम्पदा न्यायालय बोकारो द्वारा 3 मार्च को अनधिकृत कब्जे वाले आवासों को मजिस्ट्रेट धनंजय कुमार गिरी व पुलिस बल और बीएसएल सुरक्षा विभाग की टीम की उपस्थिति में खाली कराने का अभियान चलाया गया जिसके तहत सेक्टर 4जी का डी टाइप आवास संख्या 4071, सेक्टर 9 बी का डी टाइप आवास संख्या 618 एवं 626 सेक्टर 9 बी का ई टाइप आवास संख्या 678, 1165,1166,1179, 1180 व 1239 तथा सेक्टर 1 बी का डी टाइप आवास संख्या 1413, 1421,1423, 1132, 1426 व 1440 सेक्टर 1 सी का डी टाइप आवास संख्या 1165 व 1154 सेक्टर 12 बी का डी टाइप आवास संख्या 3001 तथा सेक्टर 8 डी का डी टाइप आवास संख्या 3126, 3288, 3306, 3309 व 3312 को कब्जा मुक्त कराया गया। साथ ही आवास संख्या 12इ/डी टाइप /3001 एवं 12उ/ई टाइप /1112 के परिसर में अवैध रूप से निर्मित कमरों एवं सेक्टर 12 शॉपिंग सेंटर के समीप निर्मित अवैध निर्माण को भी सम्पदा न्यायालय द्वारा ध्वस्त कराया गया।

## बीएसएल में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम-एक्सिलरेट एक्शन की पृष्ठभूमि में बीएसएल में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन लगातार जारी है। इसी क्रम में बोकारो स्टील प्लांट में महिला समिति संचालित स्वावलंबन केंद्र में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन तथा ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में महिलाओं के अधिकारों के विषय पर आकांक्षा नामक एक टॉक शो का आयोजन किया गया। सुडोकू-गोलमाल है तथा खेलकूद एवं उड़ान जैसे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सुडोकू प्रतियोगिता प्रतिभागियों के संख्यात्मक और तार्किक कौशल पर आधारित थी तथा गोलमाल है प्रतियोगिता रोचक और हल्की-फुल्की गतिविधियों व खेलों के माध्यम से अंतर-टीम संचार और एकजुटता को बढ़ावा देने का एक प्रयास था।

गोलमाल है प्रतियोगिता में चित्रा पराशर प्रीति कुमारी तथा प्रेरणा कुमारी की टीम को प्रथम एवं आभा कुमारी स्नेहलता तथा सुश्री संगीता धर की टीम को द्वितीय स्थान तथा आयुषी कुमारी भवानी हांसदा तथा शालिनी प्रसाद की टीम को तृतीय स्थान मिला। खेलकूद प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ में नीता को प्रथम डॉ नन्दा प्रियदर्शनी को द्वितीय तथा बबिता कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। नीडल एवं थ्रेड रेस में बबिता कुमारी को प्रथम सीता सिंह को द्वितीय तथा देवाश्री टोप्पो को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। डिस्कस थ्रो में बबीता कुमारी ने प्रथम देवाश्री टोप्पो ने द्वितीय तथा नीता बा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## 67वां नवाह्न श्री श्री राम चरित्र मानस पाठ एवं महायज्ञ में श्रीराम का राज्याभिषेक के साथ हुआ पूणार्हुति

# चिंतन कीजिए चिंता मत कीजिए : लोकेशानन्द शास्त्री जी







खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत करगली गेट में मानस सत्संग समिति बेरमो के द्वारा 67वाँ नवाहन श्री श्री राम चरित्र मानस पाठ एवं महायज्ञ शुक्रवार को प्रभु श्री रामचंद्र जी के राज्याभिषेक के साथ पूणार्हुति हुआ। इस दौरान काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उपस्थित रहे। साथ ही श्री रामचंद्र जी की जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। यज्ञ के अंतिम दिन राज्याभिषेक के उपरांत आरती और प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान इस दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु एक परिसर का परिक्रमा कर पूजा-अर्चना किया। शनिवार को हवन और संध्या 4 बजे शोभा यात्रा निकाल मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। यह 67वां मानस महायज्ञ मिथिलाकुंज अयोध्या से आये मानस मर्मज्ञ वैष्णव संतस्वामी पूज्य यज्ञाचार्य श्री श्री 1008 राम बिहारी शरण जी महाराज कि अध्यक्षता मे संपन्न हुआ।

जमुई मुंगेर बिहार से पधारे पूज्य श्री सदानंद मिश्रा तथा उनकी टीम के द्वारा रामचरित मानस के पाठ कराने से करगली गेट सहित आस पास का क्षेत्र भक्तिमय हो गया। बैधनाथ धाम देवघर से पधारे परम पूज्य पंडित मिथिलेश मोदगल्य ने सभी नौ दिन रामचरितमानस का पाठ करवाया। दर्जनों की संख्या मे श्रद्धांलू यज्ञ परिसर में बैठकर श्री रामचरितमानस का पाठ किया। वही गुरूवार की रात्रि यज्ञ के आठवां दिन उज्जैन से पधारे श्री श्री लोकेशानन्द शास्त्री जी ने प्रवचन के द्वारा श्री राम केवट प्रसंग का सुन्दर चित्रण किया है। कहा कि कोई भी काम निडर होकर करना चाहिए, डरना नहीं चाहिए। हमेशा अपनी मंजिल की ओर बढ़ते रहें कुछ ना भी मिला तो तजुर्बा और अनुभव तो जरूर मिलेगा। डर से हमेशा काम बिगड़ता है। कहा कि चिंतन कीजिए चिंता मत कीजिए। जब भगवान श्री राम अपनी अर्धांगिनी माता सीता, भाई लक्ष्मण के साथ गंगा नदी पार करने के लिए गए तो वहा नाविक केवट ने अपनी चतुरता परिचय दिया। भगवान खुद केवट के पास गए। भगवान श्री राम ने केवट को गंगा नदी पार करने को कहा तो केवट ने नदी पार कराने से मना कर दिया। केवट ने कहा कि मैं आपके बारे में सुन रखा है आपकी चरण की धूल मात्र से ही एक पत्थर की शीला कन्या बन जाती है, तो मेरा तो नाव लकड़ी का है इसका क्या हाल होगा। इस कारण पहले मैं आपकी चरण धोऊंगा, उसके बाद नाव से नदी पार करवाऊंगा। केवट अपनी पत्नी के साथ श्री राम के चरण एक चरण धोए। दूसरा चरण धोते वक्त भगवान को पहला चरण फिर जमीन पर रखना पड़ा। इस पर केवट ने चतुराता का परिचय देते हुए कहा कि जब एक चरण धोऊंगा तो पहला चरण ऊपर उठकर रखना होगा। भगवान उसकी सारी चतुराता समझते हुए कहें कि इससे तो मैं गिर जाऊंगा। इस पर केवट ने कहा कि आप दोनों हाथ मेरे सिर पर रख ले इससे आप नहीं गिरेंगे। भगवान ने अपने दोनों हाथ केवट के सिर पर रख दिए। इससे केवट ने भगवान का आशीर्वाद भी प्राप्त कर लिया।

मौके पर यज्ञ के स्वागतध्यक्ष मनोज सिंह और सुशील सिंह, नितेश सिंह, अर्चना सिंह तथा निरंजन सिंह उर्फ रंजू ने श्रद्धालुओं से आग्रह करते हुए कहा कि शनिवार को सुबह में हवन किया जाएगा संध्या 4 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा में अधिक से अधिक श्रद्धालु शामिल हो।

## खबर एक नजर में

### ऑल इंडिया थियेटर काउंसिल की दो दिवसीय अधिवेशन का समापन

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** रविन्द्र नाथ टैगोर की कर्मभूमि शांति निकेतन में ऑल इंडिया थियेटर काउन्सिल के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन हुआ। इस अधिवेशन में एम भी आर म्यूजियकल ग्रुप के संगीत निदेशक मुकेश कुमार सिन्हा, की-बोर्ड प्लेयर ऋषभ देव सिन्हा एवं ऑक्टा पैड प्लेयर विनीत कुमार को ए आई टी सी के 'जनगीत' के संगीत निर्देशन के लिए प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। बोलपुर शांतिनिकेतन' में पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र कोलकाता के द्वारा निर्मित सृजनी शिल्पग्राम के मंच पर देश के सत्रह राज्यों से आए रंगकर्मियों का कला मंचन एवं विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

### सीआईएसएफ ने की अवैध कोयला के खिलाफ छापेमारी

**बेरमो।** सीसीएल ढोरी के महाप्रबंधक के आदेशानुसार, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व अमलो रेलवे साइडिंग के इंजन साइड से अवैध कोयला की छापेमारी की गयी। छापेमारी मे, 38.205 टन कच्चा कोयला जब्त किया गया, जिसे जेसीबी से ट्रेक्टर मे लोड करके अमलो रेलवे साइडिंग के क्रेशर मे अनलोडिंग किया गया ' छापेमारी मे बेरमो थाना एवं सीआईएसएफ इ कम्पनी इंचार्ज ए के सिंह इंस्पेक्टर क्राइम से महिपाल सिंह राठौड़,एवं आर. के वर्मा कांस्टेबल मंजुला कुमारी, हवलदार, अनु कुमारी सीसीएल एरिया सुरक्षा इंचार्ज, शिलचंद हवलदार, अनाम वारिश, मानिक दिगार, मुकेश कुमार शर्मा आदि शामिल थे।

### हत्या के आरोपी को न्यायालय ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम अनिल कुमार ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिला अंतर्गत मोरार निवासी दीपेंद्र यादव एवं मध्य प्रदेश के मुरैना जिला अंतर्गत घोस गांवा निवासी राजदीप सिंह को हत्या मामले सिद्ध दोषी पाने के बाद आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाई जाने के बाद अभियुक्त दीपेंद्र यादव और राजदीप सिंह को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस किया।

### कूएं में गिरा गिट्टी लदा 407 मालवाहक वाहन, बाल-बाल बचा चालक

**बेरमो।** बोकारो जिला के कसमार थाना क्षेत्र के रांगामाटी गांव में 6 मार्च को एक गिट्टी लदा 407 मालवाहक वाहन कुएं में गिर गया। उक्त घटना में वाहन चालक बाल-बाल बच गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार कुएं के सामने सड़क पर पीसीसी ढलाई का कार्य चल रहा था। जिसके? कारण मंजूरा की तरफ से आ रहा वाहन पीछे मोडकर डायवर्सन से होकर पार करना चाह रहा था। पीछे मोड़ने के क्रम में वाहन का पिछले हिस्से का दोनों चक्का कुएं में आ गया। जिससे गिट्टी भरा वाहन पीछे की ओर से कुएं में गिर गया। हालांकि कुएं में ज्यादा पानी नहीं था। कूंए में गिरने के साथ ही वाहन चालक सामने का ग्लास तोड़कर बाहर निकल आया। बताया जाता है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन में सिर्फ चालक ही था। बता दें कि, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बोकारो की ओर से कसमार प्रखंड में मंजूरा कॉलेज मोड़ से रांगामाटी तक पथ का मजबूती एवं मरम्मतीकरण कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में रांगामाटी में पीसीसी ढलाई किया जा रहा है। जिसके कारण छोटे-बड़े सभी वाहन डायवर्सन से होकर पार हो रहे हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना को बल मिल रहा है।

### नक्सल प्रभावित गांव को नहीं मिल रहा नक्सल विशेष पैकेज योजना का लाभ

**बेरमो।** बोकारो जिला के नावाडीह प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र पोखरिया पंचायत के कई ऐसे गांव है जहाँ नक्सल विशेष पैकेज योजना का लाभ नही मिल पाया है। जबकि नक्सल क्षेत्र से प्रभावित पंचायत को समुचित विकास कर भटके ग्रामिणों को मुख्यधारा में वापस करना योजना का मुख्य कार्य था। बताया जाता है कि 25 लाख का इनामी नक्सली अनमोल दा का गांव पोखरिया पंचायत के जरवा-इटवाबेड़ा सहित डेगागढ़ा से माकन चचरिया, कडरूखुटा से पोखरिया पंचायत को जोड़ने वाली कच्ची पथ आज भी जस की तस है। यहां अवागमन में स्थानीय ग्रामिणों को काफी परेशानीयों का सामना करना पर रहा है। बतातें चले कि आईएपी परिकल्पना योजना आयोग द्वारा की गई थी। इसे केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा नक्सल प्रभावित जिलों में बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा करने के लिए लागू करना था। इस योजना ने छोटी परियोजनाओं के लिए प्रत्येक जिले को वित्तीय वर्ष 2010-11 में 25 करोड़ रुपये और 2011-12 में 30 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था, लेकिन इन रकमों कि छाया तक प्रभावित गांव को नही लगा। आज भी नक्सल प्रभावित गांव विकास की बाट जोहने पर मजबूर है।

### कल्याणी में यूकोवयू ढोरी एरिया का सम्मेलन संपन्न

**बेरमो।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन की ढोरी एरिया का एक दिवसीय सम्मेलन शुक्रवार को कल्याणी स्थित यूनियन कार्यालय मे संपन्न हुई। सम्मेलन का शुभारंभ जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो, वरिष्ठ नेता सी एस झा व सुजीत कुमार घोष के द्वारा झंडोतोलन कर किया गया। सम्मेलन के अध्यक्ष मंडली में जितेंद्र दबे, जवाहरलाल यादव और भीम महतो आदि ने संचालन किया। सम्मेलन के दौरान ढ़ोरी क्षेत्र के सचिव भीम महतो ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रतिवेदन को सर्वसम्मति से सदन द्वारा पास किया गया। तत्पश्चात ढ़ोरी एरिया का पुनर्गठन किया गया। जिसमें 31 सदस्यीय नवनिर्वाचित सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष जितेंद्र दूबे, कार्यकारी अध्यक्ष जवाहरलाल यादव, उपाध्यक्ष बुटल महतो, रविंद्र गिरि व शंकर ठाकुर, सचिव भीम महतो सह सचिव सीताराम घोबी,शिव नारायण व राजू महतो, संगठन सचिव राजेंद्र रविदास, सह संगठन सचिव रामचंद्र मांझी, कोषाध्यक्ष गणेश महतो व राम नारायण महतो सहित 31 कार्यकारणी सदस्य बनाये गए। जेबीसीसीआई सदस्य और एटक उपाध्यक्ष लखन लाल महतो ने यूनियन की सदस्य संख्या बढ़ाने पर बल दिया गया। साथ ही कहा गया कि जिस क्षेत्र का सदस्य शुल्क जमा हो गया है या बकाया है वे मार्च माह तक जमा कर दें।

### राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन सामाजिक सुरक्षा कवच : दिलीप


**बेरमो।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का होली मिलन समारोह शुक्रवार को फुसरो स्थित डा राजेंद्र प्रसाद स्मृति भवन में मनाया गया। महासंगठन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष दिलीप नीलेश, प्रदेश उपाध्यक्ष संजय कुमार साहू, प्रदेश सचिव भुवनेश्वर साव व प्रदेश महामंत्री रमेश प्रसाद नायक शिरकत किए। बेरमो के फुसरो निवासी समाजसेवी अनिल गुप्ता को लंबे समय से सामाजिक समर्पण को देखते हुए बोकारो जिलाध्यक्ष बनाया गया। जबकि बोकारो निवासी गोपाल साव को युवा प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष बनाया गया। वहीं महिला प्रकोष्ठ का गठन अप्रैल तक करने को कहा गया। यह कार्यकाल 2027 तक के लिए है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष साहु मुरारी गुप्ता की अगुवाई में देश के 28 प्रदेशों व 9 केंद्र शासित प्रदेशों में महासंगठन को मजबूत किया जा रहा है। 14 करोड़ आबादी के बराबर हिस्सेदारी की मांग है। वहीं झारखंड में 51 सदस्यीय समिति बनायी जा रही है। हर जिले से 2 लोग शामिल किए जा रहे हैं। बोकारो जिले से प्रदेश सचिव भुवनेश्वर साव व प्रदेश महामंत्री रमेश प्रसाद नायक रखे गए हैं। साथ ही झारखंड के सभी 24 जिलों में महासंगठन के हर प्रकोष्ठ का गठन किया जा रहा है।

खबर मन्त्र
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net
रांची. शनिवार 08 मार्च 2025

# मरीजों की मजबूरी

अस्पताल की फामेर्सी या खास मेडिकल स्टोरों से दवाइयां खरीदना तिमारदारों की मजबूरी बन जाती है। उन्हें खास ब्रांड की दवा व उपकरण खरीदने के निर्देश होते हैं। दरअसल, खुले बाजार में उनकी उपलब्धता और गुणवत्ता को लेकर आशंका होती है। असल में, यह नीति-नियंताओं की जवाबदेही है कि वे मरीजों और उनके परिवारों को शोषण से बचाने के लिये दिशा-निर्देश तैयार करें। हालांकि, यह इतना भी आसान नहीं है क्योंकि विभिन्न हितधारकों के दबाव अकसर सामने आते हैं। जैसा कि वर्ष 2023 में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को उस समय कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ा था जब उसने डॉक्टरों से कहा था कि वे ब्रांडेड दवाएं न लिखें। उसके स्थान पर जेनेरिक दवाएं लिखें, ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। चिकित्सा बिरादरी ने तब दबाव बनाते हुए कहा था कि दवाओं की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। जिसके बाद यह आदेश जल्दी ही वापस लेना पड़ा था। इसके अलावा ब्रांडेड दवाओं के निमार्ताओं ने भी दबाव बनाया था, जो कि जन-कल्याण के बजाय बड़े पैमाने पर मुनाफे को प्राथमिकता देते रहते हैं। वैसे निजी अस्पतालों द्वारा दवाओं के जरिये पैसा कमाने की वजह यह भी है कि सरकारी जन-औषधि केद्रों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। ये केंद्र, जिनकी देश में संख्या पंद्रह हजार के करीब है, देश के सभी जिलों को कवर करते हैं। ये केंद्र नागरिकों को सस्ती कीमत पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराने के लिये बनाये गए थे। लेकिन, ये केंद्र दवाओं की कमी,गुणवत्ता के नियंत्रण के अभाव और ब्रांडेड दवाओं की अनधिकृत बिक्री की समस्याओं से ग्रसित रहे हैं। देश में यह एक बड़ा मामला है जिसमें हर परिवार की जेब हल्की हो रही है और केन्द्र- राज्यों की सरकार का नियंत्रण कमजोर है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

**मेष : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहासुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेंगे। शुभांक-4-6-7**

**वृष : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7**

**मिथुन : आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-4-6**

**कर्क : उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5**

**सिंह : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8**

**कन्या : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8**

**तुला : संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7**

**धनु : कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8**

**मकर : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7**

**कुंभ : बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-1-4-6**

**मीन : व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6**


# बलात्कार और हिंसा पर कब टूटेगी समाज की चुप्पी?

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (08 मार्च) पर विशेष**




दुनियाभर में प्रतिवर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है, जो सही मायनों में महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के लिए कार्रवाई के आह्वान का भी प्रतीक है। हालांकि चिंता का विषय यही है कि जिस आधी दुनिया के प्रति सम्मान प्रदर्शित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है, उसी आधी दुनिया को जीवन के हर मोड़ पर भेदभाव या अपराधों का सामना करना पड़ता है। यदि इसे भारत के ही संदर्भ में देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब ‘आधी दुनिया’ से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम सिर्फ पुलिस-प्रशासन को कोसने और संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालने या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन करने की रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुनः तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुनः सुर्खियां बनता है, अन्यथा ऐसी छोटी-मोटी घटनाएं तो आए दिन होती ही रहती हैं।

देश में कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर बीते कुछ वर्षों में कई तरह के कदम उठाने और समाज में ‘आधी दुनिया’ के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मयार्दा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, ‘आधी दुनिया’ के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं हो रही है, जिसके वो हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि महज कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने से रहे, जब तक उनका ईमानदारीपूर्वक कड़ाई से पालन न किया जाए। ऐसे मामलों में पुलिस-प्रशासन की भूमिका भी अनेक अवसरों पर संदिग्ध रहती है। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का कार्य करती है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए? जरूरत इस बात की महसूस की जाने लगी है कि पुलिस को लैंगिक दृष्टि से संवदेनशील बनाया जाए ताकि पुलिस पीड़ित पक्ष को पर्याप्त संबल प्रदान करे और पीडिताएं अपराधियों के खिलाफ खुलकर खड़ा होने की हिम्मत जुटा सकें, साथ ही जांच एजेंसियों और न्यायिक तंत्र से भी ऐसे मामलों में तत्परता से कार्रवाई की अपेक्षा की जानी चाहिए। ऐसी घटनाओं पर अंकुश के लिए समय की मांग यही है कि सरकारें मशीनरी को चुस्त-दुरूस्त बनाने के साथ-साथ प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें कि यदि उनके क्षेत्र में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के मामलों में कानून का अनुपालन सुनिश्चित नहीं हुआ तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए।



**- योगेश गोयल**

> सामने आती दिनदहाड़े छेड़छाड़, अपहरण, बलात्कार या सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग के समान हैं और यह कहना असंगत नहीं होगा कि महज कड़े कानून बना देने से ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगने वाला। आए दिन देशभर में हो रही इस तरह की घटनाएं हमारी सभ्यता की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं।

सामने आती दिनदहाड़े छेड़छाड़, अपहरण, बलात्कार या सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं सभ्य समाज के माथे पर बदनुमा दाग के समान हैं और यह कहना असंगत नहीं होगा कि महज कड़े कानून बना देने से ही महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश नहीं लगने वाला। आए दिन देशभर में हो रही इस तरह की घटनाएं हमारी सभ्यता की पोल खोलने के लिए पर्याप्त हैं। इस तथ्य को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि बलात्कार और छेड़छाड़ के जो मामले सामने आ रहे हैं, उनमें बहुत से ऐसे भी होते हैं, जिनमें पीड़िता के परिजन, निकट संबंधी या परिचित ही आरोपी होते हैं। दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़ों में तो यहां तक कहा जा चुका है कि करीब 97 फीसदी मामलों में महिलाएं अपनों की ही शिकार होती हैं और यह समस्या सिर्फ दिल्ली तक ही सीमित नहीं है बल्कि महिला अपराधों के मामले में पूरी दुनिया की यही तस्वीर है। जहां देश में हर 53 मिनट में एक महिला यौन शोषण की शिकार होती है और हर 28 मिनट में अपहरण का मामला सामने आता है, वहीं संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार दुनिया में प्रत्येक तीन में से एक महिला का कभी न कभी शारीरिक शोषण होता है। दुनिया में करीब 71 फीसदी महिलाएं शारीरिक मानसिक प्रताड़ना अथवा यौन शोषण व हिंसा की शिकार होती हैं, दक्षिण अफ्रीका में हर छह घंटे में एक महिला को उसके साथी द्वारा ही मौत के घाट उतार दिया जाता है और अमेरिका में भी इसी प्रकार कई महिलाएं हर साल अपने ही परिचितों द्वारा मार दी जाती हैं।

जहां तक पीड़िताओं को न्याय दिलाने की बात है तो इसके लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट की मांग काफी समय से उठती रही है किन्तु हमारा सिस्टम कछुआ चाल से रेंग रहा है। ऐसे मामलों में कठोरता बरतने के साथ-साथ त्वरित न्याय प्रणाली की भी सख्त जरूरत है ताकि महिला अपराधों पर अंकुश लग सके। आज अगर समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार के बावजूद महिलाओं के प्रति अपराध और संवेदनहीनता के मामले बढ़ रहे हैं तो हमें यह जानने के प्रयास करने होंगे कि कमी हमारी शिक्षा प्रणाली में है या कारण कुछ और हैं।

ऐसे कृत्यों में लिप्त रहने वाले लोगों की कुंठित मानसिकता के कारणों की पड़ताल करना भी बहुत जरूरी है, साथ ही सामाजिक मूल्यों का विकास करने के लिए विद्यालयों में नैतिक शिक्षा को लागू करना और छात्रों को अच्छा साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित करना समय की मांग है ताकि युवाओं की नकारात्मक सोच को परिवर्तित करने में मदद मिल सके, जिससे स्थिति में सुधार की उम्मीद की जा सके।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा के अभाव में मिलावट का खेल पनप रहा है। मिलावट करने वाले सिर्फ अपने फायदे की सोचते हैं, जबकि इसके परिणाम समाज और स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालते हैं।

**-दिनेश सिंह, रांची**

### कठोर सजा मिले

**त्योहारों** के दौरान नकली मेवा और मिलावटी सामानों की भरमार हो जाती है, जिससे उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य खतरे में पड़ता है। मुनाफा कमाने के लिए कुछ लोग नैतिकता को ताक पर रख देते हैं और भूल जाते हैं कि ये मिलावटी उत्पाद जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकते हैं। **– शिवशंकर, गुमला**

## X ट्वीट

हमारी परंपरा ही हमारी विरासत है

परंपरा का क्या महत्व है ?

परंपरा हमें एक दूसरे से जोड़ता है

परंपरा हमें प्रकृति से ,धरती से जोड़ता है।

परंपरा हमें देवताओं से ,अपने पूर्वजों से जोड़ता है।

हम कह रहे की हमें परंपरा का संरक्षण करना है - लेकिन वास्तव में, हमारी परंपरा ही हमारी रक्षा करता है।

सामाजिक और धार्मिक पारंपरिक रीति रिवाज , परंपरागत प्रबन्धन , रूढ़िवादी नीति - ये सब कई सदियों से हमारे समाज को रास्ता दिखा रही है , और उनकी हर प्रकार से रक्षा भी कर रही है।

**- निशा उरांव, डायरेक्टर, पंचायती राज, झारखंड**

# क्लारा जेटकिन: महिला अधिकारों की प्रखर नेता

**प्रतिभा कुशवाहा**

**महिला दिवस**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिवस महिलाओं के अधिकारों, उनकी समानता, स्वतंत्रता और उनकी सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृति और राजनीतिक उपलब्धियों को पहचानने के लिये जाना जाता है। आज इसका इतिहास कोई सवा सौ वर्ष पुराना हो चुका है। विश्व के लगभग सभी देशों में यह खास दिन लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने साथ महिलाओं सहित पुरुषों के सहयोग और उनमें संवेदनशीलता जगाने का माध्यम भी बनता है।

एक प्रमुख नाम क्लारा जेटकिन (1857-1933) का आता है जिनके प्रयासों से यह दिवस आज हम सब मना पा रहे हैं। वे एक जर्मन समाजवादी, नारीवादी और राजनीतिक कार्यकर्ता थीं, जिन्होंने महिला अधिकारों, श्रमिक आंदोलन और समाजवाद के लिए जीवनभर संघर्ष किया।

क्लारा जेटकिन का जन्म 1857 में जर्मनी में हुआ था। उनकी मां भी महिला अधिकारों के लिये संघर्षरत थीं। ऐसे में वे बचपन से ही इस तरह के आंदोलनों के प्रमुख नेताओं के संपर्क में आने लगीं। वे स्कूली दिनों में ही रूसी क्रांतिकारी आंदोलन से परिचित हो चुकी थीं और जर्मन मजदूर आंदोलन से सहानुभूति रखती थीं। बाद में रूसी क्रांतिकारी ओसिप जेटकिन के संपर्क में आईं और उनके साथ काम भी किया। बाद में वे उनके जीनवसाथी भी बने। 1881 में क्लारा जेटकिन अपने पति के साथ पेरिस चली गईं, जब उन्हें जर्मनी से देश निकाला दे दिया गया था। यह वह समय था जब जर्मन मजदूर आंदोलन और उनकी पार्टी जर्मन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी को कई तरह के प्रतिबंध झेलने पड़े। 12 साल बाद 1890 में उन्हें इस तरह के प्रतिबंध से निजात मिलीं।

इस दौरान पेरिस में रहते हुये क्लारा सक्रिय रहीं अपने लेखों और भाषणों से महिला अधिकारों को आवाज उठाती रही। इसका परिणाम यह रहा कि उन्हें 1889 में महिलाओं से जुड़े सवालों पर दूसरी इंटरनेशनल कांग्रेस को संबोधित करने के लिये आमंत्रित किया गया। यहां वे एक सक्रिय महिला अधिकारों की प्रवक्ता बन कर उभरीं।




1891 में जर्मनी लौटने के साथ उन्होंने महिला अधिकारों की वकालत करने के लिये ‘डाइ ग्लीचहाइट’ नामक पत्रिका की स्थापना की और उसका आगे 25 सालों तक संपादन कार्य भी किया। जर्मन पत्रिका ‘डाइ ग्लीचहाइट’ का अर्थ समानता है। इसके उप शीर्षक में महिला मजदूरों के हितों के लिये’ लिखा जाता था।

1890 के दशक से लेकर प्रथम विश्वयुद्ध के शुरू होने तक जेटकिन ने जर्मन समाजवादी महिला आंदोलन को सफलतापूर्वक खड़ा करने के लिए अपनी ऊर्जा समर्पित की। 1907 तक समाजवादी महिला आंदोलन में 75,000 से ज्यादा महिलाएं शामिल हो चुकी थीं। यह ‘डाइ ग्लीचहाइट’ के सदस्यता अभियान से पता चलता है। हजारों महिलाओं को ट्रेड यूनियनों, शिक्षा समितियों में संगठित किया गया और 1908 के बाद जब महिला संघ के विरुद्ध कानून निरस्त कर दिया गया, तो एसपीडी में भी शामिल हो गईं। 1914 तक जर्मन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी यानी एसपीडी की 174,474 महिला सदस्य थीं। इसी बात से उनके कुशल सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता होने का सबूत मिलता है।

1910 का सोशलिस्ट इंटरनेशनल महिला सम्मेलन महिलाओं के अधिकारों और समानता की दिशा में एक ऐतिहासिक मोड़ था। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का प्रस्ताव 1910 में कोपेनहेगन (डेनमार्क) में आयोजित इसी सम्मेलन में रखा गया था। क्लारा ने सुझाव दिया कि हर साल एक दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए, ताकि दुनिया भर में महिलाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके। इस प्रस्ताव को 17 देशों की 100 से अधिक महिलाओं ने समर्थन दिया। क्लारा जेटकिन के प्रस्ताव के एक साल बाद, 1911 में पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। यह 19 मार्च 1911 को ऑस्ट्रिया, जर्मनी, डेनमार्क और स्विट्जरलैंड में मनाया गया। लाखों महिलाओं और पुरुषों ने रैलियों, प्रदर्शनों और सभाओं के माध्यम से महिला अधिकारों की मांग की। इसके बाद 1975 में संयुक्त राष्ट्र ने इसे आधिकारिक मान्यता दी और इसे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस घोषित किया गया।

# महिलाओं के सुरक्षा को प्रतिबद्ध भारतीय न्याय संहिता



**सोनाली भट्टाचार्य**

**महिला दिवस**

बीएनएस की धारा 78 के प्रावधान के तहत किसी महिला को परेशान करना या पीछा करना एक गंभीर या संज्ञेय अपराध होता है। जिसमें पुलिस द्वारा बिना किसी वारंट के केवल पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया जा सकता है। भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अध्याय ५ में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक बल और हमले से संबंधित अपराधों के प्रावधान बताए गए हैं।

महिलाओं के विरुद्ध ऐसे अपराधों के लिये पहली बार इठर के अंतर्गत एक अलग खंड शुरू किया गया है।वीएनएस की धारा 74 से 79 में महिला के विरुद्ध आपराधिक बल प्रयोग और हमले के अपराध से संबंधित अपराधों तथा दंड के प्रावधान बताए गए हैं।

**हमला** एक व्यक्ति तब हमला करता है जब वह किसी महिला को यह डराता है कि वह उसके विरुद्ध बल का प्रयोग करता है।

धमकी भरे इशारे करना, हाथ उठाकर मारना या मौखिक रूप से शारीरिक नुकसान पहुँचाने की धमकी देना, ये सभी हमले के रूप हैं। हमला होने के लिये महिला को शारीरिक रूप से स्पर्श करना आवश्यक नहीं है।

केवल शब्दों से हमला नहीं माना जाता, बल्कि एक व्यक्ति द्वारा प्रयुक्त शब्द उसके हाव-भाव या तैयारी को ऐसा अर्थ दे सकते हैं, यदि की लड़की की मृत्यु उसके विवाह की 7 वर्ष के भीतर होती है और मृत्यु से पहले उसे उसके पति या नातेदारों की द्वारा दहेज मांगा गया हो शारीरिक चोट या मानसिक स्वास्थ्य पर जोर दिया गया हो तो इसका सीधा असर उसके पति और नातेदारों पर होता है घरेलू हिंसा को प्रमुखता 3 श्रेणियों में बटा गया है।

**मानसिक प्रताड़ना- मौखिक प्रताड़ना**

शारीरिक तौर पर जब प्रताड़ित किया जाए यहीं महिला को पति या उसके नातेदारों द्वारा मारा जाए या पीटा जाए याशारीरिक दुर्व्यवहार, उदाहरणार्थ गला दबाना, पिटाई करना, धक्का देना तथा हानि पहुँचाने की धमकी देना।

यौन हिंसा की कार्यवाहियां, जबरदस्ती यौन संपर्क बनाना या किसी को ऐसी यौन क्रियायें करने के लिये बाध्य करना जो वे करना नहीं चाहते।

भावनात्मक दुर्व्यवहार, गाली देना और नीचा दिखाना, असम्मानपूर्ण व्यवहार। शारीर पर किसी भी प्रकार से प्रहार किया जाए वो शारीरिक हिंसा होगी

मानसिक हिंसा मानसिक उत्पीड़न या मनोवैज्ञानिक उत्पीड़न, किसी व्यक्ति के खिलाफ किया जाने वाला ऐसा व्यवहार है जिससे उसे दर्द, परेशानी, या अपमान हो. यह एक तरह का भावनात्मक शोषण है. मानसिक उत्पीड़न, शारीरिक उत्पीड़न से अलग होता है. मानसिक उत्पीड़न के कुछ उदाहरण: डराना,अपमानित करना

मौखिक दुर्व्यवहार,बहिष्कार करना

किसी के बारे में दुर्भावनापूर्ण अफवाहें फैलाना,लगातार क्रोधित होना

चीखने-चिल्लाना,योग्यताओं को कम आंकना,शर्मिंदा करना,झूठा आरोप लगाना

मानसिक उत्पीड़न से पीड़ित व्यक्ति को मानसिक बीमारियां हो सकती हैं, जैसे कि अवसाद, चिंता, और पीटीएसडी. मानसिक उत्पीड़न से जुड़ी शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं।

कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013

यह कानून क्या करता है?

यौन उत्पीड़न क्या है?

व्यवहार या कृत्य

**शिकायत कौन कर सकता है?**

शिकायत किसको की जानी चाहिए ?

क्या यह समय सीमा बढाई जा सकती है ? शिकायत कैसे की जानी चाहिए ?

क्या पीड़ित की ओर से कोई और शिकायत कर सकता है ? शिकायत दर्ज करने के बाद क्या होता है ?झूठी शिकायतों से यह कानून कैसे निपटता है ? नियोक्ता और उन के कर्त्तव्य

**नियोक्ता के कर्तव्य**

भारत की वयस्क महिलाओं की जनसंख्या (जनगणना 2011) के आधार पर गणना की जाए तो पता चलता है कि 14.58 करोड़ महिलाओं (18 वर्ष से अधिक की उम्र) के साथ यौन उत्पीड़न जैसा अपमानजनक व्यवहार हुआ है। सवाल उठता है कि वास्तव में कितने प्रकरण दर्ज हुए? राष्ट्रीय अपराध अनुसंधान ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2006 से 2012 के बीच आईपीसी की धारा 358 के अंतर्गत 283407, धारा 509 के तहत 71843 और बलात्कार के 154251 प्रकरण दर्ज हुए। मतलब साफ है कि बलात्कार के अलावा उत्पीड़न के अन्य आंकड़ों को आधार बनाया जाए तो साफ जाहिर होता है कि अब भी वास्तविक उत्पीड़न के एक प्रतिशत मामले भी सामने नहीं आते हैं।

इसी दौरान बच्चों के यौन उत्पीड़न के मामलों हेतु एक अलग कानून बना। तदुपरांत यह स्थापित हो गया कि घरों में महिलाओं के साथ कई रूपों में हिंसा बदस्तूर जारी है। इसे लेकर घरेलू हिंसा रोकने के लिए कानून बना। अंततः यह स्वीकार किया जाने लगा है कि महिलायें भी एक कामकाजी प्राणी हैं, और वे काम की जगह पर भी हिंसा की शिकार होती हैं। इसके लिए अगस्त 1997 में सर्वोच्च न्यायालय ने देश में कार्यस्थल पर लैंगिक एवं यौन उत्पीड़न रोकने के लिए विशाखा दिशानिर्देश बनाए थे।

विचारणीय यह है कि क्या हमारा समाज महिलाओं के लिए एक असुरक्षित और अपमानजनक जीवन जीने का स्थान है? हम इंतजार करेंगे कि कोई विशाखा, भंवरी देवी या निर्भया आए और उनके अस्तित्व दांव पर लगने के बाद सरकार और समाज जागेगा? अब हमारे पास महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोषण) कानून 2013 मौजूद है। दिसम्बर 2013 को इसके नियम भी जारी कर दिए गए हैं। लेकिन इन नियमों से भी सरकार के गंभीर होने का अहसास होता है। **(अधिवक्ता झारखंड हाई कोर्ट रांची)**

## स्पीड न्यूज

### यातायात नियमों का करें : ब्रहमव्रत




भुरकुंडा (रामगढ़)। बच्ची देवी सेवा समिति मंडल जी गली भदानीनगर के द्वारा भदानीनगर बजरंग बलि मंदिर के प्रांगण में शुक्रवार को समिति के सचिव जितेन्द्र कुमार मंडल की माता का चौथी पुण्यतिथि मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार, लपंगा पंचायत के मुखिया आनंद दुबे ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर संस्था की ओर से बढ़ते सड़क दुर्घटना के कारण होने वाले मृत्यु को ध्यान में रखते हुए कई बाईक चालको के बीच हेलमेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर भदानीनगर ओपी प्रभारी ब्रहमव्रत कुमार ने संस्था के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि माता की पुण्यतिथि इस तरह से मनाना एक सकारात्मक सोच को दर्शाता है। ऐसे कार्यक्रम में आकर बहुत प्रशंसा हो रही है। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों से अनिवार्य रूप से हेलमेट पहने और यातायात नियमों का शत प्रतिशत पालन करने की अपील की। सचिव जितेन्द्र कुमार मंडल ने बताया की हमलोग हमेशा संस्था के मध्यान से सामाजिक सरोकार से जुड़े मुद्दों पर कार्यक्रम करते हैं। कार्यक्रम में राजेश मंडल, अशोक मंडल, मनोज मंडल, कैलाश राम, भोला शर्मा, कमलेश कुमार, मुन्ना ओझा, शम्भू शरण प्रशाद, अनिल सिंह, आरके पारीक, डब्लू सिंह, रामशरण गिरी, अजय सिंह, नागेंद्र प्रसाद, अशोक राणा, पंकज पांडेय, हारून अंसारी, मुकेश चौधरी, राजकिशोर सिंह, विकाश कुमार, करण, चण्डीप राम सहित कई लोग मौजूद रहे।

### महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर : गोप



भुरकुंडा (रामगढ़) ।अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को समाजसेवी रामेश्वर गोप ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनके बिना किसी भी देश की प्रगति अधूरी है। उन्होंने कहा कि ह्यमहिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक संकल्प होना चाहिए। जब महिलाएं शिक्षित और आत्मनिर्भर बनेंगी, तभी समाज वास्तव में विकास की ओर अग्रसर होगा। रामेश्वर गोप ने महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और समान अवसरों पर जोर देते हुए कहा कि समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव को दूर करना सभी की जिम्मेवारी है। उन्होंने सरकार और समाज के सभी वर्गों से अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक कदम उठाएं। इस अवसर पर श्री गोप ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित करने की बात कही और महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

### सरहुल पूजा समिति की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** केन्द्रीय सरहुल पूजा समिति भुरकुंडा ने कोयलांचल भुरकुंडा की पूजा की तैयारियों को लेकर गुरुवार को रेलवे लाईन आदिवासी कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बालेश्वर बेदिया और संचालन शशि करमाली ने किया। बैठक में सरहुल पूजा और भव्य झांकी को लेकर तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक में पोस्टर बैनर लगाने, कोष संग्रह, जीएम से मिलकर कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई कराने, पाहन का चयन सहित अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। मौके पर समिति के संस्थापक विक्रम करमाली, राजन करमाली, संरक्षक श्रीनाथ करमाली, झरी मुंडा, रामविलास करमाली, हरिलाल बेदिया, श्याम सुंदर प्रसाद, रामलखन मुंडा, महेंद्र मुंडा, अंजू देवी, विकेश बेदिया, छोटा राजन, अरूण करमाली, रंजीता करमाली, सरयू मुंडा, गुलाब करमाली, देवशरण मुंडा, राजेन्द्र बेदिया, अमर बाउरी, पिंटू बेदिया, अजय सोरेन, नंदु करमाली, अरविंद करमाली, रामदास बेदिया, विक्की करमाली, विकास करमाली, रोहित मुंडा, विरेन्द्र मुंडा, सूरज कुमार, राजेश करमाली, अर्जुन करमाली, राज करमाली, रतन करमाली, पृथ्वी राज करमाली, मुनेश बेदिया, अजय राम आदि मौजूद थे।

### कई मांगों को लेकर बैठक 10 को

**कुजू।** युनाईटेड कोल वर्कर्स यूनियन के करमा शाखा सचिव जयनंदन महतो द्वारा गत माह विभिन्न मांगों को लेकर सौंपे गये आवेदन पर आगामी 10 मार्च को करमा परियोजना में बैठक आयोजित की गयी है। जिसे लेकर करमा परियोजना कार्मिक प्रबंधक ने पत्र जारी कर बैठक में शामिल होने की बात कही है।

### भंडारे के साथ महायज्ञ संपन्न



**कुजू।** राम नाम प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ सांडी मनमोहन नगर में आयोजित पांच दिवसीय महायज्ञ शुक्रवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। इस बीच यज्ञाचार्य शशिकान्त मिश्रा, आलोक शुक्ला, देवेंद्र द्विवेदी, प्रांजुल शुक्ला, दीपक द्विवेदी आदि ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच यजमानों को वेदी पूजन, मूर्ति स्थापन, यज्ञापूणाहुति,आरती अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया गया। जब प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और माता जानकी की प्रतिमा स्थापित हो रही थी ठीक उस वक्त श्रद्धालुओं में काफी उत्साह था। वे जोर जोर से प्रभु के साथ अन्य देवी देवताओं का नारे लगा रहे थे। बाद में भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। चार दिनों तक लगातार वहीं श्रीमद् राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक पूज्य श्री रूद्र कृष्ण जी महाराज द्वारा भगवद कथा का अनुश्रवण कराया गया।

# हरली पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कई साल से बंद

## अस्पताल की बदरंग हुई दीवारें और ताले में लगा जंग

रौशन सिन्हा

**दारु।** दारु प्रखंड के हरली पंचायत में करोड़ों रुपये की लागत से बना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वर्षों से बंद पड़ा है। बेहतर इलाज की आस लगाए ग्रामीणों को सिर्फ बदरंग दीवारें और जंग लगे ताले देखने को मिल रहे हैं।

मुखिया फरजाना खातून ने इस बंद अस्पताल को सरकारी धन की बबार्दी करार देते हुए कहा कि हर साल केवल झाड़ियां काटी जाती हैं और दीवारों की पुताई होती है, लेकिन अस्पताल शुरू नहीं किया जाता। बार-बार टेंडर निकालकर केवल रिपेयरिंग का खेल खेला जा रहा है, जिससे सरकारी फंड का दुरुपयोग हो रहा है।

ग्रामीणों का गुस्सा अब फूटने लगा है। उनका कहना है कि अगर यह स्वास्थ्य केंद्र चालू होता, तो उन्हें इलाज के लिए हजारीबाग या अन्य जगहों पर नहीं भटकना पड़ता। अस्पताल की इमारत, सड़क और अन्य सुविधाएं पूरी होने के बावजूद यह सिर्फ कागजों में सक्रिय है। पेटो उप-स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. अमरेश कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष अस्पताल संचालन के लिए सौंपा गया था, लेकिन सड़क और अन्य आंतरिक समस्याओं के कारण इसे चालू नहीं किया जा सका। ठेकेदार ने आश्वासन दिया है कि मार्च के अंत तक अस्पताल पुनः सौंप दिया जाएगा, जिसके बाद इसे चालू करने की योजना है। हालांकि, डॉक्टरों की कमी अब भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। मुखिया फरजाना खातून ने दो टूक कहा कि यदि जल्द ही स्वास्थ्य केंद्र चालू नहीं किया गया, तो वह ग्रामीणों के साथ उग्र आंदोलन करेंगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस लापरवाही को खत्म कर क्षेत्र के लोगों को जल्द स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।




# बड़कागांव व पतरातू बने अनुमंडल : रोशन

## विधायक ने सदन में उठाया मामला

खबर मन्त्र संवाददाता



बड़कागांव। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन में क्षेत्र की प्रशासनिक जरूरतों को मजबूती से रखते हुए रामगढ़ जिले के पतरातू और हजारीबाग जिले के बड़कागांव को अनुमंडल बनाने की मांग की। उन्होंने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि इन दोनों क्षेत्रों में जनसंख्या के अनुपात में प्रशासनिक सेवाओं का विस्तार आवश्यक हो गया है। विधायक चौधरी ने बताया कि पतरातू प्रखंड में कुल 42 पंचायतें हैं और यहां की आबादी तीन लाख से अधिक है। पहले से ही पुलिस अनुमंडल कार्यालय की मौजूदगी और जिला मुख्यालय से 40 किलोमीटर की दूरी को देखते हुए, यहां अनुमंडल सृजन की जरूरत और भी प्रासंगिक हो जाती है। खासकर तब, जब प्रमंडलीय आयुक्त द्वारा इस प्रस्ताव की अनुशंसा भी की जा चुकी है। इसी तरह, हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड की 23 पंचायतों और केरेडारी प्रखंड की 16 पंचायतों को मिलाकर कुल जनसंख्या साढ़े तीन लाख से अधिक हो चुकी है। बड़कागांव में पहले से पुलिस अनुमंडल कार्यालय कार्यरत है, जिससे अनुमंडल मुख्यालय की स्थापना अनिवार्य हो गई है। विधायक ने सदन के माध्यम से सरकार से अपील की कि इन क्षेत्रों में अनुमंडल मुख्यालय स्थापित कर प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत किया जाए, जिससे स्थानीय नागरिकों को बेहतर सेवाएं और सुविधाएं मिल सकें।

### प्रतिबंधित मांगुर मछली लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार



**कुजू।** कुजू पुलिस ने ओपी क्षेत्र के पैंकी फोरलेन के पास से प्रतिबंधित मछली (मांगुर मछली) लदा ट्रक को जब्त करते हुए मौके से चालक को गिफ्तार किया। मामले को लेकर कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने बताया कि गुरूवार की शाम ग्रामीणों द्वारा सूचना दिया गया कि प्रतिबंधित मछली (मांगुर) लदा एक ट्रक संख्या डब्लूबी19जे-0530 दिघा बंगाल से कुजू ओर आ रहा है। इस पर उन्होंने तत्वरित कार्रवाई करते हुए पैंकी फोरलेन पहुंचकर मछली लदा ट्रक को जब्त किया। साथ ही मौके से चालक बरही निवासी पारनाथ सिंह (50 वर्ष) को गिरफ्तार किया। चालक ने बताया कि प्रतिबंधित मांगुर मछली को दिघा बंगाल से लोडकर औरंगाबाद बिहार लेकर जा रहा था। इधर ओपी प्रभारी ने मछली का सैंपल लेकर जांच के लिए लेबोरेटरी भेज दिया गया। साथ ही ट्रक चालक व मालिक पर मामला दर्ज किया गया। ट्रक पर करीब ढाई टन प्रतिबंधित मांगुर मछली लोड है।

### पीवीयूएन ने गेगदा में किसानों को दिया प्रशिक्षण




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएन लिमिटेड द्वारा शुक्रवार को गेगदा गांव में किसानों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताया गया कि किसानों की वास्तविक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आयोजन की तैयार को लेकर बीते कुछ हफ्तों में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय रांची के कृषि (ऑनर्स) के अंतिम वर्ष के छात्रों ने पीवीयूएनएल की सामुदायिक विकास टीम के साथ मिलकर एक व्यापक आवश्यकता मूल्यांकन सर्वेक्षण किया। सर्वेक्षण में पाया गया कि किसानों को फसल चक्र, आधुनिक सिंचाई तकनीकों, जैविक खेती के तरीकों तथा जैविक खाद और उर्वरक बनाने की जानकारी नहीं थी। इसके अलावा कई किसान सरकारी सब्सिडी और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं से अनजान थे। इसी कड़ी में गेगदा गांव के खेत एक जीवंत कक्षा में बदल गए। युवा और बुजुर्ग एवं महिला- पुरुष किसान सभी उत्सुकता और उम्मीद के साथ एकत्र हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर कृषि प्रशिक्षुओं, स्थानीय कृषि मित्रों और पीवीयूएनएल के कर्मचारियों ने किसानों को सरल और प्रभावी सिंचाई तकनीकों से अवगत कराया। जिससे जल संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके। जैविक खेती पर आयोजित सत्रों ने किसानों को स्थायी कृषि विधियों की जानकारी दी गई। जिससे मिट्टी की उर्वरता बनी रहे और रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटे। पीवीयूएनएल ने किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं पर विस्तृत जानकारी देने के लिए सूचनात्मक पुस्तिकाएं भी वितरित की।

### प्रतिभा प्रतियोगिता में वर्षा का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा वर्षा कुमारी विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित 'विद्या भारती प्रतिभा खोज' एवं प्रतिभा चयन दोनो प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया है। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने वर्षा कुमारी को सम्मानित कर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। मालूम हो कि 'विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान' प्रत्येक वर्ष पूरे झारखंड के विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन परीक्षा आयोजित करती है ।इस परीक्षा के माध्यम से छात्रों के प्रतिभा का पता चलता है। यह परीक्षा दो चरणों में संपन्न होती है-प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा। मुख्य परीक्षा में सर्वोत्तम अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को नगद राशि से सम्मानित किया जाता है। यह परीक्षा तीन स्तर पर ली जाती है ।शिशु वर्ग, बाल वर्ग एवं किशोर वर्ग। विद्यालय की बहन वर्षा कुमारी ने प्रतिभा खोज एवं प्रतिभा चयन बाल वर्ग में पूरे झारखंड मे उत्कृष्ट प्रदर्शन की । दो हजार रुपए देकर सम्मानित किया गया।

## चरही पंचायत में जन औषधि केंद्र से ग्रामीणों को मिलेगी सस्ती दवा



खबर मन्त्र संवाददाता

चरही। चुरचू प्रखंड के चरही पंचायत में जन औषधि प्रधानमंत्री दुकान का स्थापना दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस मौके पर हजारीबाग सदर सांसद मनीष जायसवाल, चुरचू प्रखंड के जिला परिषद सदस्य वासुदेव करमाली, पंचायत समिति सदस्य आशा राय और शक्ति देवी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में जन औषधि केंद्र की उपयोगिता पर चर्चा की गई। यह पहल ग्रामीणों को सस्ती व गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के लिए शुरू की गई है, जिससे जरूरतमंदों को महंगी दवाइयों की परेशानी से राहत मिलेगी। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जन औषधि

**दूर-दराज के गांवों तक पहुंच रही हैं किफायती दवाएं : जायसवाल**

योजना स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है, जिससे दूर-दराज के गांवों तक किफायती दवाएं पहुंच रही हैं ।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता द्वारिका सिंह, मुरारी सिंह, अजीत सिंह, रतन सिन्हा, महादेव विश्वकर्मा, छोटू लाला, शशि साव और प्रदीप साव सहित कई स्थानीय नेता भी उपस्थित थे। सभी ने इस पहल को गरीबों के लिए एक वरदान बताया और अधिक विस्तार पर जोर दिया। स्थापना दिवस के दौरान, लोगों को इस योजना के बारे में जागरूक किया गया और इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

# हजारीबाग से बगोदर के बीच सैकड़ों पेड़ सूखे

खबर मन्त्र संवाददाता

**▸▸ हल्की हवा में भी टहनियां टूटकर सड़क पर गिर रही हैं, छह महीने में दो बार गिर चुकी हैं गाड़ियों पर**



दारु। हजारीबाग से बगोदर के बीच सैकड़ों सूखे पेड़ मौत का साया बनकर सड़क किनारे खड़े हैं। हल्की हवा चलने पर इनकी सूखी टहनियां टूटकर सड़क पर गिर रही हैं, जिससे राहगीरों और वाहनों की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। वन विभाग को कई बार सूचित किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। क्या किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है? हरली पंचायत के मुखिया पति फारूक उद्दीन ने बताया कि वन विभाग को दो बार आवेदन दिया गया, लेकिन अधिकारी कान में तेल डालकर बैठे हैं। तीन महीने पहले हरली एनएच-522 पर एक विशाल पेड़ गिरा था। सूचना देने पर वन विभाग ने सिर्फ कीमती लकड़ी काटी और बाकी सूखे पेड़ों को हटाने से मना कर दिया। उन्होंने विरोध किया तो अधिकारी बहस पर उतर आए। उन्होंने पर्यावरण मंत्री को चिट्ठी लिखकर शिकायत की, लेकिन नतीजा अब तक शून्य है। दारू प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता ने कहा कि हर हफ्ते कोई न कोई हादसा हो रहा है। वाहन और राहगीर इन सूखी टहनियों की चपेट में आ रहे हैं। विभाग को तुरंत एक्शन लेना चाहिए, नहीं तो किसी दिन कोई बड़ा हादसा जान भी ले सकता है। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि सोनू साव ने चिंता जताते हुए कहा कि ₹हजारीबाग से बगोदर तक हजारों पेड़ सूख चुके हैं। हर हफ्ते तीन से चार घटनाएं हो रही हैं। आखिर इन हादसों की जिम्मेदारी कौन लेगा? झुमरा चौक पर स्थित वाहन गैराज के मालिक मनोवर अंसारी ने बताया कि पिछले छह महीनों में दो बार पेड़ की मोटी टहनी गाड़ियों पर गिर चुकी है। एक बार स्कॉर्पियो और दूसरी बार अल्टो को भारी नुकसान हुआ। गनीमत रही कि कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। रामदेव खरिका के टुनटुन ठाकुर ने कहा कि हर हफ्ते अखबारों में सूखे पेड़ों की खबरें छपती हैं, लेकिन वन विभाग का रवैया जस का तस बना हुआ है। अमृत नगर में हाल ही में एक मारुति स्विफ्ट पर पेड़ की मोटी डाली गिरने से गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ड्राइवर बाल-बाल बचा, लेकिन क्या अगली बार कोई इतना भाग्यशाली होगा? घटनाओं से स्पष्ट है कि वन विभाग की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। क्या प्रशासन तब जागेगा जब कोई अनमोल जान इन सूखे पेड़ों के नीचे दबकर दम तोड़ देगी? अब समय आ गया है कि जिम्मेदार अधिकारी तुरंत एक्शन लें, वरना इस आपराधिक लापरवाही के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा।

## एक नजर में

### शेफाली गुप्ता ने ओल्ड एज होम में मनायी होली



हजारीबाग। होली के पावन अवसर को खास बनाते हुए भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने शुक्रवार को ओल्ड एज होम और मुख बधिर विद्यालय में जरूरतमंदों के साथ रंगों का उत्सव मनाया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों को अबीर-गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर और स्नेहपूर्ण संवाद से उनका मनोबल बढ़ाया। वहीं, मुख बधिर बच्चों के संग भी खुशियां साझा कीं, जिससे उनके चेहरे पर अनमोल मुस्कान खिल उठी। वरिष्ठ नागरिकों के बीच समय बिताकर शेफाली गुप्ता भावुक हो गईं और उन्होंने हर परिस्थिति में उनके साथ खड़े रहने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा, ₹समाज के इन खास वर्गों के साथ समय बिताकर मुझे जो आत्मिक शांति और आनंद मिला, वह शब्दों से परे है। उनके अनुभव और आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची सेवा है और समाज के हर व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वे बुजुर्गों और विशेष बच्चों का सम्मान करें, उनकी देखभाल करें और उनकी जरूरतों को समझें। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, रोहित राम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने मिलकर समाज में प्रेम, अपनापन और सेवा के संकल्प को और मजबूत किया।

७ है पी २ : भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता

### नैसकॉम फाउंडेशन की कार्यशाला संपन्न



**कटकमदाग।** कटकमदाग में नैसकॉम फाउंडेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय डिजिटल साक्षरता कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को डिजिटल तकनीकों के सुरक्षित और प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी शिव बालक प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। नैसकॉम फाउंडेशन, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम और नीति आयोग के सहयोग से यह पहल डिजिटल इंडिया मिशन को मजबूती देने के लिए आयोजित की गई। इस दौरान पीएफओ अनुसा दास, मास्टर ट्रेनर शंकर कुमार प्रजापति और मास्टर ट्रेनर रितेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया, जिसमें सैकड़ों आंगनबाड़ी सेविकाओं और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान साइबर फ्रॉड से बचाव, स्मार्टफोन और इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग, ईमेल संचार, ऑनलाइन सेवाओं का प्रभावी इस्तेमाल और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाओं को व्यक्त किया और विशेषज्ञों ने उनके प्रश्नों का समाधान दिया। कार्यशाला के समापन पर प्रशिक्षुओं ने इसे अपने जीवन में बेहद उपयोगी बताया। एक आंगनबाड़ी सेविका ने कहा कि यह कार्यक्रम उनके लिए डिजिटल दुनिया के नए द्वार खोलने जैसा है। इस पहल की सराहना करते हुए अधिकारियों ने कहा कि डिजिटल जागरूकता ग्रामीण भारत के विकास की नींव है और ऐसे प्रशिक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

७ है पी ३ : मौके पर उपस्थित लोग

### कृष्णा बने मानवाधिकार एसो. के प्रदेश अध्यक्ष



**बरही।** बरही के प्रतिष्ठित समाजसेवी और वरिष्ठ पत्रकार कृष्णा प्रजापति को राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। उनका मनोनयन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपते हुए इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से नवाजा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह और महासचिव संजय कुमार सुमन ने कहा कि कृष्णा प्रजापति पिछले 20 वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से योगदान दे रहे हैं। उन्होंने विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षणिक संगठनों के माध्यम से समाजहित में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। मानवाधिकार संरक्षण और सामाजिक सेवा के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने संगठन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे झारखंड में मानवाधिकार संरक्षण, संगठन के विस्तार और मजबूती के लिए संकल्पबद्ध रहेंगे। उन्होंने दलित, शोषित और वंचित वर्ग से अपील की कि यदि कहीं भी मानवाधिकार हनन हो रहा हो, तो वे संगठन से संपर्क करें, उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उनकी नियुक्ति पर संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा, संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय, महासचिव प्रीति उपाध्याय, हजारीबाग जिला अध्यक्ष दीपक पांडेय, सहित कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी।

### बुंडू विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी : मुखिया



**बरही।** प्रखंड के मलकोको पंचायत स्थित बुंडू उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी, भवन और चारदीवारी की अनुपस्थिति जैसी समस्याओं को लेकर मुखिया विजय यादव ने जिला शिक्षा अधीक्षक (डीईएस) को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने विद्यालय की दुर्दशा पर चिंता जताते हुए त्वरित समाधान की मांग की। मुखिया विजय यादव ने बताया कि यह विद्यालय कुछ वर्ष पूर्व उच्च विद्यालय में तब्दील किया गया था, जिससे यहां नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। हालांकि, छात्र-छात्राओं की संख्या में वृद्धि के बावजूद विद्यालय में शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इसके अलावा, विद्यालय में पर्याप्त कक्षाओं की कमी और चारदीवारी न होने से सुरक्षा संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। चारदीवारी के अभाव में आवारा पशु विद्यालय परिसर में प्रवेश कर भवन और बरामदे को गंदा कर देते हैं, जिससे स्वच्छ वातावरण में पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। मुखिया ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति, नए भवनों का निर्माण और चारदीवारी की व्यवस्था शीघ्र की जाए ताकि छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण मिल सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो अभिभावकों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### चोरी की बाइक जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**दारु।** दारु थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान पेटो चौक पर एक फर्जी नंबर प्लेट लगी चोरी की बाइक (JH 02Z 9567 जब्त की। जब इंजन और चेसिस नंबर की जांच की गई, तो भारी गड़बड़ी पाई गई, जिससे पुलिस का शक गहरा गया। बाइक सवार दयाल महतो (पिता डमर महतो, निवासी टाटीझरिया) से सख्ती से पूछताछ की गई, तो उसने स्वीकार किया कि बाइक चोरी की है। पुलिस ने उसके खिलाफ केस नंबर 24/25 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया। १

### आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**रामगढ़।** आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ कैंट के छात्रों ने विभिन्न क्षेत्रों में शानदार उपलब्धि हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के वाणिज्य संकाय (कक्षा 12वीं) के मेधावी छात्र हर्ष द्विवेदी ने यूसीइडी परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय रैंक 56 प्राप्त किया और उन्हें आईआईटी हैदराबाद में प्रवेश मिला । कला संकाय (कक्षा 12वीं) के छात्र देवेश कुमार सिंह ने सीएलएटी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने अखिल भारतीय रैंक 580 और झारखंड में 12वां रैंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। उनकी यह उपलब्धि कानून के क्षेत्र में करियर बनाने वाले छात्रों के लिए प्रेरणा बनेगी।

# महिला दिवस महिलाओं के संघर्ष और उपलब्धियों की पहचान है



भूले से मत कीजिए, नारी का अपमान!
नारी जीवन दायिनी, नारी है वरदान,
मां बनकर देती है जन्म, पत्नी बन संतान,
जीवन भर छाया करे, नारी वृक्ष समान
इस महिला दिवस पर नारी शक्ति को प्रणाम!

**कोडरमा।** महिला दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि महिलाओं के संघर्ष और उपलब्धियों की पहचान है। भारत में जहां नारी को देवी माना जाता है, वहीं वह असमानता और हिंसा का शिकार भी होती है। लेकिन अब महिलाएं शिक्षा, खेल, विज्ञान, राजनीति और रक्षा जैसे हर क्षेत्र में इतिहास रच रही हैं। प्राचार्या होने के नाते, मैं देखती हूं कि आज की बच्चियां आत्मनिर्भर और महत्वाकांक्षी हैं, शिक्षा ही उन्हें सशक्त बनाती है। इस महिला दिवस पर हम संकल्प लें कि हर लड़की को अवसर देंगे, ताकि वह अपने सपने साकार कर सकें और समाज को आगे बढ़ा सकें।

**–अंजना कुमारी प्राचार्या,** ग्रिजली विद्यालय

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों, संघर्षों और उपलब्धियों को सम्मान देने का दिन है। यह दिवस हमें याद दिलाता है कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चाहे वह परिवार हो, शिक्षा, विज्ञान, खेल, राजनीति या व्यवसाय। आज महिलाएं न केवल अपने घर-परिवार को संभाल रही हैं, बल्कि समाज और देश की उन्नति में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं।

**–नीरजा,** प्राचार्या ग्रिजली पब्लिक स्कूल

## कोडरमा सदर अस्पताल में मना जन औषधि दिवस

# महंगाई से जूझ रहे लोगों के लिए जेनरिक दवाइयां रामबाण सिद्ध हो रही हैं : डॉ अनिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**कोडरमा।** सदर अस्पताल स्थित सभागार में सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार की अध्यक्षता में जन औषधि दिवस मनाया गया। वहीं उन्होंने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मंहगाई के इस दौर में जेनरिक दवाइयां आमजनों के लिए रामबाण सिद्ध हो रहा है, उन्होंने कहा कि देश भर में एक मार्च से 7 मार्च तक जन औषधि दिवस मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य आमजनों को इसके प्रति जागरूक करना है। जेनरिक दवाइयां न केवल ब्रांडेड दवाइयों से काफी सस्ती होती है बल्कि असरदार भी होती है।

वहीं उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में इस केंद्र के खुलने से अस्पताल आने वाले मरीजों व जिलेवासियों को इसका काफी लाभ मिल रहा। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल समेत सभी सीएचसी में सभी चिकित्सक जेनरिक दवाइयां ही लिखें इसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। वहीं जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि कुछ लोगों का मानना है कि जन औषधि की दवा ज्यादा असरदार नहीं होती हैं, यह पूरी तरह गलत है। आज बड़े बड़े शहरों और अस्पतालों में भी जेनरिक दवाइयों का प्रचलन खूब बढ़ा है, लोग बेझिझक इसका उपयोग कर रहे हैं और विभिन्न रोगों से स्वस्थ भी हो रहे हैं। कार्यक्रम को डीपीएम महेश कुमार आदि ने भी सम्बोधित किया। मौके पर विनीत अग्निहोत्री, सुमित कुमार सिन्हा, लाल बहादुर सिंह, सुजित कुमार, रौनक कुमार सुनील यादव, अभिजीत कुमार, जीवन कुमार समेत भारी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी आदि मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### प्रधानाचार्य की लापरवाही से दो विद्यार्थियों का भविष्य संकट में, एडमिट कार्ड जारी न होने से परीक्षा से वंचित





**कुंदा (चतरा)।** मॉडल विद्यालय के प्रधानाचार्य की लापरवाही के कारण नौवीं कक्षा के दो विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं। लेवाड़ गांव के रहने वाले छात्र पंकज कुमार और सुमन कुमारी का कहना है कि उन्होंने रजिस्ट्रेशन शुल्क 530 रु. जमा किया था, फिर भी उनका एडमिट कार्ड जारी नहीं हुआ। छात्रों के अभिभावकों ने जब प्रधानाचार्य कमलेश प्रताप यादव से इस संबंध में बातचीत की, तो उन्होंने इसे एक छोटी गलती बताकर पल्ला झाड़ लिया। छात्रों का आरोप है कि जब उनके पिता प्रधानाचार्य से मिलने गए, तो उन्हें कहा गया, अब गलती हो गई, हम अगले साल का ट्यूशन शुल्क दे देंगे। ज्यादा हल्ला मत करो, नहीं तो बच्चे का भविष्य खराब कर देंगे। प्रधानाचार्य ने रजिस्ट्रेशन और चालान जमा होने की पुष्टि की, लेकिन सर्वर डाउन होने की वजह से एडमिट कार्ड जारी न होने का दावा किया। अब सवाल यह उठता है कि तकनीकी गड़बड़ी की जिम्मेदारी छात्रों पर क्यों डाली जा रही है? अभिभावकों ने उपायुक्त से गुहार लगाई है कि छात्रों के भविष्य को बचाने के लिए उचित कार्रवाई की जाए और एडमिट कार्ड जारी करवाया जाए ताकि वे परीक्षा में शामिल हो सकें। प्रशासन से अपेक्षा है कि इस मामले की गंभीरता को समझते हुए जल्द से जल्द उचित निर्णय लिया जाए।

### लोक जनसुनवाई कार्यक्रम में रैयतों ने किया जोरदार विरोध, कार्यक्रम रद्द



**टंडवा (चतरा)।** पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार उड़सू मोड़ के समीप आम्रपाली विस्तारीकरण को लेकर जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान लोक जनसुनवाई कार्यक्रम सुन रहे कुछ रैयतों ने कार्यक्रम का विरोध कर दिया और कहा कि प्रबंधन द्वारा सिर्फ अपना हित साधने की मंसूबा साफ झलक रही है। इसी में कार्यक्रम स्थल में ही स्थानीय रैयत विरोध करते हुए जोरदार नारेबाजी करने लगे। लोगों ने तानाशाह जीएम नहीं चलेगा, परियोजना से उसे हटाना होगा जैसे नारे लगाए। सहमति बिना प्राप्त किये ही कार्यक्रम का समापन हुआ। लोगों ने कहा कि अगर सेरनदाग जैसा फर्जीवाड़ा कर लेने का प्रयास प्रबंधन ने किया तो वे सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे। न्यायालय में याचिका दायर कर आरोपियों को कठघरे में खींच कर ले जायेंगे। आरोप लगाया गया कि व्यापक विरोध को देखते हुए भीड़ जुटाने और दिखाने के लिये कामगारों और बाहरी लोगों से जमावड़ा लगाया गया। हंगामा के कारण बीच में अधिकारी कार्यक्रम छोड़कर चले गये। स्थानीय भू-रैयतों व जनप्रतिनिधियों ने जन सुनवाई कार्यक्रम में रजिस्टर पर हस्ताक्षर नहीं किये।

### ग्रिजली विद्यालय के नन्हे बच्चों ने हर्षोल्लास से मनाया होली उत्सव




**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय के नन्हे बच्चों ने रंगों के पावन पर्व होली का उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें उनकी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां और मटकी फोड़ने का सुंदर अभिनय शामिल रहा। मटकी फोड़ कार्यक्रम में श्रेयस, भूषण, पीयूष, अभिषेक, आरव और प्रवास्तिक ने भाग लिया। वहीं, समूह नृत्य प्रस्तुति में कायरा, निशिता, परिणीधी, साईं, कोमल, रेचल, आरुषि, अभया, आकांक्षा, आयुष और श्रेय भूषण ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में राधा के रूप में आभ्या, कायरा और आकांक्षा, कृष्ण के रूप में प्रवास्तिक, श्रेयस, भूषण, और साईं ने मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां दीं, जिससे दर्शक भावविभोर हो गए। छात्रों ने पारंपरिक लोकगीतों पर एकल नृत्य प्रस्तुत कर अपनी भाव-भंगिमा और सटीक मुद्राओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# जलापूर्ति योजना के पाइप चोरी करने के आरोपी को पांच वर्ष कारावास की सजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने सुनाई सजा

**कोडरमा।** एसटी 128/2023, सात दिया ग्रामीण जलापूर्ति योजना के 127 पाइप चोरी करने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने शुक्रवार को आरोपी अशरफ अंसारी धनबाद निवासी को 413 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए न्यायालय ने 5 वर्ष की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया।

**मामला 22 जुलाई 2023 का :** मामले को लेकर जयनगर थाना में विजय भोजनीया पिता मोतीलाल भोजनीया छाबड़ा रोड, सूरज भवन, झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा निवासी ने मामला दर्ज कराया था। थाना को दिये आवेदन में विजय भोजनीया ने कहा था कि सतडीहा, ग्रामीण जलापूर्ति योजना का कार्य उनके द्वारा कराया जा रहा था, जिसे लेकर सतडीहा पंचायत भवन के सामने के मैदान में पाइप रखा हुआ था। जिसकी जांच व गिनती बराबर की जाती थी। वहीं 22 जुलाई 2023 को जांच एवं गिनती के दौरान 127 पाइप कम पाया गया, जिसकी कीमत लगभग 18 लाख रुपए है। पता करने पर जानकारी मिली कि वहां से पाईप किसी गाड़ी के माध्यम से चुरा लिया गया है। उन्होंने पुलिस से जांच कर कार्रवाई करने का आग्रह किया था। वहीं अभियोजन का संचालक प्रभारी लोक अभियोजक निधि त्रिपाठी ने किया। इस दौरान सभी 6 गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए प्रभारी लोक अभियोजक ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आमीर निजामी ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त अशरफ अंसारी को 413 एवं 379 आईपीसी के तहत दोषी पाया और सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। वहीं न्यायालय ने अशोक भुईयां, मधु भुईयां, श्रवण कुमार एवं शंकर भुईयां को 379 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए एक 11-11 महिना की सजा सुनाई।

### बस ने खड़ी हाईवा में मारी जोरदार टक्कर



**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-जमुआ मुख्य मार्ग स्थित छाबड़ा पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार की अहले सुबह बस और हाईवा ट्रक की टक्कर में बस पर सवार कई यात्री घायल हो गए। वहीं बताया जाता है कि भानू नामक बस रांची की ओर जा रही थी, इसी दौरान सड़क के दूसरी किनारे खड़ी हाइवा में बस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये। जिससे दोनों वाहन का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं हाईवा के पीछे खड़ी ट्रक भी क्षतिग्रस्त हो गई। बताया गया कि बस का टायर नहीं उड़ता तो और भी बड़ी घटना हो सकती थी, क्योंकि कुछ ही दूरी पर 11 हजार वोल्ट का बिजली का पोल था। वहीं घटना की सूचना मिलते ही डोमचांच पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष बने मनोज कुमार वर्मा



**गिद्धौर।** बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सम्मेलन सह प्रखंड कमेटी विस्तार की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने की, जबकि संचालन राजेश कुशवाहा ने किया। बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्ष पंकज प्रजापति, झामुमो नेता मनोज चंद्रा, बैजनाथ कुमार दांगी, यदुनंदन पांडेय समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। कमेटी पुनर्गठन के दौरान अध्यक्ष पद के लिए मनोज कुमार वर्मा और बहादुर दांगी ने अपनी दावेदारी पेश की। आपसी सहमति न बनने के कारण वोटिंग कराई गई, जिसमें मनोज कुमार वर्मा को 16 मत मिले, जबकि बहादुर दांगी को 11 मत प्राप्त हुए। इस तरह मनोज कुमार वर्मा को झामुमो का नया प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। वहीं सचिव देवदीप पासवान, उपाध्यक्ष संजय यादव, कोषाध्यक्ष संदीप दास को चुना गया। इस अवसर पर आलोक रंजन, देवनारायण दांगी, प्रमेश्वर दांगी, संतान सोनी, रोहन यादव, विकास समेत कई कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित रहे।

### बिना ट्रेड लाइसेंस संचालित आधा दर्जन दुकानें सील

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** बिना ट्रेड लाइसेंस लिये दुकान व प्रतिष्ठान संचालित करने वालों के विरुद्ध नगर पर्षद द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। वहीं नगर पर्षद की इंफोर्समेंट टीम ने गुरुवार को भी बिना ट्रेड लाइसेंस के संचालित आधा दर्जन दुकानों को सील करने की कार्रवाई की। टीम ने ऐसी दुकानों को सील किया, जिन्हें पूर्व में बार-बार नोटिस जारी किया गया था, बावजूद इसके ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार नगर प्रशासक के निर्देश पर नगर प्रबंधक रंधीर कुमार वर्मा के नेतृत्व में शहर में बिना ट्रेड अनुज्ञप्ति लिये अवैध रूप से दुकान, संस्थान का संचालन करने वाले दुकानों, संस्थानों पर कार्रवाई की गयी। इन संस्थानों को पूर्व में कई बार नोटिस भी दिया गया था, बावजूद वे ट्रेड अनुज्ञप्ति लेने में रुचि नहीं ले रहे थे। टीम ने कार्रवाई के दौरान स्टेशन रोड में स्थित लखपति वस्त्रालय, शंकर होटल के अलावा ग्रीन पार्क क्लीनिक, एके इलेक्ट्रॉनिक व झंडा चौक के पास शिखर औषधालय सहित कई अन्य दुकानों को चिन्हित कर उन्हें सील किया। वहीं अभियान के दौरान बताया गया कि जिनका भी अपने आवासीय, गैर आवसीय दुकानों, संस्थानों का ट्रेंड व होल्डिंग नहीं बना है वे इसे शीघ्र बनवाना सुनिश्चित करें अन्यथा नगर पर्षद के द्वारा लगातार इस प्रकार की कार्रवाई होती रहेगी। टीम में प्रभारी कर निरीक्षक, कनीय अभियंता, राजस्व निरीक्षक, पर्यवेक्षक, रितिका प्रिंटेक के प्रमुख, कर संग्राहक व अन्य शामिल थे।

### शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न

**मरकच्चो (कोडरमा)।** हिंदी व विज्ञान का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद दोनों विषयों की परीक्षा रद्द कर दी गयी थी। उसके बाद प्रखंड क्षेत्र मरकच्चो के तीनों केंद्र, परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर, सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय मरकच्चो व अपग्रेड प्लस टू उच्च विद्यालय जगदीशपुर में मैट्रिक परीक्षा चल रही है। वहीं शुक्रवार को हिंदी अ विषय की परीक्षा तीनों केंद्रों पर शांतिपूर्ण तथा कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुआ। वहीं तीनों केंद्रों पर कुल 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक सन्तोष प्रसाद ने बताया कि परीक्षा केंद्र 26012 में हिंदी अ विषय की परीक्षा के लिए कुल 652 परीक्षार्थियों ने फर्म भरा था, जिसमें कुल 651 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, वहीं 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक न्यूटन कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्र 26013 में हिंदी अ विषय की परीक्षा में कुल 626 छात्र छात्राओं को सम्मलित होना था, जिसमें 619 परिक्षार्थी सम्मिलित हुए, वहीं 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं नया केंद्र 26014 अपग्रेड प्लस 2 उच्च विद्यालय जगदीशपुर के केंद्राधीक्षक पंकज मालाकार ने बताया कि परीक्षा में 366 परीक्षार्थीयों ने फार्म भरा था, जिसमें 364 परीक्षार्थी सम्मलित हुए 2 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए जंगल को बचाना अनिवार्य

- ढोढाकोला में जंगल और वन्यजीव सुरक्षा अभियान का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड के ढोढाकोला पंचायत में समर्पण संस्था के द्वारा दो दिवसीय जंगल और वन्यजीव सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्थानीय समुदाय को वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे अपने आसपास के जंगलों और वन्यजीवों की रक्षा में सक्रिय भागीदारी निभा सकें। इस अभियान में पर्यावरणविद् इन्द्रजीत सामंता, समर्पण के परियोजना समन्वयक शंकर लाल राणा और विभिन्न पंचायतों के युवा नेताओं ने भाग लिया। अभियान के माध्यम से युवाओं ने वन्य जीवों की सुरक्षा, पर्यावरणीय स्थिरता और जैव विविधता को बचाने के लिए महत्वपूर्ण संदेश दिये। वहीं पर्यावरणविद् इन्द्रजीत सामंता ने स्थानीय लोगों और युवाओं को जंगलों और वन्य जीवों के महत्व के बारे में जानकारी दी। वहीं उन्होंने बताया कि जंगल पारिस्थिति की तंत्र का अभिन्न हिस्सा हैं और इसके संरक्षण से न केवल वन्यजीवों की सुरक्षा होती है, बल्कि जलवायु परिवर्तन को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है। उन्होंने जंगलों की अंधाधुंध कटाई और वन्यजीवों के शिकार जैसी गंभीर समस्याओं पर भी चर्चा की। वहीं समर्पण के परियोजना समन्वयक शंकर लाल राणा ने स्थानीय समुदायों के साथ वन्यजीव संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही पर्यावरण संतुलन को बनाए रखा जा सकता है। वन्यजीवों की सुरक्षा हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है और यदि हम मिलकर कार्य करें तो अपने पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं। मौके पर नवीन कुमार, बिमला देवी, मंगलदेव रजक, निलेश कुमार, नमिता कुमारी, मनीष लहरी, पिंकी देवी, संतोषी देवी, बसंती देवी, लवली कुमारी, दिनेश कुमार, बंटी कुमारी, मनीषा कुमारी, गुड़िया देवी, शीतल कुमारी व अन्य मौजूद थे।

### रमजान को लेकर उत्सव का माहौल



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में जहां रमजान को लेकर उत्सव का माहौल है, वहीं रमजान के पहले जुम्मे को लेकर मस्जिदों में शुक्रवार को नमाज अदा करने की भीड़ उमड़ी। मिली जानकारी के अनुसार इस दिन लोग अल्लाह से मन्नत मांगते हैं और गरीबों का ख्याल रखते हैं एवं गरीबों को प्यार देकर रोजेदार अल्लाह के खास बन जाते हैं। रोजेदार प्रतिदिन शाम को अजान होने के बाद रोजा खोलते हैं। शुक्रवार को पहली नमाज मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय स्थित जामा मस्जिद, शाहगंज, कर्बला नगर, नादकरी, भोजपुर, देवीपुर, महुआटांड़, दरदाही, नावाडीह, खेशमी, दशारो, महतरिया अहरी, मंझलानगर, पुरनानगर, महूंगाय, मुरकमनाय, लालूडीह समेत प्रखंड के कई मस्जिदों में नमाजियों ने रमजान माह के पहली जुम्मे की नमाज अदा की और अपने, अपने परिवारों व देश में शांति अमन चैन के लिए दुवा मांगी।

### 9 से 11 मार्च तक झुमरीतिलैया में होगा भव्य श्याम फाल्गुन महोत्सव

कोडरमा। झुमरीतिलैया में श्याम मंदिर सेवा ट्रस्ट पोद्दार निवास द्वारा 9 से 11 मार्च तक विशाल श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वहीं मंदिर समिति के आयुष पोद्दार ने बताया कि 9 मार्च को अखंड ज्योत पाठ एवं 10 मार्च को निशान शोभायात्रा निकाली जायेगी, जो कोडरमा स्टेशन स्थित काली मंदिर से प्रारंभ होगी। उसी रात एकादशी कीर्तन भी होगा, 11 मार्च को सुबह 4 बजे मंगल आरती के बाद बरसाने की ज्योत के साथ भजन संध्या का आयोजन होगा। महोत्सव में जमशेदपुर के मनोज शर्मा, कोलकाता के प्रेम सोनी, मधुपुर के कुणाल बाठवाल, ओडिशा के कैलाश पोद्दार, बाबा बैजनाथ धाम की जया किशोरी, झुमरीतिलैया के रवि दहीमा और राकेश राजपूत अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। वहीं पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर में भी दो दिवसीय फाल्गुन उत्सव मनाया जाएगा। इसकी जानकारी महावीर खेतान ने दी।

# डीसी के पास फरियाद लेकर पहुंचे वार्ड नंबर पांच के लोग



**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 अंतर्गत लेंगरापीपर, बेलाटांड़ और शिवसागर के ग्रामीणों ने गुरुवार को उपायुक्त से मुलाकात की और डोमचांच नगर पंचायत से वार्ड 5 में शामिल क्षेत्रों को हटाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि डोमचांच नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 5 में हमारे गांव लेंगरापीपर, बेलाटांड़ और शिव सागर को शामिल कर दिया गया है, जबकि हमलोग पूर्व से ही इस निर्णय का विरोध कर रहे हैं, उपरोक्त तीनों गांवों को नगर पंचायत क्षेत्र से हटाने की मांग करते हुए कई बार आवेदन दे चुके हैं, परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से कहा है कि उक्त तीनों गांव किसी भी दृष्टिकोण से शहरी क्षेत्र में शामिल होने का मापदंड पूरा नहीं करते हैं, आबादी घनी नहीं है, आने जाने का रास्ता भी सुनसान है, पूरा इलाका जंगल झाड़ से घिरा हुआ है। यहां के लोग काफी पिछड़े हुए हैं, रोजगार के अभाव में यहां के पुरुष दूसरे प्रदेशों में पलायन को मजबूर हैं। एक बड़ी आबादी गरीबी रेखा से नीचे अपना गुजर बसर कर रही है। इन परिस्थितियों में नगर पंचायत द्वारा लिया जाने वाला होल्डिंग टैक्स व अन्य शुल्क देने से असमर्थ है। वहीं ग्रामीणों ने उपायुक्त से उक्त तीनों गांवों को नगर पंचायत से हटाकर पुनः ग्रामीण क्षेत्र में शामिल करने की मांग की है। ज्ञापन में सुरेश मेहता, अनिल कुमार मेहता, राकेश कुमार, अनिता देवी, कुंती देवी, मीना देवी, मुन्ना देवी, गीता देवी, कंचन देवी, रीना देवी, सुखदेव मेहता समेत करीब 500 से अधिक लोगों के हस्ताक्षर हैं।

### कांग्रेस के वरीय नेता का आकस्मिक निधन



**कोडरमा।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि सह जिला बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के सदस्य कोडरमा कांग्रेस के वरीय नेता अनवारूल हक के आकस्मिक निधन पर समाजसेवियों, जन-प्रायिनिधियों आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान, कांग्रेस जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, सईद नसीम, खालिद खलील, राजद नेता परवेज खान, मनोज रजक समेत कई लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## प्लास्टिक अपशिष्ट पुनर्चक्रण पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

# अपशिष्ट पुनर्चक्रण से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होता है : डीसी




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** अंचल सभागार में प्लास्टिक अपशिष्ट पुनर्चक्रण पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने किया। वहीं प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपशिष्ट पुनर्चक्रण से पर्यावरण को काफी कम नुकसान होता है, ऊर्जा की बचत होती है, साथ ही प्रदूषण की समस्या में भी कमी आती है, जिससे प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होता है। वहीं उन्होंने कहा कि 7 मार्च से 12 मार्च तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा दी जाने वाली जानकारियों को गम्भीरता से सुनें और उस पर अमल करें। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक वेस्ट रिसाइकिल यूनिट का निर्माण कोडरमा के चन्द्रोंडीह में डीएमएफटी फंड के द्वारा किया जा रहा है। मौके पर बीडीओ, सीओ, नगर प्रशासक आदि मौजूद थे।

### पिछड़ा वर्ग आरक्षण सर्वे कार्य का सत्यापन करें



**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित बिरसा सांस्कृतिक भवन में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक की गयी। बैठक के दौरान अत्यंत पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण को लेकर हुए डोर टू डोर सर्वे कार्य की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने सर्वे में की गयी त्रुटियों को सुधारने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सभी बीएलओ, अनुश्रवण समिति के सदस्यों और प्रगणकों को निर्देशित करते हुए कहा कि अत्यंत पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण को लेकर डोर टू डोर किये गए सर्वे कार्य से संबंधित रिपोर्ट का सत्यापन करें, सर्वे कार्य में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हो, यदि कोई त्रुटियां रह गयी हों तो उसे अविलंब सुधार करें। मौके पर डीएसओ अविनाश पूर्णेन्दु, डीटीओ विजय कुमार सोनी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग पदाधिकारी नीतीश कुमार निशांत, डीपीओ अनूप कुजूर, डीएसडब्ल्यूओ कनक कुमारी तिर्की, श्रम अधीक्षक अनिल रंजन, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला कृषि पदाधिकारी रवि शंकर बर्णवाल, जिला सहकारिता पदाधिकारी रूमा झा, नगर प्रशासक शंभु प्रसाद कुशवाहा, विनीत कुमार आदि मौजूद थे।

# गिद्धौर में किसान मेला सह फल-फूल एवं सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन

- किसानों को दी गई नई तकनीकों की जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिद्धौर (चतरा)। प्रखंड मुख्यालय स्थित रामनवमी मेला मैदान में शुक्रवार को आत्मा एवं उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह फल-फूल एवं सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन कृषि विज्ञान केंद्र, चतरा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य अनीता देवी, प्रमुख अनीता यादव, मुखिया निर्मला देवी एवं बीटीएम राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विभागीय अधिकारियों ने किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी, जिससे वे आधुनिक कृषि तकनीकों का लाभ उठा सकें।इस किसान मेले में मशरूम उत्पादन, फल एवं सब्जियों के पौधों की प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। किसानों ने यहां उन्नत खेती के तरीकों की जानकारी ली और अपने अनुभव साझा किए। इस आयोजन में 75 किसानों ने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किसानों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।मेले में लगभग 176 किसान उपस्थित रहे, जिन्होंने कृषि से संबंधित नई जानकारियां प्राप्त कीं। इस अवसर पर एटीएम प्रभात कुमार, सोनम कुमारी, कृषक मित्र प्रसादी पासवान, समाजसेवी बालेश्वर यादव, उमेश यादव, मुकेश कुमार, सुरेश प्रसाद राणा, ब्रह्मदेव यादव, सुरेश रविदास, महावीर दांगी, कोमल यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

## धनबाद जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों ने प्रदेश प्रभारी संग की बैठक



**धनबाद।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के. राजू ने 7 मार्च को बोकारो में धनबाद जिला कांग्रेस के सभी प्रखंड, नगर और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और स्थानीय मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश प्रभारी ने सभी अध्यक्षों की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और उन पर अमल करने का आश्वासन दिया। बैठक में धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में सभी नगर, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों ने भाग लिया। इस दौरान झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, के.एन. त्रिपाठी, राशिद रजा अंसारी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। बैठक में पार्टी संगठन को और अधिक प्रभावी बनाने, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने और आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई। प्रदेश प्रभारी ने कहा कि कांग्रेस को मजबूती देने के लिए कार्यकर्ताओं के विचारों को प्राथमिकता दी जाएगी और संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त किया जाएगा।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव में कोयलांचल विवि का शानदार प्रदर्शन



**धनबाद।** एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा में आयोजित एआईयू 38वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2024-25 में विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय की टीम ने कुल आठ इवेंट में भाग लिया और लाइट वोकल इंडियन में गोल्ड, कोलाज में सिल्वर, जबकि ग्रुप सॉन्ग इंडियन, वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट सोलो, माइम और वन-एक्ट प्ले में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। इसके अलावा, इलुकेशन में पांचवां और कल्चरल प्रोसेशन में तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सृष्टि मिश्रा ने लाइट वोकल सोलो में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कोलाज में रोहित कुमार ने दूसरा स्थान हासिल किया। वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंट सोलो में अरीहो कुमार, माइम और वन-एक्ट प्ले में विभिन्न प्रतिभागियों की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। इलुकेशन में रिया गुप्ता ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों की इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ. राम कुमार सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रेरित किया और हर गतिविधि में विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं।

# टाटा स्टील झरिया डिवीजन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता




**झरिया।** टाटा स्टील के झरिया डिवीजन ने डिगवाडीह क्लब में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को धूमधाम से मनाया। इस विशेष अवसर पर सुनीता राजवंशी और लक्ष्मी सिंह ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया, जबकि दिव्या ठाकुर, मिली सिंह, सोनिया अमन, श्रीपर्णा सामंता और श्वेता मिश्रा (हेड, एडमिनिस्ट्रेशन, झरिया डिवीजन) सहित कई गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक संध्या रही, जिसमें महिलाओं ने अपने अद्भुत नृत्य और गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान एक प्रभावशाली नाटक का भी मंचन किया गया, जिसने महिलाओं की दोहरी भूमिका—मां और पेशेवर महिला—को संवेदनशीलता के साथ उजागर किया। इस प्रस्तुति ने महिलाओं के जीवन में आने वाली चुनौतियों और उनके बहुमूल्य योगदान को प्रभावी ढंग से दर्शाया।

कार्यक्रम में 100 से अधिक महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रेरणादायक भाषणों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित किया गया। समापन स्वादिष्ट रात्रिभोज के साथ हुआ। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम #एक्सेलरेट एक्शन# थी, जो महिलाओं की प्रगति को गति देने की दिशा में प्रेरित करती है।

टाटा स्टील हमेशा से एक समावेशी और समानता आधारित कार्यस्थल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। 2015 में मोजेक फ्रेमवर्क की स्थापना के साथ शुरू हुई इस यात्रा ने कार्यस्थल में विविधता, समानता और समावेशन को मजबूत किया है। कंपनी की पहल, जैसे 'फ्लेक्स ऑफ चेंज,' 'तेजस्विनी' और 'वीमेन @ माइंस,' महिलाओं को पारंपरिक रूप से पुरुषों द्वारा निभाई जाने वाली भूमिकाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं।

इसके अलावा, टाटा स्टील ने अपनी नीतियों को अधिक समावेशी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें मासिक धर्म अवकाश, विस्तारित मातृत्व-पितृत्व लाभ, घर से काम (वर्क-फ्रॉम-होम) की सुविधा और पांच-दिवसीय कार्य सप्ताह जैसी सुविधाएं शामिल हैं। साथ ही, कार्यस्थल पर सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीनों की स्थापना, कामकाजी माताओं के लिए बेहतर सुविधाएं और बुनियादी ढांचे में सुधार के माध्यम से महिलाओं के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया गया है। टाटा स्टील का लक्ष्य एक ऐसा कार्यस्थल बनाना है, जो समाज की विविधता को पूरी तरह दर्शाए और हर व्यक्ति को आगे बढ़ने, सशक्त होने और अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने का अवसर प्रदान करे।

# खनन संबंधित विधि-व्यवस्था का मुद्दा बर्दाश्त योग्य नहीं : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** खनन से संबंधित विधि-व्यवस्था का मुद्दा कतई बर्दाश्त योग्य नहीं है। विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने पर थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी संयुक्त रूप से जवाबदेही होंगे। बीसीसीएल भी सतर्क रहे और यह सुनिश्चित करें कि अवैध खनन को लेकर जिले में विधि व्यवस्था नहीं बिगड़े। अवैध खनन रोकने में थाना और अंचल को सहयोग करें। अवैध खनन के कारण होने वाली घटना की विस्तार से जांच करें। जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करें। यह बातें उपायुक्त माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को न्यू टाउन हॉल में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में कहीं।


कहा कि कुछ लोग जीएसटी का दुरुपयोग कर अवैध खनन को बढ़ावा दे रहे हैं। जिस कारण सरकार को राजस्व की हानी होती है। इस दिशा में सभी सतर्क रहें। बीसीसीएल भी इसमें सक्रिय रुप से सहभागिता सुनिश्चित करें।वहीं हर महीने स्थानीय स्तर पर थाना, अंचल, बीसीसीएल तथा सीआइएसएफ की बैठक कर क्षेत्र के ज्वलंत मामलों पर चर्चा कर समाधान करने का निर्देश दिया। साथ ही अवैध खनन में संलिप्त के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने, सूचना तंत्र को मजबूत करने तथा इंटेलिजेंस फैलियर न हो, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार ने कहा कि कोयले का खनन बाधित करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि खनन स्थल पर टकराव की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका पर त्वरित धारा 163 भा.ना.सु.सं. के तहत निषेधाज्ञा लागू करने का आवेदन दें। आवेदन नहीं देना घोर लापरवाही मानी जाएगी।

बैठक में जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने खनिजों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध खनन कार्यालय द्वारा की गई कार्रवाई पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के निदेशक कार्मिक एम.के. रमैया ने कोयले के अवैध खनन के विरुद्ध की गई छापामारी, अवैध खनन के हॉटस्पॉट, अवैध खनन स्थल पर की गई डोजरिंग पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि खनन स्थल पर ड्रोन द्वारा तथा सभी काटा घरों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है।

## एक नजर में

### 7 माह के मासूम के लिए सिंदरी विधायक मीडिया प्रभारी शीतल दता ने किया रक्तदान



**सिंदरी/बलियापुर।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए सिंदरी विधायक मीडिया प्रभारी शीतल दता ने एक 7 माह के बीमार बच्चे के लिए अपना 39वां रक्तदान किया। यह नेक कार्य बलियापुर प्रखंड के आमटाल पंचायत स्थित कुईया बस्ती निवासी विक्की महतो के बेटे देवेश महतो के लिए किया गया, जिसे गंभीर हालत में बोकारो के मुस्कान अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार की रात जब बच्चे के पिता ने रक्त की आवश्यकता की जानकारी शीतल दता को दी, तो उन्होंने बिना समय गंवाए रेड क्रॉस ब्लड बैंक, बोकारो पहुंचकर रक्तदान किया। इस मौके पर रक्तदान को रमहादान बताते हुए समर्पण-एक नेक पहल संस्था के अध्यक्ष दीपेश चौहान, ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के गौतम मंडल और हरिओम सेवा संस्था के संस्थापक सदस्य विनोद सिंह ने शीतल दता को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान रेड क्रॉस ब्लड बैंक के टेक्नीशियन रंजन सिंह, समाजसेवी साजिद हुसैन, बच्चे के चाचा पंकज महतो, तथा स्थानीय समाजसेवी प्रभास पाल, प्रेमांशु पाल, आमोद बावरी, अनिल महतो, हारु बावरी, बबलू बाउरी सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस प्रेरणादायक कार्य ने एक बार फिर यह साबित किया कि रक्तदान न केवल जीवन बचाता है, बल्कि समाज में मानवता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है।

### बरोरा और ब्लॉक 2 क्षेत्र को मिलाने की योजना का विरोध, आंदोलन की तैयारी

**कतरास।** बीसीसीएल द्वारा बरोरा और ब्लॉक 2 क्षेत्र को मिलाकर एक नया क्षेत्र बनाने की योजना और एमडीओ मोड जैसी आउटसोर्सिंग नीति के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। इसी मुद्दे को लेकर संयुक्त मोर्चा की बैठक हरिणा बागान गेस्ट हाउस में आयोजित की गई, जिसमें यूनियन के प्रतिनिधियों ने इस प्रस्ताव को मजदूर विरोधी करार दिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अगर दोनों क्षेत्रों को मिलाने की योजना लागू होती है, तो इसका सीधा असर मजदूरों की सुविधाओं और अधिकारों पर पड़ेगा। यह मजदूरों के शोषण को बढ़ाने और विभागीय उत्पादन को बंद कर सिर्फ आउटसोर्सिंग को बढ़ावा देने की साजिश है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस फैसले के खिलाफ क्रमबद्ध आंदोलन किया जाएगा और महाप्रबंधक, सीएमडी, डायरेक्टर और यूनियनों के महामंत्रियों को इसकी जानकारी दी जाएगी। संयुक्त मोर्चा ने आगामी 9 मार्च को बरोरा क्षेत्र के गेस्ट हाउस में अगली बैठक तय की है, जिसमें आंदोलन की आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। बैठक की अध्यक्षता जेके झा ने की, जबकि संतोष गोराई, गोपाल मिश्रा, तुलसी साव, नकुल महतो, संजय चौबे, उत्तम पांडे, गोपाल चंद्र गोप, मंगल हैंब्रम और राज किशोर चौधरी समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक मथुरा प्रसाद महतो की स्वर्गीय पेमिया देवी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित



**सिजुआ।** विधायक मथुरा प्रसाद महतो की स्वर्गीय माता पेमिया देवी की जयंती शुक्रवार को पेमिया ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल, बांसकुपरिया में सादगीपूर्ण ढंग से मनाई गई। इस अवसर पर परिजनों और आमजनों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने पेमिया देवी के व्यक्तित्व और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। इस मौके पर बाबूनाथ महतो, बसंत महतो, प्रतोष महतो, झारखंड आंदोलनकारी दयाल महतो, चंद्रिका सिंह यादव, जनक लाल, संजय राय, पुनर्वशु दास, मो. जावेद, मंटू महतो, बीरू सिंह, राजेन्द्र पासी, राजेश महतो, आनंद महतो, कृष्णा मंडल, दिनेश महतो, प्रदीप कुमार महतो, रूपेश कुमार, निर्मल मोदक, पूनम कुमारी, राजा अंसारी, टिंकू अंसारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जयंती समारोह में उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों और संस्कारों को समाज में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली।

## तेज रफ्तार बाइक से टकराव के बाद बवाल, मारपीट में एक जख्मी

खबर मन्त्र संवाददाता

**तेतुलमारी।** कोयला लदी बाइक की तेज रफ्तार ने शुक्रवार को वेस्ट मोदीडीह और छोटानगरी के बीच तनाव पैदा कर दिया। बाइक की टक्कर के बाद हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसमें छोटानगरी निवासी प्रेम कुमार घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह एक युवक कोयला लदी बाइक से तेज गति में गुजर रहा था, तभी उसने एक कार को टक्कर मार दी। इस घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बाइक सवार को समझा-बुझाकर भेज दिया। हालांकि, कुछ देर बाद जब प्रेम कुमार अपनी दुकान खोलने वेस्ट मोदीडीह जा रहा था, तो वहां के कुछ लोगों ने उसे रोककर उसकी पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गया। इस घटना की खबर मिलते ही छोटानगरी के लोग उग्र हो गए और आरोपी की तलाश में वेस्ट मोदीडीह के चालिस नंबर धौड़ा पहुंचे। आरोपी नहीं मिलने पर वे लोग एक अन्य व्यक्ति को अपने साथ ले गए, जिससे मामला और बिगड़ गया। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। विवाद बढ़ता देख पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। घायल प्रेम कुमार के बयान के आधार पर पुलिस ने वेस्ट मोदीडीह चालिस नंबर के चुन चुन सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## असर्फी अस्पताल में अवैध पानी कनेक्शन की जांच, नगर निगम ने मांगे दस्तावेज

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** बढ़ती गर्मी और पेयजल संकट को देखते हुए नगर निगम ने अवैध पानी कनेक्शनों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को निगम की टीम ने असर्फी अस्पताल में जांच की, जहां चार कनेक्शन में से तीन अवैध पाए गए। अस्पताल प्रबंधन के पास सिर्फ एक कनेक्शन का वैध दस्तावेज था, जबकि बाकी तीन के कागजात नहीं मिले।

जब निगम अधिकारियों ने इस पर अस्पताल प्रबंधन से जवाब मांगा, तो अस्पताल की ओर से तर्क दिया गया कि यहां समाज सेवा का काम होता है, इसलिए जांच की कोई आवश्यकता नहीं है। हालांकि, नगर निगम के सहायक अभियंता उदय कच्छप ने स्पष्ट किया कि गड़बड़ी सामने आई है और अस्पताल प्रबंधन को सभी कागजात लेकर निगम कार्यालय आने का निर्देश दिया गया है। अगर तय समय पर दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए जाते, तो निगम एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी। अवैध कनेक्शनों के कारण कई वैध उपभोक्ताओं को पानी नहीं मिल पाता, इसे देखते हुए नगर निगम लगातार अभियान चला रहा है। अब तक कई अवैध कनेक्शनों को काटा जा चुका है और दोषियों पर जुर्माना भी लगाया गया है। जांच अभियान के दौरान निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बेटे-बहू पर मकान हड़पने का आरोप, बुजुर्ग ने डीसी से लगाई गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** 'मैडम बिटिया, मैंने अपने ही पेट से राक्षसों को जन्म दिया, जो अब मेरा सबकुछ छीन लेना चाहते हैं'। यह दर्दभरी गुहार बरवाअड्डा की एक बुजुर्ग महिला ने शुक्रवार को धनबाद उपायुक्त के जनता दरबार में लगाई। महिला ने रोते हुए बताया कि उनके दोनों बेटे और बहुएं मिलकर जबरन मकान हड़पना चाहते हैं और मना करने पर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने उपायुक्त माधवी मिश्रा से अपनी सुरक्षा की मांग की। जनता दरबार में पहुंचे एक अन्य बुजुर्ग ने भी अपनी पीड़ा बयां करते हुए बताया कि वह कुसुम विहार के एक अपार्टमेंट में काम करते थे, लेकिन वहां के आपसी विवाद के कारण उन्हें कई महीनों से मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने उपायुक्त से बकाया भुगतान दिलाने और वृद्धा पेंशन की व्यवस्था कराने की गुहार लगाई। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और सभी आवेदनों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए।

## नीरज सिंह हत्याकांड: पंकज सिंह के आवेदन पर अदालत ने दी समयावधि

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** चर्चित नीरज सिंह हत्याकांड की सुनवाई शुक्रवार को अदालत में हुई, जहां पंकज सिंह ने आवेदन देकर समय की याचना की। उन्होंने अदालत को सूचित किया कि पारित आदेश को उन्होंने उच्च न्यायालय में चुनौती दी है, इसलिए उन्हें समय दिया जाए। अदालत ने इस आवेदन को स्वीकार कर लिया।

इससे पहले, पंकज सिंह ने एसएसपी द्वारा डीसी धनबाद को लिखे गए पत्र को मंगवाने की प्रार्थना की थी, जिसे जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीसी अवस्थित की अदालत ने खारिज कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता मोहम्मद जावेद ने दलील दी कि एसएसपी ने पोस्टमार्टम के लिए डीसी को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया था कि अज्ञात हमलावरों ने नीरज सिंह समेत अन्य लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस पत्र को अभिलेख पर लाना आवश्यक है।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा


# साईं बाबा मंदिर सिंदरी के 17वें स्थापना दिवस पर पहुंचे सांसद ढुलू महतो, भक्तों संग की पूजा-अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता





**सिंदरी।** साईं बाबा मंदिर, सिंदरी के 17वें स्थापना दिवस पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। चारों ओर 'साईं राम साईं राम' के जयकारे गूंज रहे थे। इस पावन अवसर पर धनबाद के एसएसपी हृदय पी. जनार्दन और धनबाद सांसद ढुलू महतो ने साईं बाबा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

सुबह मंदिर परिसर से भव्य साईं पालकी निशान शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें 101 साईं भक्तों ने हिस्सा लिया। एसएसपी हृदय पी. जनार्दन ने खुद अपने कंधों पर पालकी उठाई और 'ॐ साईं नमो नमः' के उद्घोष के साथ नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। शोभायात्रा के दौरान शहरपुरा बाजार में सिंदरी चेंबर ऑफ कॉमर्स ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। नगर भ्रमण के बाद साईं पालकी पुनः मंदिर परिसर लौटी। दोपहर में धनबाद सांसद ढुलू महतो ने मंदिर पहुंचकर पूजा की और कहा कि साईं बाबा की विशेष कृपा सिंदरीवासियों पर बनी हुई है। उन्होंने एफसीआई प्रबंधन के बेदखली अभियान पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि दशकों से रह रहे लोगों को बेदखल करना समाधान नहीं होगा। उन्होंने प्रशासन और केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर उचित कदम उठाने की बात कही।

स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान ॐ साईं संस्थान के पदाधिकारी और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी उपस्थित रहे।

# शुश्री आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तार का ग्रामीणों ने किया विरोध

खबर मन्त्र संवाददाता



**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के बगडिगी और सरफतपुर बस्ती के पास स्थित शुश्री आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तार को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। शुक्रवार को झरिया अंचल अधिकारी (सीओ) मनोज कुमार और थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा के नेतृत्व में सर्वे टीम जमीन मापी करने पहुंची, लेकिन ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए परियोजना में हैवी ब्लास्टिंग रोकने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि बीसीसीएल द्वारा की जा रही भारी ब्लास्टिंग के कारण बस्ती में कंपन महसूस होता है, जिससे उनके घरों में दरारें पड़ रही हैं और हवा में बढ़ते प्रदूषण से उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का यह भी कहना था कि बगडिगी कोलियरी की जमीन बीसीसीएल की है, लेकिन वहां का काम रुका हुआ है। इसके बावजूद एक साजिश के तहत बगडिगी बस्ती को उजाड़ने की योजना बनाई जा रही है। वहीं, डुमरियाटांड बस्ती के लोगों ने भी विरोध जताते हुए कहा कि उनकी रैयती जमीन पर ओबी डंप किया जा रहा है, लेकिन कंपनी की ओर से अभी तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया। इस मामले पर बीसीसीएल के अधिकारी परवेज आलम ने सफाई देते हुए कहा कि प्लाट संख्या 1 बीसीसीएल के खाते की जमीन है, लेकिन कुछ लोग जबरन कार्य रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आउटसोर्सिंग परियोजना के विस्तार के लिए सर्वेक्षण किया जा रहा है और आगे की कार्रवाई नियमों के अनुसार होगी।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...




**गुजराती सनातन समाज, जमशेदपुर, झारखंड में गुजराती समुदाय की सबसे पुरानी और प्रमुख संस्था है। यह संस्था पिछले 80 से अधिक वर्षों से पारंपरिक नवरात्रि उत्सव, डांडिया और गरबा नृत्य का आयोजन कर रही है। यहाँ एक विशाल बैंक्वेट हॉल और दो बाहरी लॉन उपलब्ध हैं, जहाँ 100 से 1200 मेहमानों तक के कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। यह स्थान शादी, सगाई, स्वागत समारोह और अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों के लिए उपयुक्त है। समाज अपने शानदार नवरात्रि उत्सव के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें गरबा, डांडिया और रास जैसे पारंपरिक नृत्य शामिल होते हैं। हर साल 700 से अधिक प्रतिभागी इसमें भाग लेते हैं।**

# बहरागोड़ा में 19 जोड़ों का भव्य सामूहिक विवाह

- डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने किया कन्यादान
- कन्यादान महादान, समाजसेवी हमेशा याद रहते : नागेंद्र नाथ त्रिपाठी
- डॉ. गोस्वामी समाज के लिए मिसाल : सांसद विद्युतबरण महतो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**बहरागोड़ा/जमशेदपुर।** बहरागोड़ा के शाखा मैदान में भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे वैदिक मंत्रोच्चार और रीति-रिवाजों के साथ 19 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इस आयोजन में बिहार-झारखंड के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, सांसद विद्युत महतो और कार्यक्रम संरक्षक डॉ दिनेशानंद गोस्वामी समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। हजारों की संख्या में मौजूद लोगों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और इस ऐतिहासिक आयोजन के साक्षी बने।





**मंडप में बैठे दुल्हा-दुल्हन और कन्यादान करते भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह समाजसेवी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी।**



**मुख्य अतिथि नागेंद्रनाथ त्रिपाठी बोलते हुए।**

### कन्यादान महादान, समाजसेवी हमेशा याद रहते हैं : नागेंद्र नाथ त्रिपाठी

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के बिहार झारखंड के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि सनातन धर्म में कन्यादान को सबसे बड़ा दान माना गया है। उन्होंने इस सामूहिक विवाह को एक सामाजिक समरसता का प्रतीक बताते हुए कहा- समाज सेवा करने वाले व्यक्ति जनप्रतिनिधियों से भी बड़े होते हैं, क्योंकि समाज उन्हें हमेशा याद रखता है। यहां 19 परिवारों का मिलन हो रहा है, ईश्वर सभी को प्रेम, एकता व आत्मीयता की शक्ति प्रदान करें।

**बाल विवाह अपराध है, बेटियों को पढ़ाना माता-पिता का कर्तव्य :डॉ दिनेशानंद गोस्वामी-** सामूहिक विवाह कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने इसे गरीब बेटियों के लिए वरदान बताया। उन्होंने कहा,कन्यादान करना अश्वमेध यज्ञ करने के समान है। यह आयोजन समाज को एक नई दिशा देता है और दहेज प्रथा के खिलाफ एक मजबूत संदेश देता है।?उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि 18 साल से कम उम्र की बेटियों की शादी करना कानूनन अपराध है। माता-पिता को चाहिए कि वे बेटियों को पढ़ाएं, उन्हें आत्मनिर्भर बनाएं ताकि वे समाज में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा,मैं चुनाव परिणाम प्रतिकूल होने के बावजूद भी गरीब बेटियों का सपना चकनाचूर नहीं होने दूंगा। समाज सेवा मेरी प्राथमिकता है, न कि सत्ता।

### जुम्मे की पहली नमाज...



**जमशेदपुर स्थित मक्का मस्जिद में जुम्मे की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग। आज जुम्मे की पहली नमाज को अदा करने पूरे कोल्हान में मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ी थी।**

स्पीड न्यूज



### बाबूलाल मरांडी से मिले भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश महासचिव हलधर

**जमशेदपुर।** भाजपा के सभी विधायकों की बैठक में सबों के द्वारा सर्वसम्मति से झारखंड प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री एवं वर्तमान के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी के पार्टी विधायक दल के नेता चुने जाने एवं आज विधानसभा में स्पीकर द्वारा नेता प्रतिपक्ष के रुप में स्वीकृति देने के तत्पश्चात भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री हलदर नारायण साह, मोर्चा के कोल्हान प्रभारी गोपाल जायसवाल एवं सरायकेला के मोर्चा प्रभारी राजेश्वर साहु ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में श्री मरांडी का फूलों का गुलदस्ता एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। साह ने कहा कि अब विधानसभा की कार्यवाही सुगम एवं लोकतांत्रिक तरीके से चल पायेगी।

### सीए इंटर और फाइनल के लिए मॉक टेस्ट सीरीज आज से शुरू

**जमशेदपुर।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने मई में होने वाली सीए इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं के लिए मॉक टेस्ट सीरीज लॉन्च कर दी है। इंटरमीडिएट के लिए पहली टेस्ट सीरीज 8 से 19 मार्च और दूसरी 26 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगी। वहीं, सीए फाइनल की पहली सीरीज 10 से 21 मार्च और दूसरी 3 से 14 अप्रैल तक होगी। सेंट्रल इंडिया सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन, जमशेदपुर ब्रांच के चेयरमैन सीए चेतन अग्रवाल ने बताया कि छात्र बीओएस एक्टिविटी पोर्टल (बीओएसएलआईभीई डांट आईसीएआइ डॉट ओआरजी) पर रजिस्टर कर प्रश्न पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इंटरमीडिएट के टेस्ट सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक और फाइनल के दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होंगे। टेस्ट के 48 घंटे के भीतर उत्तर उपलब्ध करा दिए जाएंगे। सीए चेतन अग्रवाल ने कहा कि पिछले वर्ष मॉक टेस्ट से छात्रों को अच्छे अंक मिले थे, इसलिए सभी छात्रों को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

# अस्मिता वूमेन बैडमिंटन लीग 2025 शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अस्मिता वूमेन बैडमिंटन लिग 2025, खेलो इंडिया के मंच के तहत गर्ल्स अंडर 17, गर्ल्स अंडर 19 और सीनियर महिला आयु वर्ग में मोहन आहूजा बैडमिंटन स्टेडियम, जे आर डी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में झारखंड राज्य बैडमिंटन संघ के तत्वधान में आयोजित किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता का उद्घाटन स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के श्री सोमेंद्र शर्मा के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने इस अवसर सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और अपने खेल जीवन के बातों से प्रोत्साहित किया। झारखंड में बैडमिंटन को आगे बढ़ाने के लिए श्री के प्रभाकर राव सचिव झारखंड बैडमिंटन संघ को भी साधुवाद दिया। टूर्नामेंट में पचास के संख्या में प्रतिभागियों ने झारखंड के सभी जिलों से भाग लिया है।




**प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर उपस्थित बैडमिंटन प्रतियोगिता से जुड़े खिलाड़ी और अन्य।**

इस अवसर पर बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के आब्जर्वर गुंजन बलूनी दिल्ली से पधारी हैं, के प्रभाकर राव, सचिव झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन, सह चेयरमैन पारा बैडमिंटन ऑफ इंडिया, उनके साथ श्री विवेक शर्मा वरीय कोच टाटा स्टील की महती उपस्थिति दर्ज हुई। यह प्रतियोगिता चार दिनों तक खेला जायेगा।

## मटुकधारी लाल की स्मृति में नेत्र जांच शिविर आज से

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा द्रोपदी देवी चिमनलाल भालोटिया फैमिली ट्रस्ट, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 762वां नेत्र शिविर समाजसेवी स्व. मटुकधारी लाल जी के पुण्य स्मृति में कृष्ण मुरारी चैरिटबेल ट्रस्ट के संयोजन में 8 मार्च से 10 मार्च तक बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित हो रहा है। 8 को नेत्र रोगियों के आंखों की जांच नेत्र चिकित्सकों की टीम द्वारा की जायेगी, जिसमें ऑपरेशन योग्य मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों के चयन के साथ आंखों की अन्य बीमारियों से प्रभावित नेत्र रोगियों को जरूरत के अनुसार दवा व परामर्श प्रदान कर विदा किया जायेगा। ऑपरेशन के लिए चुने हुए नेत्र रोगियों के स्वास्थ्य जांच के बाद उनका ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण रविवार को लोहिया नेत्रालय के ऑपरेशन थियेटर में नेत्र चिकित्सक डॉ भारती शर्मा, डॉ पूनम सिंह, डॉ विवेक केडिया, डॉ राशि वर्मा एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम द्वारा ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण किया जायेगा।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिलीं विधायक सबिता महतो, ईचागढ़ के विकास में मांगा सहयोग

» **विभिन्न सड़कों को बनवाने को लेकर सौंपा मांग पत्र**

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**चांडिल।** ईंचागढ़ के विधायक सविता महतो नें ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सड़क निर्माण के मांग को लेकर शुक्रवार को झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में उन्होंने रांगामाटी टीकर भाया मिलनचौक 19 किमी सड़क को फोर लेन निर्माण करने, चांडिल प्रखंड के डोबो फुटबॉल मैदान से पारडीह काली मंदिर 8 किमी सड़क का निर्माण करने, कांड्रा चांडिल गोलचक्कर से गिद्धिबेड़ा तक 6.3 किमी सड़क का निर्माण करने व कांड्रा खुंटी ईचागढ़ पथ 8.9 किमी सड़क का निर्माण का मांग किया। मुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी सड़को का निर्माण कराया जायेगा। इसकी जानकारी विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो महतो ने दी।



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलतीं ईचागढ़ विधायक सबिता महतो।**

## जेएन टाटा की स्मृति में मेगा ब्लड डोनेशन कैंप आज रेडक्रॉस भवन में

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक माह की भांति इस माह भी 8 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में किया जायेगा। यह रक्तदान शिविर हमेशा की तरह जमशेदतजी नौसेरवानजी टाटा के 186वीं जयंती के उपलक्ष्य में जेमीपोल द्वारा आयोजित किया जायेगा। 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस होने के कारण इस दिन रक्तदान करने वाली सभी महिला रक्तदाताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया जायेगा। रक्तदान शिविर के उद्घाटन समारोह में टाटा स्टील समुह की कम्पनी जेमीपोल के नयी प्रबंध निदेशक सुश्री स्वास्तिका बासु एवं कम्पनी के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने गर्मी के शुरूआत में आयोजित इस रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर रक्तदाताओं से भाग लेने के आग्रह किया है। रक्तदान शिविर में वैसे सभी पुरुष रक्तदाता जिनके पिछले रक्तदान से 90 दिन पूरा हो गया हो एवं महिला रक्तदाता जिनके पिछले रक्तदान से 120 दिन पूरा हो गया हो, वे रक्तदान कर सकेंगे। ज्ञातब्य हो कि रक्तदान करने से शरीर में नयी रक्त कोशिकाओं का निर्माण तेजी से होता है।

## जमशेदपुर से सटे शहरी इलाकों में स्वच्छ जल और स्वच्छता का घोर अभाव : नंदजी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड गठन के 25 वर्षों बाद भी जमशेदपुर के कई इलाकों सहित मानगो, जुगसलाई, बागबेड़ा, परसुडीह मे स्वच्छ जल एवं स्वच्छता का घोर अभाव है। शहर की बदहाल व्यवस्था और व्याप्त गंदगी को लेकर झारखंड भाजपा के प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद ने जिला प्रशासन और स्थानीय निकाय पर हमला बोला है। नंदजी प्रसाद ने कहा कि स्वच्छ जल एवं स्वच्छता के नाम पर करोड़ों रुपए का प्रत्येक वर्ष बंदरबाट हो रहा है। 12 महीने लोगों को स्वच्छ पानी नहीं मिलने एवं गंदगी के कारण जमशेदपुर के लोग विभिन्न गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं फिर भी जिला प्रशासन एवं निकाय प्रशासन के लोग आंख मूंद कर भ्रष्टाचार को अंजाम देने में व्यस्त है और स्थानीय जनता त्रस्त है।

नंदजी प्रसाद ने कहा कि सफाई के नाम पर प्रत्येक निकाय मैं सफाई कर्मचारी सफाई कर्मी की नियुक्ति प्रत्येक वार्ड में सिर्फ रोस्टर पर होती है। जितना रोस्टर में संख्या होता है उसका 25 परसेंट भी सफाई कर्मी क्षेत्र में कम पर नहीं लगाए जाते हैं और लाखों रुपए का प्रत्येक महीने बंदरबाट होता है।

# गोपाल मैदान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मागे महोत्सव का रंगारंग आगाज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को जोहार ट्रस्ट एवं आदिवासी हो समाज महासभा पूर्वी सिंहभूम के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मागे महोत्सव का आयोजन 7 मार्च से 9 मार्च, 2025 को गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में किया जा रहा है। आज सबसे पहले आदिवासी हो समाज के रीति रिवाज और परंपरा से पूजा आर्चना की गयी उसके बाद आज के कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री माननीय श्री चंपई सोरेन एंव विशिष्ट अतिथि राज्य सभा ससंद प्रदीप वर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। तीन दिवसीय महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों से आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधि शामिल होंगे। राष्ट्रीय मागे महोत्सव के प्रथम दिन का मुख्य आकर्षण उड़ीसा एवं पश्चिम बंगाल के साथ साथ कोल्हान प्रमंडल के जिलों से आमंत्रित पारंपरिक हो नृत्य दलों द्वारा मागे नृत्य (मागे सुसुन ) की प्रस्तुति की गयी।

आज राष्ट्रीय मागे महोत्सव का आयोजन अन्य राज्यों में रहनेवाले से हो समुदाय के लोग हो सांस्कृतिक कार्यक्रम के साक्षी बने। राष्ट्रीय मागे महोत्सव प्रतियोगिता में कुल पुरस्कार राशि दो लाख ग्यारह हजार रूपए के साथ प्रमाण पत्र एवं मेमेंटो देकर सम्मानित किया गया।





**मागे परब को लेकर आयोजित कार्यक्रम में मांदर की थाप पर झूमते लोग।**

**आज के कार्यक्रम के हो आदिवासी नृत्य प्रतियोगिता में सम्मिलित टीम निम्न प्रकार है :**

1.हो ट्रेडिशनल डांस क्रू, हरिगुटू चाईबासा।
2.पदुगल हो हयम ओल पढ़ाव षुषुन दुरं इनितुडं मोडो, तुईबर, चाईबासा।
3.आदिवासी कला एंव संस्कृति भवन सोनुवा।
4. आल इंडिया हो समाज, डेबरा, मेदनीपुर, पश्चिम बंगाल।
5. चिरगालेनमे हो समाज आदिवासी, चकड़ी उड़ीसा।
6. आदिवासी हो समाज, हेसा हातु।

## एक नजर में

### टाटा वर्कर्स यूनियन ने 19 सदस्यों को दी विदाई

**जमशेदपुर।** गत 6 मार्च 2025 को यूनियन परिसर में आयोजित विदाई समारोह में टाटा स्टील के सेवानिवृत्त कर्मचारियों और टाटा वर्कर्स यूनियन के 19 सदस्यों को सम्मानित किया गया। संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष, शैलेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष, सतीश कुमार सिंह, महासचिव, संजीव तिवारी, उपाध्यक्ष, संजय सिंह, उपाध्यक्ष, शाहनवाज आलम, उपाध्यक्ष, राजीव चौधरी, उपाध्यक्ष, नितेश राज, सहायक सचिव, अजय चौधरी, सहायक सचिव, श्याम बाबू, सहायक सचिव और आमोद कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष और लेखापाल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वागत किया और उन्हें गुलदस्ता और उपहार भेंट किये। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कंपनी के साथ-साथ यूनियन में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्हें बहुत ही सुखद और शांतिपूर्ण सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

### खानकाह शरफ में छह दिवसीय तरावीह संपन्न



**जमशेदपुर।** मानगो जाकिरनगर वेस्ट स्थित खानकाह शरफ मे छह दिवसीय तरावीह संपन्न हुआ। यह तरावीह की सुन्नत मोकदा नमाज कारी मो एजाज ने पढ़ायी। खानकाह के सज्जादानशीं हजरत मौलाना शाह हस्सान उसमानी ने बताया कि विगत दो दशक से खानकाह में पांच दिवसीय तरावीह की नमाज अदा की जा रही है जिसमें आसपास के अलावा दूरदराज के मुसलमान विशेष रूप से शामिल होते हैं।

### हेमकुंड में पढ़ेगी बेटी, बढ़ेगा भारत योजना शुरू



**जमशेदपुर।** बेटियों के उज्वल भविष्य के लिए पढ़ेगी बेटी ,बढ़ेगा भारत योजन के शुरुआत शिक्षाविद पारस नाथ मिश्रा ने हेमकुंड पब्लिक स्कूल में किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिवस पूर्व बच्चियों को पढ़ लिख कर समाज में एक मुकाम हासिल करने के लिए बच्चियों को निशुल्क नामांकन और फीस में 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही हैं। विद्यालय के निदेशक और शिक्षाविद श्री पारस नाथ मिश्रा ने कहा कि आर्थिक अभाव के कारण बहुत बच्चियों को अच्छे अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में पढ़ने में असुविधा होती है, इसीलिए हेमकुंड पब्लिक स्कूल में बच्चियों को निशुल्क नामांकन और फीस में 20 प्रतिशत छूट दी जा रही है जिससे बेटियों के पढ़ाई में बाधा न हो। पारस नाथ मिश्रा ने कहा कि जैसे बेटियों के बिना समाज की की परिकल्पना नहीं की जा सकती उसी तरह बिना उनके सफल हुए विकसित भारत की सपना पूरी नहीं हो सकती है। पारस नाथ मिश्रा ने कहा कि हेमकुंड पब्लिक स्कूल में पढ़ेगी बेटी बढ़ेगा भारत के तहत फ्री एडमिशन के साथ हर माह फ्री करियर काउंसिलिंग और लीगल एडवाइस दिया जाएगा ताकि उनका मनोबल बढ़े और वो अपनी मंजिल पा सकें।

### साकची मछली मार्केट में स्थायी दुकान आवंटित करेगा जेएनएसी



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को साकची मछली मार्केट के दुकानदारों की समस्या को लेकर एनसीपी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता डॉ पवन पांडेय ने जमशेदपुर नोटीफाइड नगर उप आयुक्त से उनके कार्यकाल में मुलाकात कर उन्हें दुकानदारों की समस्या से अवगत कराया। डॉ पवन पांडेय ने नगर उप-आयुक्त को बताया कि लगभग 45 वर्षों से साकची मछली मार्केट में ये दुकानदार मछली का दुकान लगाकर मछली बेचकर राजेन्द्र साव एवं गुलाम अरबी जी अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं। लेकिन दिनांक 05/03/25 को जमशेदपुर नोटिफाइड के कर्मचारियों द्वारा वहां एक दुकानदार को वहां दुकान लगाने के लिए जगह आवंटित करने की बात कही गई। और जो जगह चिन्हित किया गया वहां पहले से राजेन्द्र साव और गुलाम अरबी पिछले 45 वर्षों से दुकान लगाते आ रहे हैं। उनकी दुकान की जगह माप दिया गया। जिसके बाद राजेन्द्र साव और गुलाम अरबी बहुत घबराय हुए हैं। और उनके साथ ही पुरा मार्केट के दुकानदारों में भी घबराहट है क्योंकि उसके बाद जिसको जगह आवंटित करने की बात कही गई है उसने मिस्त्री बुलाकर उक्त जमीन पर स्थाई दुकान निर्माण करने का पहल किया जिसे स्थानीय दुकानदारों के द्वारा रोका गया है। इस गंभीर विषय पर नगर उप आयुक्त श्री कृष्ण कुमार जी ने सीटी मैनेजर जय गुरिया से मामले की सारी जानकारी लिया और कहा कि किसी भी मछली मार्केट के दुकानदारों को वहां से नहीं हटाया जायेगा बल्कि भविष्य में उन्हें वहां व्यवस्थित रूप से नोटिफाइड द्वारा दुकान बनाकर आवंटित किया जायेगा। फिलहाल सभी दुकानदार वहां अस्थाई रूप से वहां दुकान लगाए। और सभी दुकानदारों को आपस में थोड़ा थोड़ा समायोजन कर उस दुकानदार को भी जगह दी जाए। तथा सभी मछली दुकानदार साकची मछली मार्केट में सफाई का भी विशेष ध्यान रखें। यह ग्राहकों के साथ ही दुकानदार के सेहत के लिए भी अच्छा होगा। डॉ पवन पांडेय ने इसके लिए साकची मछली मार्केट के सभी दुकानदारों की ओर से साकची नोटिफाइड के नगर उप आयुक्त को इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए बहुत बहुत धन्यवाद दिया।

# पांच दिवसीय लेजेंड कप नाइट क्रिकेट मैच आज से, पांच जिले की 24 टीमें भाग लेंगी

## गुमला शहर के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में होगा मैच, सभी मैच लाइव व स्क्रीन पर दिखाया जायेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** द लीजेंड कप सीजन-टू नाइट क्रिकेट मैच का उद्घाटन आठ मार्च को शाम सात बजे होगा। मुख्य अतिथि सांसद सुखदेव भगत, डीसी कर्ण सत्यार्थी, एसपी शंभु कुमार सिंह, एसडीओ राजीव नीरज व जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार होंगे।

पांच दिनों तक रात्रि में चलने वाले इस प्रतियोगिता में पांच जिला की 24 टीमें भाग ले रही है। सभी मैच शाम छह बजे से 11 बजे तक चलेगी। सभी मैचों का प्रसारण यूटयूब चैनल में लाइव देखा जा सकता है। साथ ही स्टेडियम में बड़ा स्क्रीन लगेगा। जिसमें मैच देखा जा सकता है। मैच के संयोजक रोहित उरांव विक्की ने बताया कि स्टेडियम के गैलेरी में 10 हजार से अधिक दर्शकों की बैठने की व्यवस्था है। दर्शक पूरब व पश्चिम दिशा के गेट से ग्राउंड में



लेजेंड कप क्रिकेट टूर्नामेंट के ट्राफी का अनावरण करते जिला खेल पदाधिकारी व अन्य

प्रवेश कर सकते हैं। सभी मैच गुमला शहर के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम-टू में होगा। प्रतियोगिता का आयोजन मॉर्निंग क्रिकेट क्लब गुमला द्वारा किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए गुमला के 50 युवाओं की टीम लगी है। प्रतियोगिता के दौरान सुरक्षा व विधि व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रहेगा। मैच के आयोजन का मुख्य मकसद गुमला में बढ़ते नशापान को कम करना व सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए युवाओं को जागरूक करना है। साथ ही गुमला में बढ़ रहे साइबर क्राइम के प्रति भी लोगों को जागरूक करना है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए गुमला के 15 स्पॉन्सर की मदद मिल रही है। जिला के खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, गुमला के समाज सेवी मनोज गुप्ता, भोला चौधरी, रोहित उरांव, दीपक वर्मा, ऑक्साफोर्ड पब्लिक स्कूल के निदेशक संजय कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को स्टेडियम में प्रतियोगिता के ट्रॉफी का अनावरण किया। मनोज कुमार ने कहा है कि गुमला के खेल के माहौल को बनाने के लिए जिस प्रकार क्रिकेट मैच हो रहा है। यह अपने आप में ऐतिहासिक कदम है। निश्चित रूप से गुमला में नशापान के खिलाफ इस प्रकार की मुहिम का लाभ मिलेगा। सड़क सुरक्षा व साइबर क्राइम के प्रति भी लोग जागरूक होंगे। मनोज गुप्ता ने कहा है कि प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी खिलाड़ी बीते एक माह से मेहनत कर रहे हैं। मौके पर किशोर जायसवाल, दीपक गुप्ता, केतन कुमार, अंकित उरांव, अखिलेश कुमार, अंकित विश्वकर्मा, विजय नायक, ज्ञान प्रकाश, विनीत, पुनीत सोनी, सुभाष, रूपेश कुमार भगत, एकलव्य उरांव, पंकज साहू, राहुल कुमार, श्रीकांत शुक्ला, कुणाल कुमार, आनंद कुमार सहित कई लोग थे।

# हमें अंधविश्वास व कुरीतियों से लड़ना है और बच्चियों को शिक्षित बनाना है: सांसद

## महिला विकास मंडल का दसवां महाधिवेशन संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** बसिया प्रखंड के सरना मैदान में महिला विकास मंडल का दसवां महाधिवेशन का आयोजन शुक्रवार को किया गया। अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि सांसद सुखदेव भगत व जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा शामिल हुई। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत महिलाओं ने पारंपरिक तरीके से किया। अधिवेशन की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि सांसद सुखदेव भगत ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें


कार्यक्रम का उद्घाटन करते सांसद, जिप अध्यक्ष व अन्य

अंधविश्वास और कुरीति से लड़ना है। बेटियों की शिक्षा में ध्यान देना और बेटियों को शिक्षित बनाना है। क्योंकि बेटियां शिक्षित होगी तो एक सभ्य समाज का निर्माण हो सकता है। श्री भगत ने कहा कि सरकार के द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाओं की शुरूआत की गई है। सरकार के कामों को जानना आपका अधिकार और हक है एवं वहां उपस्थित जिले कई प्रखंडों से आयी महिलाओं से उन्होंने कहा कि मैं सांसद हूँ लेकिन उसके साथ आपका बेटा और भाई भी हूँ। जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा ने कहा कि महिलाएं महिला मंडल से जुड़कर आर्थिक स्वावलंबन की दास्ता लिख रहीं है। महिला मंडल के माध्यम से महिलाएं स्वरोजगार से भी जुड़ रही हैं। वर्तमान समय महिलाओं के उत्थान का चल रहा है। जिसका हर महिला को लाभ उठाना चाहिए। आज सरकार भी महिलाओं को फोकस कर कई योजनाएं विशेष रूप से संचालित कर रही है। जिसका लाभ महिलाएं उठायें। इस दौरान सांसद सुखदेव भगत ने कार्यक्रम में बैठी महिलाओं से जाकर मुलाकात की और कार्यक्रम में लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया। आयोजन के दौरान महिलाओं के द्वारा पारंपरिक नृत्य एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने वाली झांकियां भी दिखाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, प्रदेश सचिव रोशन बरवा, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, प्रखंड के जनप्रतिनिधि व काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से सम्पन्न

**कांडी।** प्रखण्ड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत सोनपुरवा गांव में शुक्रवार को मंदिर में बजरंगबली के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ। पिछले तीन दिनों से चल रहे धार्मिक अनुष्ठान आज सम्पन्न हुआ। 5 मार्च को मंदिर प्रांगण से सतबहिनी झरना तीर्थ तक विशाल कलश यात्रा निकाली गयी थी। जिसमें बड़ी संख्या में महिला पुरुष व बच्चे शामिल हुए। पुजारी हिमांशु पाठक ने सभी धार्मिक अनुष्ठान व कर्मकांड पूर्ण कराया। वही मुख्य यजमान के रूप में राम नरेश साहू व पत्नी बिमला देवी, सुरेश साहू-पत्नी प्रमिला देवी व उमेश साहू पत्नी अनिता देवी शामिल थे। शुक्रवार को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ हवन यज्ञ, पूणाहुति सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही महाभंडारे का भी आयोजन किया गया था। मंदिर में बजरंगबली की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे गांव के लोगों ने बहुमूल्य भूमिका निभाया। जिसमें सूर्यदेव यादव, प्रदीप यादव, राम लखन साहू, मुखदेव यादव, रामेश्वर पाल, सीता राम पाल, सुनील साव, राम चन्द्र राम, योगेंद्र राम, रविन्द्र पाल, सुरेन्द्र साव आदि का नाम शामिल है।

### खेल महोत्सव में मुखिया ने दिया पुरस्कार

**मझिआंव।** झारखंड परियोजना निदेशक के निर्देश पर प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय मोरबे में खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत मुखिया निर्मला देवी शामिल हुईं। इस खेलकूद में वर्ग 1 से 5 तक के बच्चे हिस्सा लिए। इस खेल महोत्सव में कई तरह के खेलकूद का आयोजन किया गया। जिसमें बोरा रेस, बिस्कुट रेस, मेढक रेस, कुर्सी रेस इत्यादि। खेल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को पंचायत मुखिया निर्मला देवी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि सरकार के द्वारा यह बहुत अच्छा पहल है। इस पहाड़ से छोटे-छोटे बच्चे शुरू से ही पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेल के प्रति अपना ध्यान देंगे। जिससे बच्चों को मानसिक और शारीरिक के विकास करेगा। मौके पर विद्यालय के प्रभारी एवं शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार मौर्य, सभी शिक्षकों सहित काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

### चोरी की घटना के दो आरोपी गिरफ्तार

**सगमा।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा सगमा में गत सोमवार को मध्य रात्रि चोरों द्वारा बैंक के दीवार में लगे रौशनदान तोड़कर अन्दर घुस चोरी का प्रयास करने वाले चोरो की गिरफ्तारी कर न्यायिक हिरासत में शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। इसकी जानकारी देते हुए एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि सेंट्रल बैंक सगमा में चोरों द्वारा दीवार के रौशनदान तोड़कर चोरी के प्रयास व नगर उंटारी कोर्ट के बगल से दो दुकान में चोरी किया गया था। जिसके उपरांत पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर एक टीम गठित कर अनुसंधान वह ठोस सबूत के अधार पर सरफराज अहमद पिता बसिर अंसारी ग्राम निमियाडीह थाना दुद्धी, अंकित कुमार यादव पिता गोपाल यादव ग्राम दिघुल थाना दुद्धी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। छपामारी दल में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार, एसआई बिकु कुमार आदि शामिल थे।

### छोटानागपुरिया तेली समाज का वार्षिक जतरा सह मेला 9 मार्च को

**गुमला।** वार्षिक तेली जतरा सह मेला को लेकर शुक्रवार को स्थानीय बड़ाईक मुहल्ला स्थित समाज के कार्यालय में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के पदाधिकारियों ने प्रेस कान्फ्रेंस किया। जतरा सह मेला के संयोजक किशोर साहु ने कहा कि तेली जतरा में 15 गरीब बेटियों का विवाह समाज के द्वारा कराया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम रथ बगीचा करौंदी में 9 मार्च को होगी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, सांसद धीरज साहु, सांद दुलु महतो व केंद्रीय राज्य मंत्री शहरी विकास तोखन साहु शामिल होंगे। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने कहा कि दक्षिणी छोटानागपुर के सभी जिलों में पिछड़ों का आरक्षण रोस्टर प्रणाली में शून्य है। राज्य सरकार के तृतीय व चतुर्थ वर्ग के नौकरी में पिछड़ों को आरक्षण नहीं मिल रहा है।

### स्थानीय दुकानदारों से ही लोग खरीदें समान: दामोदर

**गुमला।** निर्वतमान चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने त्योहारों के इस सीजन में जिले वासियों से स्थानीय दुकानदारों से ही सामग्री खरीदने की अपील की है। अभी होली, सरहुल, ईद व रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण त्योहार हैं। ऐसे में लोग लोकल बाजार से अपने जरूरत के समान खरीदे। ऑनलाइन से दूरी बनाएं। अभी देखा जा रहा हैं की ऑनलाइन से लोग अपने जरूरत के समान मंगा रहे हैं।

# मत्स्य पालन से बदल रही है लोगो की आर्थिक स्थिति

## कई समितियां कर रही है मत्स्य पालन, लोगों को मिल रहा है रोजगार

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** मत्स्य पालन को रोजगार का एक बेहतर माध्यम माना जाता है। लोगों के लिए कम पूंजी में इसे बेहतर रुप से करना आसान है। ऐसे में ग्रामीणों का झुकाव मत्स्य पालन की ओर बढ़ा है। इसी प्रकार से लोहरदगा जिले के भंडरा प्रखंड अब मत्स्य पालन के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। लोहरदगा जिला के भंडरा के चट्टी में केज व निजी तालाब में मत्स्य पालन कर स्थानीय निवासी पहलवान तिवारी एक अलग पहचान बना रहे हैं। मत्स्य पालक के रुप में इनकी क्षेत्र में एक अलग पहचान बन चुकी है। लोग इस काम में इनके साथ जुड़ने लगे हैं। मत्स्य पालन के परंपरागत तौर तरीकों को बदलकर जिंदगी की मुश्किलों को आसान बनाया है। चट्टी के पहलवान तिवारी महज 50 डिसमिल जमीन में नील क्रांति को बढ़ावा देने के


मत्स्य पालन का निरीक्षण करते अधिकारी

> जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता ने कहा कि जिला में मत्स्य पालन की अपार संभावनाएं है। मत्स्य विभाग का उद्देश्य किसानों को मत्स्य पालन को बढ़ावा देते हुए किसानों को आर्थिक रुप से सशक्त करना है।

साथ-साथ अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाया है। पहलवान तिवारी द्वारा चट्टी में नील क्रांति को बढ़ावा देने की गूंज क्षेत्र के कई गांव में भी है। इनकी मत्स्य पालन को देखने के लिए जिला मत्स्य पदाधिकारी मधु लता ने भी भ्रमण कर इनके कार्यों की सराहना की है। साथ ही मत्स्य पालन के क्षेत्र में हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है। इसी तरह भंडारा के नंदनी जलाशय में दो मत्स्य परजीवी समिति जनक व टूटू साहू द्वारा भी केज के माध्यम से मत्स्य पालन को अपना जीविकापार्जन का आधार बनाया गया है। जिसमें 110 सदस्य जुड़े है। इससे सभी सदस्यों को सलाना एक से डेढ़ लाख रुपए की आमदनी हो रही है।

इसके अलावे भंडरा प्रखंड में मत्स्य विभाग द्वारा 20 तालाब को निविदा के माध्यम से किसानों को दिया गया है। जिसमें 500 से अधिक किसान मत्स्य पालन से जुड़े है। मत्स्य परजीवी समिति भीठा के टूटू साहू व जनक साहू कहते है कि मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन को लेकर केज व अन्य सामग्री मुहैया कराया गया है। जिसमें मत्स्य परजीवी समिति द्वारा स्वयं के खर्चे से जीरा डाला जाता है। इससे किसानों की आर्थिक स्थिति में काफी बदलाव हुआ है। मत्स्य विभाग द्वारा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का समय-समय से लाभ दिया जाता है।

# पंचायत भवन में मनाया गया जन औषधि दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** प्रखंड के उदरंगी पंचायत भवन में शुक्रवार को जन औषधि दिवस मनाया गया। उदरंगी मुखिया परमेश्वर महली की अध्यक्षता में विशेष स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सहयोग से महिलाओं को निशुल्क सैनिटरी पैड स्थित अन्य दवाये वितरित किए गए। मौके पर ए एन


कार्यक्रम में मौजूद लोग

एम दीपिका कुमारी साहू ने बताया की यह पहल मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए की गई। साथ ही महिलाओं तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का प्रयास किया गया। जन औषधि केंद्र के ए एन एम आशा टोप्पो अन्य स्वास्थ्य कर्मी कार्यक्रम में मौजूद रहे। अधिकारियों ने प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत गुणवत्तापूर्ण दवाएं कम कीमत पर उपलब्ध कराई जाती हैं.सीएचसी दीपिका साहू ने कहा कि जन औषधि केंद्रों से मिलने वाली सस्ती दवाइयों से आम लोगों को राहत मिलती है।

### रमजान महीने का पहला जुम्मा अदा किया गया

**भंडरा।** रमजान महीने का पहला जुम्मा सभी मस्जिदों में अदा किया गया इस मौके पर मुस्लिम धर्म लंबियों के द्वारा रमजान महीने के पहले जुम्मा के अवसर पर क्षेत्र में सुख शांति अमन चैन की दुआ की गई। मौके पर भंडरा के बड़ी मस्जिद, छोटी मस्जिद, मसमानो , सोरदा, बांधटोली, बलसोता, उदरगी, टंगरा टोली, तेतरपोका, बड़ागाई सहित अन्य मस्जिदों में रमजान महीने का पहला जुम्मा अदा किया गया।

# होटल-रेस्टोरेंट और किराना दुकानों पर छापेमारी

## खाद्य सुरक्षा की बड़ी कार्रवाई, कई पर लगा जुमार्ना

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले मे होली के अवसर पर लोगों को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला खाद्य सुरक्षा विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी राजा कुमार की अगुवाई में शुक्रवार को जिले के विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट्स, मिठाई दुकानों और किराना स्टोर्स पर छापेमारी की गई। इस दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की स्थल जांच की गई और कई दुकानों से सैंपल लेकर उन्हें लैब टेस्ट के लिए भेजा गया। मौके पर रजनीश कुमार समेत जिला खाद्य सुरक्षा विभाग के अन्य कर्मी भी उपस्थित थे। छापेमारी के दौरान कई दुकानों में गड़बड़ियां पाई गईं, जिसके चलते कई प्रतिष्ठानों पर जुमार्ना लगाया गया और नोटिस जारी किए गए। राजलक्ष्मी स्वीट्स पर ?2,000 का जुमार्ना ठोका गया क्योंकि वहां खाद्य रंग (जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है) रखा गया था। राजलक्ष्मी किराना स्टोर पर ?100 का आर्थिक दंड लगाया गया। अरुण आइसक्रीम सेंटर से स्पष्टीकरण मांगा गया। मिशन चौक के एक पिज्जा दुकान


जांच करते अधिकारी

में बेहद गंदगी पाई गई, जिससे खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान कई घुमंतू किराना दुकानों पर पान मसाला की भी जांच की गई। अधिकारियों ने दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि वे किसी भी हालत में निकोटिन युक्त पान मसाले का विक्रय और भंडारण नहीं करेंगे। इसके अलावा, खाद्य सामग्रियों पर निर्माण तिथि (मैन्युफैक्चरिंग डेट) और समाप्ति तिथि (एक्सपायरी डेट) अनिवार्य रूप से अंकित करने का निर्देश दिया गया। फूड सेफ्टी ऑफिसर राजा कुमार ने होटल संचालकों को निर्देश दिया कि होटल के सभी स्टाफ को मेडिकल फिटनेस टेस्ट कराना अनिवार्य होगा। होटल में पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाएगी और सभी होटल संचालकों को फूड सेफ्टी संबंधी प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा। निरीक्षण के दौरान विभिन्न होटलों और दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर उन्हें लैब में जांच के लिए भेजा गया। होटल पर्ल से पनीर का सैंपल लिया गया, होटल रूद्राक्ष से तेल और रिफाइंड का सैंपल जांच के लिए भेजा गया, राजलक्ष्मी स्वीट्स और डाबला होटल से रसगुल्ला की गुणवत्ता की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने साफ तौर पर कहा कि इस तरह की अचानक छापेमारी आगे भी जारी रहेगी ताकि जनता को मिलावटी और हानिकारक खाद्य पदार्थों से बचाया जा सके। सभी होटल, मिठाई दुकानों और किराना दुकानों को स्वच्छता और गुणवत्ता मानकों का पालन करने की कड़ी हिदायत दी गई। इस अभियान से यह स्पष्ट हो गया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लोगों को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए किसी भी स्तर पर कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगा।

### पवित्र रमजान के पहले जुम्म की नमाज शहर के विभिन्न मस्जिदों में अदा की गई

**गुमला।** पवित्र रमजान के पहले जुम्म की नमाज शहर के विभिन्न मस्जिदों में अदा की गई। थाना रोड स्थित जामा मस्जिद में भारी संख्या में नमाजी इमाम मौलाना ऐनाम रब्बानी की इमामत में नमाज अदा किया। इस मौके पर ऐनाम रब्बानी ने सैकड़ो लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पवित्र रमजान के मौके पर जितना हो सके इबादत हम सब करें और कुरान की तिलावत गरीब, असहाय, यतीम, बेसहारा का दिल खोलकर मदद करें और अपने रब को राजी करें। सिर्फ भूखे प्यासे रहने का नाम नहीं है। रोजा हम अपने पार्क पालनहार के नाम पर रखते और हम सब अपनी जिंदगी प्यारे रसूल हजरत मोहम्मद साहब के बताए हुए रास्ते पर चलकर गुजराने की जरूरत है। तभी हम सब कामयाब हो सकते हैं। इसके अलावे शहर के विभिन्न मस्जिदों लगभग 12 स्थान में रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा की गई। जिला प्रशासन और नगर परिषद के पदाधिकारी से अपील किया है कि मस्जिद के आसपास गंदगी की साफ कराई जाए और पानी की सप्लाई रमजान के मौके पर भरपूर करें।

## एक नजर में

### स्वरोजगार से आत्मनिर्भरता की ओर: प्रियंका कुमारी की सफलता की कहानी

**गुमला।** जिले में संचालित उज्जना बिज्जना अभियान के तहत गुमला जिले के ग्राम टोटो की प्रियंका कुमारी जो पहले पारंपरिक तरीके से मिट्टी के बर्तन बनाने के कार्य में अपने परिवार की मदद नहीं कर पाती थी। आज मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड की सहायता से आत्मनिर्भर बन गई हैं। वर्ष 2023 में उसे 90 प्रतिशत अनुदानित दर पर इलेक्ट्रिक चाक और पगमिल प्राप्त हुआ। इससे पहले उनके परिवार में केवल बड़े-बुजुर्ग ही हाथ से चाक चलाकर मिट्टी के बर्तन बनाते थे। क्योंकि यह कार्य अधिक श्रमसाध्य था। लेकिन इलेक्ट्रिक चाक मिलने के बाद प्रियंका भी आसानी से विभिन्न प्रकार के मिट्टी के उत्पाद बना पा रही हैं। इस आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से न केवल उनके काम में सहूलियत हुई, बल्कि समय की भी बचत होने लगी। अब कम समय में अधिक उत्पाद तैयार हो रहे हैं। जिससे उनकी आमदनी में भी वृद्धि हुई है। प्रियंका की इस सफलता ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत किया और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**गुमला।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम में टास्क फोर्स की अहम भूमिका है। टास्क फोर्स के सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय रखकर कार्य किए जाने की जरूरत है तभी अवैध खनन पर रोकथाम संभव है। इसके साथ ही अवैध खनन पर रोकथाम हेतु विशेष रूप से रात्रि में अवैध परिवहन की जांच की जाए। उन्होंने अवैध रूप से चल रहे ईंट भट्ठों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने खनिज लदे वाहनों में परिवहन चालान एवं ओवर स्पीडिंग की जांच सख्ती से करने का निर्देश दिया साथ ही खनिज लदे वाहनों को ढंक कर परिचालन करने की बात कही। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि खनन पट्टा एवं क्रशर इकाईयों की नियमित जांच कर यह सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा बॉउंड्री पीलर, साइन बोर्ड एवं नियमित पानी का छिड़काव किया जा रहा है कि नहीं। साथ ही क्रशर को कवर करके ही रखा जाए। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यावरण संबंधी संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित रूप से निरीक्षण एवं छापेमारी की जाए। पुलिस अधीक्षक श्री शंभू कुमार सिंह ने जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध थाना प्रभारी को सक्रियता दिखाते हुए प्रशासनिक तालमेल के साथ छापेमारी करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### भाजपा विधायक दल के नेता बने बाबूलाल मरांडी, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**लोहरदगा।** झारखंड में भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में बाबूलाल मरांडी के चयन पर पूरे प्रदेश में हर्ष और उत्साह का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त जोश देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लोहरदगा भाजपा के सक्रिय सदस्य पवन तिग्गा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने रांची स्थित बाबूलाल मरांडी के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उन्हें विधायक दल के नेता बनने की बधाई दी। प्रतिनिधि मंडल में राजकुमार वर्मा, दीपक कुमार साहू, सत्यम कुमार, विकास अग्रवाल, राजकुमार पंडित सहित कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे, जिन्होंने अपने पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया। भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के अनुभव और कुशल नेतृत्व में झारखंड में पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी।

### छात्रा ने की आत्महत्या, जांच जारी

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा बगीचा टोली निवासी चारु उरांव के 18 वर्षीय पुत्री ऋतु कुमारी ने गुरुवार देर शाम आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया। परिजनों के अनुसार घटना के पूर्व घर के सभी सदस्य फसल की सिंचाई करने खेत चले गए थे। देर शाम जब लड़की की मां घर पहुंची तो देखा कि ऋतु ने आत्महत्या कर ली है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पूर्व पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है।

पेज 1 का शेष....

### चार्जशीटेड भ्रष्ट लोक सेवकों के खिलाफ कोर्ट ने लिया संज्ञान...

मिली जानकारी के अनुसार चार्जशीट में द्वितीय सिविल सेवा परीक्षा में भारी संख्या में गड़बड़ी के साक्ष्य मिले हैं। तत्कालीन जेपीएससी के सदस्य और कोऑर्डिनेटर के कहने पर 12 परीक्षार्थियों के नंबर बढ़ा दिये गये थे। कई अभ्यार्थियों की कॉपियों में कांट-छांट कर नंबर बढ़ाये गये और सफल उम्मीदवारों के इंटरव्यू में मिले वास्तविक नंबर को भी बढ़ाया गया। कॉपियों की जांच गुजरात स्थित फोरेंसिक लैब में कराई गई है।

**इन आरोपियों के खिलाफ समन जारी**

जेपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष दिलीप प्रसाद, तत्कालीन वरीय सदस्य गोपाल प्रसाद सिंह, सदस्य शांति देवी, सदस्य राधा गोविंद, परीक्षा नियंत्रक एलिस उषा रानी व असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर अरविंद सिंह, परीक्षकों में इंटरव्यू एक्सपर्ट प्रो नंदलाल, परीक्षक डॉ मुनींद्र कुमार तिवारी, रघुवीर सिंह तोमर, डॉ शिव बहादुर सिंह, प्रो ओंकारनाथ सिंह, डॉ सुधीर कुमार शुक्ला, प्रो अमरनाथ सिंह, डॉ दीनानाथ सिंह, डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ ओम प्रकाश सिंह, डॉ योगेद्र सिंह, डॉ मिथिलेश कुमार सिंह, डॉ रवि प्रकाश पांडेय, डॉ बंशीधर पांडे, दिवाकर लाल श्रीवास्तव, डॉ सियाराम सिंह यादव, प्रदीप कुमार पांडे, डॉ मधुसुदन मिश्रा, डॉ सभाजीत सिंह यादव, डॉ एसडी सिंह, डॉ अशोक कुमार सिंह, महेंद्र मोहन वर्मा, तुलसी नारायण मुंडा, कोऑर्डिनेटर परमानंद सिंह, अल्बर्ट टोप्पो, सोहन राम, परीक्षा एजेंसी के धीरज कुमार। अभ्यार्थियों में राधा प्रेम किशोर, बिनोद राम, हरि शंकर बराईक, हरिहर सिंह मुंडा, रवि कुमार कुजुर, मुकेश कुमार महतो, कुंदन कुमार सिंह, मौसमी नागेश, कानु राम नाग, प्रकाश कुमार, संगीता कुमारी, रजनीश कुमार, शिवेंद्र, संतोष कुमार चौधरी, शैलेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अमित कुमार, राहुल जी आनंद जी, इंद्रजीत सिंह, शिशिर कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, रामकृष्ण कुमार, प्रमोद राम, अरविंद कुमार, विकास कुमार पांडे, मनोज कुमार, सुदामा कुमार एवं कुमुद कुमार का नाम शामिल है।

# 25000 जन औषधि केंद्र खुलेंगे

स्पीड न्यूज

## प्रधानमंत्री मोदी 11 को जायेंगे मॉरीशस

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 एवं 12 मार्च को मॉरीशस के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लेंगे। मॉरीशस का राष्ट्रीय दिवस 12 मार्च को है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस समारोह में भारतीय सेना की एक टुकड़ी तथा भारतीय नौसेना का एक युद्धपोत भी शामिल होगा। प्रधानमंत्री ने पिछली बार 2015 में मॉरीशस की यात्रा की थी।

## सोनभद्र में एक करोड़ का गांजा बरामद

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के राबट्र्सगंज व चोपन थाना क्षेत्र में एसओजी व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने दो अलग अलग जगहों से छापेमारी कर ओड़िशा के कटक जिले से पंजाब ले जा रहे दो गाड़ियों से पांच क्विंटल 10 किग्रा गांजा बरामद किया गया है। बरामद गांजे का अनुमानित कीमत लगभग एक करोड़ पांच लाख रुपए है। एसपी अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार को बताया कि तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस की संयुक्त टीम ने दो जगहों पर घेराबंदी कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

## पूरी दिल्ली में खुलेंगे जन औषधि केंद्र : रेखा

नयी दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रार को जन औषधि दिवस के अवसर पर अशोक विहार स्थित जन औषधि केंद्र का दौरा कर कहा कि पूरी दिल्ली में जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। गुप्ता ने बताया कि आज जन औषधि दिवस के अवसर पर हमने दिल्ली में अशोक विहार में स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का दौरा कर व्यवस्था का जायजा लिया।

## जन औषधि का मंत्र दाम कम, दवाई में दम : मोदी

एजेंसी

▸▸ **प्रधानमंत्री ने मोटापे से निपटने के लिए खाद्य तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कमी लाने का फिर किया आह्वान**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को जन औषधि दिवस पर कहा कि केंद्र सरकार सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए देशभर में 25,000 जन औषधि केंद्र खोलेगी। प्रधानमंत्री ने सिलवासा में एक कार्यक्रम में केंद्रशासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन एवं दीव के लिए 2580 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के बाद सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज जन औषधि दिवस भी है। उन्होंने जन औषधि को सस्ते इलाज की गारंटी करार दिया। उन्होंने कहा कि जन औषधि का मंत्र दाम कम, दवाई में दम है। मोदी ने कहा कि हमारी सरकार अच्छे अस्पताल भी बनवा रही है, आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा भी दे रही है और जन औषधि केन्द्रों के जरिए सस्ती दवाएं भी दे रही है। आने वाले वर्षों में हम देशभर में 25,000 जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। अब तक सरकार ने 6,400 करोड़ रुपये से अधिक की सस्ती दवाइयाँ बेची हैं, जिससे लाभार्थियों को लगभग 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत होने का अनुमान है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों के मोटापे से ग्रसित होने पर चिंता जताई और खाद्य तेल की खपत में कटौती की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने एक रिपोर्ट का



हवाला देते हुए कहा कि 2050 तक 44 करोड़ भारतीय मोटापे से ग्रस्त होंगे। उन्होंने इसे चौंकाने वाला और खतरनाक आंकड़ा बताया। उन्होंने आगाह किया कि मोटापे के कारण हर तीसरा व्यक्ति गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो सकता है। मोदी ने मोटापे से निपटने के लिए खाद्य तेल की खपत में 10 प्रतिशत की कमी लाने का आह्वान दोहराया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो भविष्य में इससे बड़ी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होंगी। उन्होंने कहा, ह्लहम सभी को अपने खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कटौती करनी चाहिए। हमें हर महीने 10 प्रतिशत कम तेल में काम चलाने का प्रयास करना है। मोटापा कम करने की दिशा में ये एक बहुत बड़ा कदम होगा। इसके अलावा हम व्यायाम को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

उन्होंने कहा कि सिंगापुर कभी एक द्वीप था, जहां कुछ मछुआरे रहते थे, लेकिन अपने नागरिकों की कड़ी मेहनत के कारण यह बहुत कम समय में एक विकसित देश बन गया। इसी तरह दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव को भी बदल सकते हैं। मोदी ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश के लोग यह बदलाव ला सकते हैं और मैं इस प्रयास में उनके साथ खड़ा होने के लिए तैयार हूं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि प्रमुख विकास परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। दादरा और नगर हवेली, दमन-दीव हमारे लिए सिर्फ एक केंद्रशासित प्रदेश नहीं है, बल्कि हमारा गर्व और विरासत है। इसलिए हम इस प्रदेश को एक ऐसा मॉडल प्रदेश बना रहे हैं, जो अपने समग्र विकास के लिए जाना जाए। यह एक शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा कि दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव कई योजनाओं में सैचुरेशन की स्थिति में पहुंच गए हैं। जीवन के हर आयाम और हर जरूरत के लिए सरकार की योजना का लाभ हर लाभार्थी को मिल रहा है।

## अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा रोके बांग्लादेश : भारत

**नयी दिल्ली।** भारत ने बंगलादेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता जताई है तथा एक ऐसे स्थिर, शांतिपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील बांग्लादेश के प्रति समर्थन एवं विकास सहयोग बढ़ाने की इच्छा का इजहार किया है जिसमें हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनकी संपत्तियों एवं धार्मिक संस्थानों की रक्षा और हिंसक उन्मादियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित हो। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को नियमित ब्रीफिंग में बंगलादेश के बारे में पूछे गये सवालों के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि हम एक स्थिर, शांतिपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील बांग्लादेश का समर्थन करते हैं जिसमें सभी मुद्दों को लोकतांत्रिक तरीकों से और समावेशी और भागीदारी चुनाव आयोजित करके हल किया जाये। हिंसक चरमपंथियों की रिहाई से और अधिक बढ़ गए, जिन्हें गंभीर अपराधों के लिए सजा सुनाई गई थी।



मथुरा के बरसाना में शुक्रवार को रंगोत्सव का शुभारंभ करते यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ।

## पति जेल गए तो वाइफ को बना दिया मुख्यमंत्री

### राबड़ी देवी पर भड़के नीतीश




**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर सदन के अंदर लालू परिवार पर हमलावर हो गए। उन्होंने विधान परिषद के बजट सत्र की कार्यवाही के दौरान वे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की पत्नी एवं पूर्व सीएम राबड़ी देवी पर भड़क गए। नीतीश ने राबड़ी देवी की ओर इशारा करते हुए कहा कि इसके हसबैंड (लालू यादव) जेल गए तो, अपनी वाइफ को (मुख्यमंत्री) बना दिया। बिहार विधान परिषद की पहली पाली में शुक्रवार को प्रश्नकाल हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सदन में विपक्ष की नेता राबड़ी देवी भी मौजूद रहीं। आरजेडी की एमएलसी उर्मिला ठाकुर जब महिलाओं के मुद्दे पर सवाल कर रही थीं, नीतीश ने कहा कि हमने महिलाओं के लिए बहुत कुछ किया है। विपक्ष की ओर इशारा करते हुए वे बोले कि इनको कुछ मालूम भी है। इन लोगों ने आज तक तो महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया।

## तहव्वुर के प्रत्यार्पण का रास्ता साफ

### मुंबई हमले के आरोपी राणा की याचिका अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने की खारिज

**वॉशिंगटन।** मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपित तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है। भारत प्रत्यर्पण के फैसले पर रोक लगाने की उसकी मांग अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। तहव्वुर ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील कर कहा था कि उसे भारत प्रत्यर्पित न किया जाए। उसने इमरजेंसी स्टे की मांग करते हुए कहा था कि भारत भेजे जाने पर उसे टॉर्चर किया जा सकता है। वह मुस्लिम है और पाकिस्तानी मूल का है इसलिए उसे ज्यादा खतरा है। उसने अपने खराब स्वास्थ्य का भी हवाला देते हुए प्रत्यार्पण पर रोक की मांग की थी। पाकिस्तान मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा (64) को लॉस एंजिलिस के मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। वह 26/11 के मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकताओं में से एक पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकी डेविड कोलमैन हेडली का करीबी है। अमेरिका में उसे आतंकी संगठन लश?कर-ए-तैयबा के लिए काम करने का दोषी पाया गया और भारत लंबे समय से उसके प्रत्यर्पण की मांग कर रहा था। पिछले महीने व्हाइट हाउस में



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की थी कि तहव्वुर राणा को भारत भेजा जाएगा और वह भारत जाकर न्याय का सामना करेगा। इससे पहले जनवरी में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी, क्योंकि कोर्ट ने मामले में उसकी समीक्षा याचिका खारिज कर दी थी। 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकियों ने मुंबई में लगभग 60 घंटे तक चले हमले में 166 निर्दोष लोगों की जान ले ली थी। हमले के बाद आतंकी अजमल कसाब को जिंदा पकड़ लिया गया था। नवंबर 2012 में कसाब को पुणे की यरवदा जेल में फांसी दी गई थी।

